॥श्रीः॥

उड्डामेश्वरतन्त्रम्



CSUGCKL 1
Q
27838
Acc.No: 27838

अनुवादकः
उधव प्रसाद उत्तम
सम्पादकः
डॉ. नर्वदेश्वर तिवारी

CAT. No: 11887
HOLD ID: 19812
BOOK No: 1
LOCATION: 16-A-4

Rack

CAT NO - 11887
HOLD ID - 19812
BOOK NO - 1
LOCATION - 16-A-4

उड्डामरेश्वरतन्त्रम्

THRISSUR
KERALA 680 55
LIBRARY

अनुवादकः

उधव प्रसाद उत्तम

सम्पादकः

डॉ. नर्वदेश्वर तिवारी

पूर्वप्राचार्यः

श्रीसाधुबेलासंस्कृतमहाविद्यालयः

सकरकन्दगली, वाराणसी

RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN (DEEMED UNIVERSITY) UNDER MINISTRY OF H.R.D. GOVT. OF INDIA
ACCESSION NO. 27838
DATE 1/10/10

भारतीय विद्या प्रकाशन

वाराणसी (भारत) दिल्ली

इस पुस्तक का कोई भी भाग किसी भी रूप में या किसी भी अर्थ में प्रकाशक की अनुमति के बिना प्रकाशित नहीं किया जा सकता। सर्वाधिकार प्रकाशक के अधीन हैं।

प्रकाशक :

© भारतीय विद्या प्रकाशन

(1) 1, यू.बी. जवाहर नगर, बंग्लो रोड, दिल्ली-110007
फोन : 011-23851570, 23850944
मोबाईल : 09810910450

(2) पो.बा.नं. 1108 कचौड़ीगली, वाराणसी-221001
फोन : 0542-2392376
मोबाईल : 09415202477, 78
e-mail : bvpbooks@gmail.com

अन्य प्राप्तिस्थान :
भारतीय बुक कारपोरेशन
5824, न्यू चन्द्रावल, (शिव मंदिर के पास)
जवाहर नगर, दिल्ली-110007
फोन : 011-23851570
मोबाईल : 9968334546

ISBN : 978-81-217-0213-3

मूल्य : रु. 200.00

प्रथम संस्करण : 2008

मुद्रक:
आर.के.प्रिंट प्रोसेस
नवीन शाहदरा, दिल्ली

निवेदन

उड्डामरेश्वर तन्त्र तान्त्रिक साहित्य का अत्यन्त ही महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें सभी औषधि तन्त्र से सम्बन्धित क्रियायें हैं। औषधि तन्त्र तान्त्रिक साहित्य का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसमें अनेक तान्त्रिक ग्रन्थ प्राप्त होते हैं, जिनमें से उड्डामरेश्वर तन्त्र भी आता है। इसके अतिरिक्त आकाशभैरवकल्प, काकचण्डीश्वरकल्पतन्त्रम्, योगरत्नमाला, कामरत्नम्, उड्डीशतन्त्र, कक्षपुटतन्त्र, दत्तात्रेयतन्त्र, रसरत्नाकर, गौरीकाञ्चालिकातन्त्र आदि ग्रन्थ आते हैं। यह सभी ग्रन्थ इस समय प्रकाशित हैं और सुगमता से उपलब्ध हैं।

उड्डामरेश्वरतन्त्र एक क्रियात्मक ग्रन्थ है, इसमें किसी सिद्धान्त का प्रतिपादन नहीं किया गया है। इसमें यक्षिणी साधनाओं का नवें पटल में अत्यन्त ही विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है। ऐसा किसी अन्य ग्रन्थ में वर्णन या विवरण प्राप्त नहीं होता है। यह इसकी एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसमें तान्त्रिक षट्कर्मो का विस्तृत वर्णन मिलता है। ऐसा ही वर्णन कामरत्नम् एवं कक्षपुट् में मिलता है।

उड्डामरेश्वर तन्त्र शैव एवं शाक्त सम्प्रदाय का ग्रन्थ प्रतीत होता है। कुछ स्थान बौद्ध धर्म के वज्रयान सम्प्रदाय का भी सङ्केत करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें गणेश के मन्त्रों का भी वर्णन प्राप्त होता है।

इस प्रकार इस ग्रन्थ में समस्त लोक कल्याणकारी क्रियाओं का वर्णन किया गया है। इस तन्त्र का हिन्दी अनुवाद मैंने अपनी क्षमता के अनुसार यथा सम्भव शुद्धतापूर्वक किया है। इसका अन्तिम पन्द्रहवां पटल अत्यन्त ही अस्पष्ट एवं भ्रामक है, प्रयोग भी अपूर्ण एवं अस्पष्ट है इसलिए मैंने इसका अनुवाद नहीं किया है। केवल मूल मात्र संस्कृत में लिखा है। पाठकगण इस त्रुटि को क्षमा करेंगे।

निवेदक

ऊधव प्रसाद उत्तम

विषयानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठम्
प्रथमः पटलः	
शिवपार्वतीसंवादः	९
तन्त्रविषयाः	११
भूतावेशकरणम्	१३
स्वस्थीकरणम्	१४
ज्वरकरणम्	१४
स्वस्थीकरणम्	१५
उच्चाटनप्रयोगः	१५
विद्वेषणम्	१६
मारणप्रयोगः	१७
असिधाराङ्गदालेपः	१९
द्वितीयः पटलः	
जलस्तम्भनप्रयोगः	२१
लूताकरणम्	२२
लूताकरणम्	२३
सस्यविनाशनम्	२४
ग्रामोच्चाटनम्	२४
स्वस्थीकरणम्	२५
कुल्वीकरणम्	२५
स्वस्थीकरणम्	२६
उन्मत्तीकरणप्रयोगः	२६
स्वस्थीकरणम्	२७
अन्धीकरणप्रयोगः	२७
कुष्ठीकरणम्	२७
कुष्ठशमनप्रयोगः	२८
वशीकरणम्	२९
विषहरणप्रयोगः	३०
रात्रिदर्शनाञ्जनसिद्धिप्रयोगः	३१
पिशाचीकरणम्	३२
तृतीयः पटलः	
उचाटनम्	३३
भूतवादविधानम्	३३
स्वस्थीकरणम्	३४
चतुर्थः पटलः	
भूतवादसिद्धिविधानम्	३५
सुवर्णलाभप्रयोगः	३५
सर्वजनस्तम्भनप्रयोगः	३५
कवित्वप्राप्तियोगः	३५
पुनःकवित्वप्राप्तियोगः	३६
पञ्चमः पटलः	
सम्मोहनम्	३६
भगसङ्कोचेन पतिवशीकरणम्	३७
लिङ्गलेपेन नारीवशीकरणम्	३८
गजहस्तप्रयोगः	३८
भगेऽरन्ध्रयोगः	३८
रमणीवशीकरणप्रयोगः	३९
पतिवशीकरणप्रयोगः	३९
स्त्रीवशीकरणप्रयोगः	३९
षष्ठः पटलः	
दुर्लभयोगाः (सिद्धिप्रदागुटिकाप्रयोगः)	४०
शरीरज्ञानयोगः	४०
सप्तमः पटलः	
औषधीकरणम्	४३
उत्पाटनविधिः	४३
तत्खननमन्त्रः	४३
अष्टमः पटलः	
गर्भधारणविधानम्	४६
विधिरत्रोच्यते	४७
गर्भधारणे प्रथमोपायः	४९
गर्भधारणे द्वितीयोपायः	४९
गर्भधारणे तृतीयोपायः	४९
विशिष्टभोजनप्राप्तिमन्त्रः	५०

विषयानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठम्	विषयः	पृष्ठम्
शशकादीनां मुखबन्धनम्	५०	वशीकरणम्	६५
मन्त्राणाशत्रुमित्रोदासीनलक्षणम्	५०	यक्षिणीमन्त्र-साधनम्	६५
निर्व्याधियोगः	५१	सुरसुन्दरी-साधनम्	६५
मयूरशिखायोगः	५१	मनोहारिणी-साधनम्	६६
सिद्धिगुटिकायोगः	५२	कनकावती-साधनम्	६७
आहारयोगः	५२	कामेश्वरी-साधनम्	६७
गर्भधारणयोगः	५३	रतिप्रिया-साधनम्	६८
नवमः पटलः		पद्मिनी-साधनम्	६८
विषनाशकौषधिः	५४	नटी-साधनम्	६९
वातरोगविनाशः	५४	अनुरागिणी-साधनम्	६९
वशीकरणम्	५५	षट्त्रिंशद्यक्षिण्यः	७०
स्त्रीवशीकरणम्	५५	विचित्रा-साधनम्	७१
गुञ्जाकल्पे कामवाणतिलकम्	५६	विभ्रमा-साधनम्	७१
वशीकरणतिलकम्	५६	हंसी-साधनम्	७२
तिलकविधिः	५७	भीषणी-साधनम्	७२
वशीकरणाञ्जनविधिः	५८	जनरंजिनी-साधनम्	७२
चूर्णविधिः	५८	विशाला-साधनम्	७३
भक्षणविधिः	५९	मदना-साधनम्	७३
सर्वकामिकतिलकम्-	५९	घण्टा-साधनम्	७३
महिषेण वधयोगः	६०	कालकर्णी-साधनम्	७३
शत्रुभ्रमणयोगः-	६०	महाभया-साधनम्	७३
सर्वसिद्धिरसिद्धिकरणयोगः	६०	माहेन्द्री-साधनम्	७५
योषिदाकर्षणमन्त्रः	६१	शंखिनी-साधनम्	७५
त्रैलोक्यस्तम्भनमन्त्रः	६१	श्मशाना-साधनम्	७५
ज्वरग्रस्तीकरणम्	६२	वटयक्षिणी-साधनम्	७६
ज्वरविमोचनम्	६२	मदनमेखला-साधनम्	७६
ज्वरहरणम्	६२	विकला-साधनम्	७६
अदृश्यकरणम्	६३	लक्ष्मी-साधनम्	७७
डाकिनीदमनम्	६३	मालिनी-साधनम्	७७
डाकिनीबन्धनम्	६४	शतपत्रिका-साधनम्	७७
ज्वरावेशम्	६४	सुलोचना-साधनम्	७८
आकर्षणम्	६४	शोभना-साधनम्	७८
कामिनीवशीकरणम्	६४	कपालिनी-साधनम्	७८
पुरुषवशीकरणम्	६४	विशालिनी-साधनम्	७९
सर्वप्रियमन्त्रः	६५	नटी-साधनम्	७९

विषयानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठम्
कामेश्वरी-साधनम्	८०
मनोहरा-साधनम्	८०
प्रमोदा-साधनम्	८१
अनुरागिणी-साधनम्	८१
नखकेशिका-साधनम्	८२
भामिनी-साधनम्	८२
पद्मिनी-साधनम्	८३
स्वर्णावती-साधनम्	८३
रतिप्रिया-साधनम्	८३
दशमः पटलः	
चेटक-साधनम्	८५
मृतकोत्थापन-चेटकः	८५
आकर्षण-चेटकः	८५
मणिभद्र-चेटकः	८६
स्वप्नसिद्धि-चेटकः	८६
सागर-चेटकः	८६
रञ्जक-चेटकः	८७
अदृश्यकारिणीविद्या	८७
नृसिंह-चेटकः	८७
अनिद्राकर्षणम्	८८
एकादशः पटलः	
दिग्बन्धन-मन्त्रः	८९
योनिसङ्कोचनम्	८९
लिङ्गवर्धनम्	८९
वीर्यस्तम्भनप्रयोगः	९०
प्रमदाकर्षणम्	९०
वशीकरणाञ्जनम्	९१
द्वादशः पटलः	
नृसिंह-मन्त्रः	९२
शिवपार्वती संवादे तन्त्रविषयाः	९२
गणपति-सिद्धि-मन्त्रः	९४
वाक्सिद्धि-प्रयोगः	९५
त्रिदशाङ्गनाकर्षण-मन्त्र-प्रयोगः	९६
कामिन्याकर्षणमन्त्रः	९६
मनोरथ-प्राप्ति-मन्त्र-प्रयोगः	९७
जलस्तम्भन-मन्त्र-प्रयोगः	९७
ज्वराभिभूत-मन्त्र-प्रयोगः	९८
ज्वरनाशन-मन्त्र-प्रयोगः	९८
सर्वदलन-मन्त्र-प्रयोगः	९८
ग्रहारिष्ट-नाशन-मन्त्रः	९८
बलीपलितनाशन-मन्त्रः	९९
इच्छित-लाभ-मन्त्रः	९९
मेघस्तम्भनमन्त्रः	९९
कुमारपूजन -मन्त्र-प्रयोगः	१००
ग्रामप्राप्तिमन्त्रः	१००
कामप्रदो मन्त्रः	१००
कामदमन्त्रः	१०१
सर्वस्त्रीभाजनमन्त्रः	१०१
सैन्यस्तम्भन -मन्त्र-प्रयोगः	१०१
वातादिविकारनाशकमन्त्रः	१०२
इच्छितफलप्राप्तिमन्त्रः	१०२
नष्टवित्तलाभमन्त्रः	१०२
वृश्चिकमन्त्रः	१०२
सर्वविषापहरणमन्त्रः	१०३
विषहरणमन्त्रः	१०३
विघ्नहरणज्वरविलोपनमन्त्रः	१०३
त्रयोदशः पटलः	
भोजनप्राप्तिमन्त्रः	१०४
स्त्रीपुरुषयोरभिषेकविधानम्	१०४
निपातीकरणमन्त्रः	१०६
वृष्टिकारकमन्त्रः	१०६
सर्वकालिकफलप्राप्तिमन्त्रः	१०७
महेन्द्रज्वरावेशमन्त्रः	१०७
ज्वरग्रहणमन्त्रः	१०७
वृष्टिकारकमन्त्रः	१०८
जनपदवशीकरणमन्त्रः	१०८
रोगशान्तिमन्त्रः	१०८
राज्ञीवशीकरणमन्त्रः	१०८

विषयानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठम्
कर्मसिद्धिमन्त्रः	१०९
विविधलाभमन्त्रः	१०९
उन्मत्तीकरणमन्त्रः	१०९
विधि कार्यसिद्धिमन्त्रः	११०
चतुर्दशः पटलः	
योषिद्वशीकारमन्त्रः	११३
शत्रुनाशमन्त्रः	११३
कङ्कालीवरदानमन्त्रः	११३
आकर्षणमन्त्रः	११३
खड्गभेदमन्त्रः	११४
सर्वसञ्जीवनीमन्त्रः	११४
सर्वजनवशीकरणमन्त्रः	११४
विद्याधरत्वप्राप्तमन्त्रः	११५
पादुकासिद्धिमन्त्रः	११५
वेतालसिद्धिमन्त्रः	११५
अदृश्यकरणाञ्जनसिद्धिमन्त्रः	११५
शङ्खिनीविद्यामन्त्रः	११६
पुष्पाञ्जलिवेधमन्त्रः	११६
हुंकारवेधमन्त्रः	११६
आलयवेधमन्त्रः	११६
शिवावेधमन्त्रः	११६
भ्रामरावर्त्तसङ्घट्ट वेधमन्त्रः	११७
मारणमन्त्रः	११७
शत्रुवशङ्करीमहाविद्या	११७
विषनासनमन्त्रः	११७
उच्चाटनप्रयोगः	११८
कवित्वप्राप्तिप्रयोगः	११८
कवित्वमन्त्रः	११८
कवित्वप्रदोमन्त्रः	११८
वाणीस्तम्भेनमन्त्रः	११८
वाक्स्तम्भिनीविद्या	११९
आलोकवेधमन्त्रः	११९
सर्ववेधमन्त्रः	११९
विस्फोटकसञ्जीवनीविद्या	११९
सर्वभूतमारणमन्त्रः	१२०
सर्वशान्तिकरीविद्या	१२०
कूटोत्सादमन्त्रः	१२०
शत्रुनिपातीकरणमन्त्रः	१२०
त्रैलोक्यविजयाविद्या	१२१
कर्णपिशाचिनीविधानम्	१२१
समस्तविषनाशनमन्त्रः	१२१
आकर्षणमन्त्रः	१२२
कूटोत्सादनमन्त्रः	१२२
देहनिपातनमन्त्रः	१२२
वशीकरणमन्त्रः	१२३
वशीकाराकर्षणमन्त्रः	१२३
अन्धीकरणमन्त्रः	१२३
प्रेतकरणमन्त्रः	१२४
कन्यालाभमन्त्रः	१२४
पञ्चदशः पटलः	
सर्पोच्चाटनयन्त्रम्	१२५
शुभीकरणयोगः	१२५
करवीरोत्पत्तियोगः	१२६
क्षीरसम्पादनयोगः	१२६
वार्ताकपाकयोगः	१२७
चौरज्ञानयोगः	१२७
मसीकरणयोगः	१२७
विविधकौतुकयोगः	१२८
लक्ष्यवेधयोगः	१२८
सर्पदर्शनयोगः	१२९
जलज्वलनयोगः	१२९
कलशरिक्तीकरणयोगः	१२९
नमेरुफलोत्पत्तियोगः	१२९
अदृष्टिकरणयोगः	१२९
कीटोत्पत्तियोगः	१२९
कृषिनाशनयोगः	१२९
विविधकुतूहलयोगः	१३०

।। श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः ।।

।। श्रीगणेशाय नमः ।।

उड्डामरेश्वरतन्त्रम्

****

प्रथमः पटलः

शिवपार्वती संवादः

उड्डीशेन समाकीर्णा योगिवृन्दसमाकुला।
प्रणम्य शिरसा देवी गौरी पृच्छति शङ्करम्।। १।।

भगवान उड्डीश (शिव) के समकक्ष बैठी हुई योगियों के समूह से घिरी हुई देवी गौरी, शिर से प्रणाम करती हुई भगवान शंकर से पूछ रही हैं।।१।।

ईश्वर ! श्रोतुमिच्छामि लोकनाथ ! जगत्प्रभो !।
प्रसादं कुरु देवेश ! बूहि धर्मार्थसाधनम्।। २।।

हे ईश्वर ! लोकनाथ ! हे जगत् के स्वामी ! मेरी सुनने की इच्छा है अतः हे देवेश ! मुझ पर प्रसन्न हों और धर्म तथा अर्थ के साधन का वर्णन करें।।२।।

वशीकरणमुच्चाटं मोहनं स्तम्भनं तथा।
शान्तिकं पौष्टिकं वाऽथ करणानि बहूनि च।। ३।।

वशीकरण (संसार के प्राणियों को वश में करना) उच्चाटन (प्राणियों को उनके उद्देश्य से विलग कर देना) मोहन (संसार को मोहित करना) स्तम्भन (चराचर की गति को रोक देना) शान्ति कर्म (रोग तथा ग्रह आदि की शान्ति) पुष्टिकर्म (मानव शरीरादि की पुष्टि) तथा अन्य बहुत से कार्यों का वर्णन करने की कृपा करें।।३।।

चक्षुर्हानिं महेशान ! श्रुतिहानिं तथैव च।
ज्ञानहानिं क्रियाहानिं कीलकञ्च तथापरम्।। ४।।

हे महेश ! चक्षुहानि (दृष्टि का नाश) श्रुति हानि (श्रवण शक्ति का

नाश) ज्ञान हानि (बुद्धि का नाश) क्रियाहानि (कार्य का नाश) तथा कीलन (गृह तथा सर्पों आदि का कीलन) और अन्य दूसरे कार्य।।४।।

कार्यस्तम्भं सुरेशान ! शोषणं पूरणं तथा।
मन्त्रध्यानं विशेषेण तत्सर्वं वद मे प्रभो।।५।।

हे सुरेश ! कार्य स्तम्भन (कार्य की गति को रोक देना) शोषण (किसी वृक्ष व जलाशय आदि का सुखाना) पूरण अर्थात् पूर्ण करना तथा विशेष रूप से मन्त्र और उनके ध्यान आदि सभी विषयों का वर्णन करने की कृपा करें।।५।।

अन्यच्च विविधं कार्यं प्रसादाद् ब्रूहि भैरव !।
यस्य विज्ञानमात्रेण मनुष्यो भुवि दुर्लभः।।६।।

हे भैरव ! इन सभी कार्यों के अतिरिक्त अन्य, 'तन्त्र साधना के विविध कार्य जो हैं उनका भी प्रसन्नता पूर्वक कथन करें। जिनके विशेष ज्ञान मात्र से मानव इस भूलोक में दुर्लभ कहा जाता है।।६।।

शृणु त्वं हि वरारोहे ! सिद्धबयर्थं यदि पृच्छसि।
तद् वदिष्यामि ते देवि तत्सर्वं समुदाहृतम्।।७।।

भगवान शंकर बोले– हे गौरी ! यदि सिद्धियों की प्राप्ति हेतु सब पूछ रही हो तो सुनो, मैं सब कुछ उदाहरण सहित बताऊँगा।।६।।

औषधैर्मन्त्रजापैश्च रिपुं हन्यान्न संशयः।
उड्डीशात् सारमाकृष्य मयोक्तं तव भक्तितः।।८।।

तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न मैं उड्डीश तन्त्र के सारतत्त्व को निकालकर कह रहा हूँ। जिसके द्वारा औषधि-प्रयोग एवं मन्त्र-जप से निःसंदेह ही शत्रु को मारा जा सकता है।।८।।

उड्डीशं च नमस्कृत्य रुद्रं चैव सुदुर्लभम्।
कपर्दिनं विरूपाक्षं सर्वभूतभयापहम्।।९।।

अति दुर्लभ उड्डीश (शिव) रुद्र (शिव) कपर्दी (शिव) विरूपाक्ष (शिव) और सभी प्राणियों के भय का हरण करने वाले (शिव) को नमस्कार करके.....।।९।।

वक्ष्ये रुद्रोद्भवान् योगान् सर्वशत्रुविनाशकान्।
तैस्तु प्रयोजितैः सद्यः प्राणान् हन्ति न संशयः।।१०।।

भगवान रुद्र से उत्पन्न सभी शत्रु विनाशक योगों का प्रायोजन करना

चाहिए। इस प्रकार प्रयोग करने से शीघ्र ही शत्रु के प्राणों का हरण होता है इसमें कोई संशय नहीं है।

अथ तन्त्रविषयाः–

प्रथमं भूतकरणं द्वितीयोन्मादनं तथा।
तृतीयं द्वेषणं चाऽत्र तुर्यमुच्चाटनं तथा।।११।।

तन्त्र विषय– प्रथम-भूत-प्रेत आदि का मनुष्य में आवेश करना, द्वितीय-उन्माद करना, तृतीय-विद्वेषण (झगड़ा) करना, चतुर्थ- उच्चाटन (मनुष्य को उसके उद्देश्य से विमुख करना) तथा.....।।११।।

ग्रामोच्चाटं पञ्चमं च जलस्तम्भं च षष्ठकम्।
वह्नेः स्तम्भकरं चाथ वशीकरणमुत्तमम्।।१२।।

पञ्चम-ग्राम का उच्चाटन और षष्ठम-जलस्तम्भन (निरोध) इसी प्रकार अग्नि का स्तम्भन और उत्तम वशीकरण आदि।।१२।।

अन्यानपि प्रयोगांश्च बहून् शृणु वरानने।
शिवेन कथिता योगा उड्डीशे शास्त्रनिश्चये।।१३।।

इनके अतिरिक्त अन्य बहुत से प्रयोगों को हे वरानने ! तुम श्रवण करो। इन प्रयोगों को भगवान शिव ने उड्डीश (उड्डामरेश्वर) नामक शास्त्र में निश्चित किये हैं।।१३।।

अन्धी-मूकीकरणं च वधिरीकरणं तथा।
भूतज्वरस्य करणमस्त्रशस्त्रस्य दूषणम्।।१४।।

किसी को अन्धा करना, मूक बनाना तथा बहरा करना, भूतज्वर उत्पन्न करना और अस्त्र-शस्त्र को दूषित कर देना अर्थात् स्तम्भित कर देना आदि।।१४।।

जलदोषप्रशमनं दधिमधुविनाशनम्।
विनाशं मत्तकरणं गजवाजिप्रकोपनम्।।१५।।

जल के दोष को दूर करना, दही मधु (मदिरा) आदि को बिगाड़ देना (विनाश कर देना) हाथी, घोड़ों आदि को मदमस्त कर देना, उनको प्रकोपित कर देना तथा नष्ट कर देना आदि।।१५।।

आकर्षणं भुजङ्गानां मानवानां तथा ध्रुवम्।
वह्नेर्विनाशनं कुर्यात् पर्णानां हि विनाशनम्।।१६।।

सर्पों तथा मनुष्यों को निश्चय ही आकर्षित करना, अग्नि तथा वृक्षों की पत्तियों का विनाश करना।।१६।।

गर्दभस्यात्मकरणं परकायप्रवेशनम्।
वेतालपादुकासिद्धिमुल्वकाज्ज्वलनं तथा।।१७।।

गधे का आत्मकरण (किसी के शरीर में गधे की आत्मा का प्रवेश कराना) पराये शरीर में दूसरे की आत्मा का प्रवेश कराना, वेताल, पादुका (खड़ाऊँ) सिद्धि, स्वतः मशाल जलाना आदि।।१७।।

अन्यान्यबहुयोगांश्च रौद्रान् रोमप्रहर्षणान्।
विद्यामन्त्रप्रयोगादीन् औषधांश्चाभिचारिकान्।।१८।।

अन्य बहुत से रौद्र प्रयोग तथा रोमाञ्चित कर देने वाले प्रयोगों का मैं वर्णन करुँगा। अनेक विद्यायें तथा मन्त्रों के प्रयोग आदि तथा अभिचारिक (षट्कर्म) कार्यों में प्रयुक्त होने वाली औषधियों का भी वर्णन करुँगा।।१८।।

गुप्तागुप्ततराः कार्या रक्षितव्याः प्रयत्नतः।
उड्डीशं यो न जानाति स रुष्टः किं करिष्यति।।१९।।

जिस तरह गुप्त कार्यों को गुप्त रखते हैं उसी प्रकार औषधियों को गुप्त रखना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। उड्डीश तन्त्र को जो नहीं जानता वह अप्रसन्न होकर क्या करेगा? अर्थात् उसकी सामर्थ्य नगण्य है।।१९।।

सुमेरुं चालयेत्स्थानात्सागरैः प्लावयेन्महीम्।
सूर्यं च पातयेद् भूमौ नेदं मिथ्या भविष्यति।।२०।।

(उड्डीश तन्त्र को जानने वाला साधक) सुमेरु पर्वत को चलायमान कर सकता है। सागर के द्वारा पृथ्वी को डुबो (प्लावित कर) सकता है। सूर्य को भूमि पर गिरा सकता है। इसमें कुछ भी मिथ्या नहीं है।।२०।।

यथैवैन्द्रस्य वज्रं च पाशं हि वरुणस्य च।
यमस्य च यथा दण्डं कुबेरस्य गदा यथा।।२१।।

जिस प्रकार इन्द्र का वज्र, वरुण का पाश, यम का दण्ड और कुबेर की गदा।।२१।।

वह्नेः शक्तिर्यथा प्रोक्ता खड्गस्तु निर्ऋतेर्यथा।
यथा वायोश्चांकुशं हि त्रिशूलं शूलपाणिनः।।२२।।

स्कन्दस्य च यथा शक्तिर्विष्णोश्चक्रं सुदर्शनम्।
तथैते च महायोगाः प्रयुक्ताः शत्रुमारणे।।२३।।

अग्नि की शक्ति, नैर्ऋत्य का खड्ग, वायु का अंकुश और शंकर का त्रिशूल, स्कन्द की शक्ति और भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र शत्रु हन्ता है उसी प्रकार ये तान्त्रिक प्रयोग भी शत्रु घाती हैं।।२२-२३।।

अनिवृत्ते निवर्तन्ते अमोघा नात्र संशयः।
सन्तुष्टेन प्रयुक्तेन सिद्धयन्ति सुविचारतः।।२४।।

ये प्रयोग अमोघ हैं। इसमें कोई संशय नहीं है किन्तु अविश्वास पूर्वक किये गये प्रयोग फल प्रद नहीं होते। स्वच्छ विचार से संतुष्टतापूर्वक विश्वास के साथ किये गये महायोग अवश्य सिद्धि प्रदान करते हैं।।२४।।

रतीनां करणं वक्ष्ये शत्रुसाधनमुत्तमम्।
येनैव कृतमात्रेण भूतो गृह्णाति मानवम्।।२५।।

रति करण (मैथुन) तथा उत्तम शत्रु-साधन अर्थात् मारण, उच्चाटन वशीकरण आदि के द्वारा शत्रु को अनुकूल करने की क्रिया को भी मैं कहूँगा। ऐसे प्रयोग को भी कहूँगा जिसके करने मात्र से मनुष्य को भूत ग्रहण कर लेते हैं।।२५।।

अथ भूतावेशकरणम्-

निम्बकाष्ठं समादाय चतुरंगुलमानतः।
शत्रुविष्ठासमालिप्तं तथा नाम समालिखेत्।।२६।।
चिताङ्गारेण तन्नाम्ना धूपं दद्यान्महेश्वरि।
चितान्तः संस्थितो भूत्वा यस्य गात्रमुदाहरेत्।।२७।।
कृष्णाष्टम्यां चतुर्दश्यामष्टोत्तरशतं जपेत्।
भूतो गृह्णाति तं शीघ्रं मन्त्रेणानेन मन्त्रितः।।२८।।

अथ मन्त्रः- ॐ नमो भगवते सर्वभूताधिपतये विरूपाक्षाय नित्यं क्रूराय दंष्ट्रिणे विकरालिने ग्रहयक्षभूतवेतालेन सह शंकर मनुष्यं दह दह पच पच गृहाण गृहाण गृह्णापय-गृह्णापय हुं फट् स्वाहा।। इति मंत्रः।।

शत्रु पर भूतावेश प्रयोग- चार अंगुल नाप की नीम की लकड़ी लेकर उसमें चिता के कोयले से शत्रु का नाम लिखे और उस लकड़ी को शत्रु

की विष्ठा से लिप्त करके, उपरोक्त मंत्र से उसे अभिमन्त्रित करते हुए चिता के अंगारो से धूपित करे पुनः चिता के मध्य में रखकर शत्रु के नाम को पढ़ते हुए कृष्ण पक्ष की अष्टमी से लेकर चतुर्दशी तक नित्य उसी क्रिया को करता जाय। १०८ बार उक्त मन्त्र का जाप करें तो शीघ्र ही मन्त्र से अभिमन्त्रित योग शत्रु को भूतावेशित कर देता है।।२६-२८।।

अथ स्वस्थीकरणम्–

प्रत्यानयं यदीच्छेत तस्यैषा क्रियते किया।
दापयेद् देवमीशानं घृतेन वचया सह।।२९।।
गुग्गुलं प्रददेद् धूपं घृतमिश्रं समन्ततः।
मन्त्रेण मन्त्रयित्वा तु ततः स्वास्थ्यं भवेत्किल।।३०।।

अथ मन्त्रः– ॐ नमः शिवाय शान्ताय प्रभाय मुक्ताय देवाधिदेवाय शुभ्रबाहवे व्याधिं शमय शमय अमुकः स्वस्थो भवतु नमोऽस्तुते।। इति मन्त्रः।।

शत्रु का भूतावेश दूर करना– यदि शत्रु के भूतावेश का प्रत्यानयन करना हो तो इस प्रकार क्रिया करनी चाहिए। प्रथम देवाधिदेव भगवान शिव को घृतमिश्रित वच का धूप देना चाहिए इसके बाद उपरोक्त मंत्र से अभिमन्त्रित गुग्गुल और घृत को मिश्रित करके भूतावेशित व्यक्ति के चारों ओर धूप देना चाहिए। ऐसा करने से निश्चय ही स्वस्थ्य लाभ होता है।। अमुकः के स्थान पर भूतावेशित व्यक्ति का नाम लेना चाहिए।।२९-३०।।

अथ ज्वरकरणम्–

अथान्यत् संप्रवक्ष्यामि प्रयोगं भुवि दुर्लभम्।
येनैव कृतमात्रेण ज्वरो गृह्णाति मानवम्।।३१।।

अब पृथ्वी पर दुर्लभ अन्य प्रयोग को मैं कह रहा हूँ जिसके करने मात्र से मनुष्य ज्वरग्रस्त हो जाता है।।३१।।

निम्बकाष्ठाकृतिं कृत्वा चतुरंगुलमानतः।
तस्या हृदि विषोन्मत्तराजिकालवणैस्तथा।।३२।।
संलिख्य वा कृतिं नाम पाच्यमानां ततः परम्।
ततस्तु शत्रुनाम्ना च अष्टोत्तरशतं जपेत्।
ततः स प्रहरोर्धन भूतज्वरेण गृह्यते।

अथ मन्त्रः– ॐ वकीमुखा चामुण्डा अमुकस्य क्षीरमांसशोणितभोजिनी अमुकं खः खः ज्वरेण गृहाण-गृहाण गृह्णापय गृह्णापय हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

ज्वर ग्रस्त करना– चार अंगुल मान की नीम की लकड़ी की आकृति बनाकर (शत्रु की आकृति) उसके हृदय में विष, धत्तूर, राई तथा सेधा नमक से शत्रु का नाम लिखकर पुतले को अग्नि में तपावें और उसं पुतले को मन्त्र से १०८ बार पढकर अभिमंत्रित करें। मंत्र में अमुक के स्थान पर शत्रु का नाम उसी वचन और विभक्ति में लेना चाहिए। ऐसा करने से शत्रु आधे प्रहर में ही भूत ज्वर से ग्रसित हो जाता है।।३२-३३।।

अथ स्वस्थीकरणम्–

प्रत्यानयं यदीच्छेत तस्यैषा क्रियते क्रिया।।३४।।
नामाक्षरैः पयोभिश्च स्नानात् स्वस्थो भवेदिति।

स्वस्थीकरण– यदि उक्त प्रयोग का प्रत्यानयन करना चाहे तो इस प्रकार क्रिया करनी चाहिए। शत्रु के नाम के अक्षरों को कागज पर अंकित करके गाय के दूध से स्नान करावें तो शत्रु स्वस्थ हो जाता है।।३४।।

अथ उच्चाटनप्रयोगः–

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्यामि प्रयोगं भुवि दुर्लभम्।।३५।।
येन विज्ञानमात्रेण शत्रोरुच्चाटनं भवेत्।

उच्चाटन प्रयोग– अब एक अन्य प्रयोग का वर्णन कर रहा हूँ जो पृथ्वी पर दुर्लभ है। जिसके समुचित ज्ञान मात्र से शत्रु का उच्चाटन हो जाता है।।३५।।

ब्रह्मदण्डी चिताभस्म गोमयस्य तथैव च।।३६।।
क्षारञ्चापि समादाय काकाजङ्घासमन्वितम्।
क्षिपेच्छिरसि शत्रूणां तूर्णमुच्चाटयेद्रिपुम्।।३७।।

ब्रह्मदण्डी, चिताभस्म, गोबर का क्षार लेकर काकजंधा में मिलायें। इस संघटन को शत्रु के सिर पर डालने से शत्रु का उच्चाटन शीघ्र हो जाता है।

ततः संस्नापयेदेनं गोक्षीरेण समन्वितम्।
मुण्डनं चाथ केशानां ततः स्वस्थो भवेद् ध्रुवम्।।३८।।

शत्रु को गाय के दूध को जल में डालकर स्नान करायें तथा बालों (केशों) का मुण्डन कराने पर वह स्वस्थ हो जाता है।।३८।।

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्यामि शत्रोरुच्चाटनं वरम्।
धूपं निर्भेदकं नाम स्वयं रुद्रेण भाषितम्।।३९।।

अब एक अन्य प्रयोग का कथन कर रहा हूँ जो शत्रु उच्चाटन के लिए श्रेष्ठ है जिसे स्वयं रुद्र ने 'निर्भेदक धूप' के रूप में भाषित किया है।।३९।।

ब्रह्मदण्डी समूला च काकजङ्घासमन्विता।
निर्मोकं सर्पराजस्य धूपमुच्चाटयेद् रिपुम्।।४०।।

जड़ सहित ब्रह्मदण्डी और काक जंघा का मिलाकर सर्प के केंचुल के साथ इसका मिश्रण तैयार करें इसके पश्चात् इस मिश्रण को धूप देने से शत्रु उच्चाटित हो जाता है।४०।।

सर्पकञ्चुकमादाय कृष्णोरगशिरस्तथा।
निखनेद् यस्य च द्वारे तमुच्चाटयते हठात्।।४१।।

सर्प की केचुल और काले साँप का सिर जिस शत्रु के दरवाजे पर गाड़ दिया जाय तो उस शत्रु का हठ पूर्वक उच्चाटन हो जाता है।

ब्रह्मदण्डी सुरामांसी कच्छपस्य शिरस्तथा।
शमशानभस्मसंयुक्तं कपाले मानुषे न्यसेत्।।४२।।
शत्रोर्द्वारि निखातेन तूर्णमुच्चाटयेद् रिपून्।
सप्तरात्रेण देवेशि समूलं नश्यते गृहम्।।४३।।

ब्रह्मदण्डी, जटामांसी, कछुए का सिर और श्मशान की भस्म इन सब को मिलाकर मनुष्य की खोपड़ी में भरकर शत्रु के द्वार पर गाड़ देने से शीघ्र ही शत्रु का उच्चाटन हो जाता है। हे देवेशि। सात रात्रियों में तो शत्रु समूल नष्ट हो जाता है।।४२-४३।।

अथ विद्वेषणम्–

अथ विद्वेषणं वक्ष्ये शत्रूणां शृणु शङ्करि।
येनैव कृतमात्रेण विद्वेषो जायते नृणाम्।।४४।।

शत्रु का विद्वेषण प्रयोग– हे गौरी ! कृपया सुनो, अब मैं शत्रुओं के विद्वेषण की एक ऐसी विधि बतला रहा हूँ जिसके करने मात्र से शत्रुओं का विद्वेषण हो जाता है।।४४।।

ब्रह्मदण्डी समूला च काकमांसेन संयुता।
जातीपुष्परसैर्भाव्या सप्तरात्रं पुनः पुनः।।४५।।

ततो मार्जारमूत्रेण तथैव भावयेत् ततः।
एष धूपः प्रदातव्यः शत्रुगोत्रस्य मध्यतः।।४६।।
यथा गन्धं समाघ्राति पितापुत्रैः समं कलिः।
विद्वेषणं परं तेषां सुहृद्भिर्बान्धवैः सह।।४७।।

ब्रह्मदण्डी जड़ सहित कौवे के मांस में मिलाकर चमेली के पुष्प के रस में सात रात्रियों तक भावित करे। तत्पश्चात् सात रात्रियों तक बिल्ली के मूत्र से भावित कर इस द्रव्य की धूप शत्रुकुल के बीच देनी चाहिए। जैसे ही पिता-पुत्र इसकी गन्ध सूँघते है तुरन्त ही उनके बीच विद्वेषण हो जाता है। उनकी आपसी सौहार्दता समाप्त हो जाती है।।४५-४७।।

स्वस्थीकरणकं प्रोक्तं घृतगुग्गुलधूपतः।

कलह को शान्त करने के लिए धृत तथा गुग्गुल का धूप देना चाहिए।

अथ मारणप्रयोगः–

सुरां मानुषमांसं च समादाय विचक्षणः।।४८।।
गृध्रास्थि शत्रुविष्ठां च द्वारमध्ये निखातयेत्।
सप्ताहेन भवेन्मारो यथा रुद्रेण भाषितम्।।४९।।

मारण प्रयोग- मदिरा तथा मनुष्य का मांस लेकर विद्वान साधक उसमें गृध्र की हड्डी और शत्रु की विष्ठा मिलाकर शत्रु के द्वार के मध्य में गाड़ दे तो एक ही सप्ताह में शत्रु का मारण हो जायेगा। ऐसा ही रुद्र ने भाषित किया है।।४८-४९।।

ब्रह्मदण्डी चिताभस्म सुरामांसीसमायुतम्।
अरिष्टस्य च पत्राणि विषं रुधिरमेव च।।५०।।
मोहाय च प्रयोक्तव्यः शत्रूणां नामयोगतः।
सप्तरात्रप्रयोगेन सर्वशत्रुप्रणाशनम्।।५१।।
एतेषां दुष्टयोगानां शत्रवे तदुदाहृतम्।
शतमष्टोत्तरेणैव मन्त्रयित्वा विचक्षणः।।५२।।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते श्री उड्डामरेश्वराय अमुकम् उच्चाटय उच्चाटय विद्वेषय विद्वेषय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

द्वितीय प्रयोग– ब्रह्मदण्डी, चिताभस्म, सुरामांसी, रीठा के पत्ते, विष

तथा रक्त को मिलाकर शत्रु के द्वार पर गाड़ने से मोह के वशीभूत होकर वह सात रात्रियों में ही नष्ट हो जाता है। विद्वान साधक को चाहिए कि उपरोक्त द्रव्य को मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके प्रयोग करे। मन्त्र जप करते समय अमुक के स्थान पर शत्रु का नाम लेना चाहिए।।५०-५२।।

एकरात्रोषितो भूत्वा कृष्णाष्टम्यां समाहितः।
देवमभ्यर्च्य चेशानं शतमष्टाधिकं जपेत्।।५३।।
मन्त्रमेतत्प्रयोक्तव्यं सिद्धये सिद्धिकाम्यया।
शत्रुशैन्ये प्रयोक्तव्यं राज्ञश्च विजयार्थिनः।।५४।।
अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं यमाय शत्रुनाशनाय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

कृष्ण पक्ष की अष्टमी की रात्रि में व्रत रखें और भगवान रुद्र की पूजा-अर्चना करें। सिद्धि की कामना करते हुए उक्त मन्त्र का १०८ बार जप करें तो यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। इस प्रयोग को विजयाकांक्षी राजा की शत्रुसेना पर करने से भी लाभ होता है।

लाङ्गूलं गृहगोधायाः कृकलासस्य मस्तकम्।
इन्द्रगोपकसंयुक्तं जम्बूकस्य शिरस्तथा।।५५।।
एतानि समभागानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत्।
अभुक्ते हि प्रयोक्तव्यं सर्वं जनशतं हरेत्।।५६।।

काली छिपकली की पूँछ, गिरगिट का मस्तक, सियार का सिर तथा वीर वहूटी इन सभी को बराबर मात्रा में लेकर महीन चूर्ण बना लें तदुपरान्त शत्रु की सेना के भोजन में प्रयोग करने से सैकड़ों सैनिक मारे जा सकते हैं।।५५-५६।।

नृकपालं समूलं च पेचकस्य शिरस्तथा।
वृश्चिकस्य तु लाङ्गूलं हालाहलकमेव च।।५७।।
श्वेतमण्डूकमांसञ्च मूत्रं चैव गजोष्ट्रयोः।
गृहीत्वा समभागानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत्।।५८।।
एतानि शोषयित्वा तु कल्कं कृत्वा पुनः पुनः।
अन्ने पाने प्रदातव्यं रिपुसैन्यविनाशनम्।।५९।।
स्पर्शमात्रेण तेनैव विस्फोटास्तु समन्ततः।
तस्य देहे ज्वरस्तीव्रो भवेत्तीव्रा च वेदना।।६०।।

मनुष्य की खोपड़ी, उल्लू का सिर, काले विच्छू का पूँछ, विष तथा सफेद मेढक का माँस लेकर इन सबका चूर्ण बनावें इसके पश्चात् हाथी तथा ऊँट का मूत्र लेकर चूर्ण को बार-बार मूत्र में कल्क करके शोषित करें। इसे शत्रु सेना के भोजन में देने से शत्रुसेना का नाश हो जाता है। इसी चूर्ण को शत्रु के शरीर से स्पर्श कराने से उसके शरीर में फोडे निकल आते हैं तथा तीव्र ज्वर पीड़ा होता है।।५७-६०।।

म्रियते सप्तरात्रेण प्रत्यानयनवर्जितः।

यदि इसका प्रत्यानयन सात रात्रियों के अन्दर न किया गया तो शत्रु की मृत्यु हो जाती है।

अथासिधारांगदालेपः–

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्यामि यस्य यत्नेन साधनम्।।६१।।
कथितं चैव रुद्रेण त्रिदशेभ्यः प्रसादतः।

अब मैं अन्य प्रयोग कहता हूँ जिसका साधन विधि पूर्वक करना चाहिए। इस प्रयोग का कथन देवताओं से प्रसन्न होकर स्वयं रुद्र ने किया था।।६१।।

रुधिरं कृष्णसर्पस्य कुक्कुटस्य तु कस्यचित्।।६२।।
कच्छपस्य मयूराणां जाती रोचनमञ्जनम्।
कुङ्कुमं भद्रमुस्तं च तगरं कृष्णमेव च।।६३।।
एतानि समभागानि पुष्यार्के च समाहरेत्।
आश्लेषायां तु पिष्टानि कृत्वा पात्रे च राजते।।६४।।
दशाहं स्थापयेद् भूम्यां पश्चादुद्धृत्य लेपयेत्।
असिधाराङ्गदा नाम स्वयं रुद्रेण भाषिता।।६५।।
अथालिम्पेत्तु गात्राणि स कृत्वाऽस्थीन्यथापि वा।
फलपुष्पे तथा पत्रे धूपैश्च बहुधूपिते।।६६।।
अगदोऽयं महामन्त्रो भूतानां च भयावहः।
अत्रे पाने मन्त्रयित्वा प्रयुञ्जीत विधानतः।।६७।।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते रुद्राय शान्ताय दिव्ययोगाय दिव्यरूपाय जटिलब्रह्मचारिणे अगदोक्षि त्रिदशैवे महाबलशतं मनोहं ठः ठः स्वाहा।। इति मन्त्र।।

असिधाराङ्गदा लेप– काले सांप का रक्त, किसी भी मुर्गे का रक्त, कछुवे का रक्त तथा मयूर का रक्त गोरोचन, जायफर, अंजन, केशर, नागर मोथा और काला तगर सबको समान मात्रा में लेकर पुष्य नक्षत्र में मिश्रण तैयार करें इसके पश्चात् आश्लेषा नक्षत्र में चाँदी के पात्र में पिष्टी बनाकर पात्र सहित भूमि में गाड़ दें। दस दिनों पर्यन्त भूमि से निकालकर शरीर में लेपन करें। यह असिधारांगदा नामक लेप स्वयं रुद्र (शिव) ने कहा है।।६२-६५।।

इसे गात्रों में लेप करें और अस्थि-सन्धियों पर लगावें। ऐसा करने से युद्ध में शत्रु पर विजय प्राप्त होती है। इस विधान में फल-फूलपत्र आदि जो सामग्री प्रयुक्त करे उसे धूपादि से धूपित अवश्य करें तथा उपरोक्त मन्त्र से अभिमंत्रित करें। यह अंगद महामन्त्र प्राणियों के लिए भयावह है। मंत्र से अभिमंत्रित करके इस लेप को खाने से शत्रु युद्ध में हार जाता है। इसे विधिपूर्वक प्रयोग करना चाहिए।।६६-६७।।

पीड्यमानं जपेन्मन्त्रं शुचिर्भूत्वा समाहितः।
अष्टोत्तरसहस्रं तु ततो मन्त्रमिमं जपेत्।।६८।।
कन्यया पेषयेच्चैव गोष्ठमध्ये प्रयत्नतः।
तदशक्तौ चितायां तु यथाशक्ति पुनः पुनः।।६९।।

लेप के द्रव्यों को पवित्र होकर पीसना चाहिए तथा पीसते समय व द्रव्यों का मिश्रण करते समय मंत्र का जप करते रहना चाहिए। लेप को किसी कन्या से गोशाला में पिसवाना चाहिए तथा किसी चिता की भूमि में दस दिनों तक गाड़ना चाहिए और प्रतिदिन १००८ बार मन्त्र का जप द्रव्य के ऊपर बैठकर करना चाहिए।।६८-६९।।

स्वयं रुद्रेण संप्रोक्तं सर्वकार्यप्रसाधकं।
सर्वे चैव प्रयोक्तव्यः सर्वशत्रुविनाशकाः।।७०।।

स्वयं रुद्र ने इसे सर्व कार्य प्रसाधक लेप कहा है। इससे सभी प्रकार के शत्रु विनाशक प्रयोग किया जा सकता है।।७०।।

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन रक्षितव्याः प्रयोगवान्।
अभक्ते नैव प्रोक्तव्यं क्रूरे पापजने तथा।।७१।।
दातव्यं भक्तियुक्ताय शास्त्रज्ञायाऽमरेश्वरि।।७२।।

इति श्रीशिव-पार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर-महातन्त्रे प्रथमः पटलः।

इस लेप को प्रयोगकर्ता को प्रयत्न सहित गुप्त रखना चाहिए। भक्ति रहित, क्रूर तथा पापी व्यक्ति को इसे नहीं कहना चाहिए। अमरेश्वरि ! भक्तियुक्त शास्त्रज्ञ को ही इसे देना चाहिए।।७१-७२।।

।। श्री शिव-पार्वती संवाद रूप में वीर भद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में प्रथम पटल पूर्ण।।

द्वितीयः पटलः

अथ जलस्तम्भनप्रयोगः–

श्रीपार्वत्युवाच

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि जलस्तम्भनमुत्तमम्।
कुम्भीरवेल्वदंष्ट्रानि रुधिरं मांसमेव च।।१।।
हृदयं कच्छपस्यैव शिंशुमारं पुनः पुनः।
विभीतकस्य तैलेन सर्वनिकत्र कारयेत्।।२।।

जल स्तम्भन प्रयोग– श्री पार्वती जी बोली– अब मैं उत्तम जलस्तम्भन प्रयोग को कह रही हूँ। घड़ियाल की दाढ़े, रक्त और मांस, कच्छप का हृदय, सूंस का हृदय लेकर बहेड़े के तैल में मिलावें।।१-२।।

न्यासकर्म ततः कृत्वा जले तिष्ठेद् यथासुखम्।
मद्रकस्य रसं ग्राह्यं रक्तकं मकरस्य च।।३।।
डुण्डुभस्य शिरो ग्राह्यं सर्वनिकत्र कारयेत्।
विभीतकस्य तैले तु पच्यमाने च दापयेत्।।४।।
न्यासकर्म प्रकुर्वीत सप्ताहं तिष्ठते जले।
तत्तैलं पाचयेल्लौहे कृष्णाष्टम्यां समाहितः।।५।।

जल पर इसका छिड़काव करें तोजल स्तम्भित हो जाता है और उस जल में सुखपूर्वक खड़ा हुआ जा सकता है।

विधारा का रस, मगर का रक्त और डुण्डुभ नामक सर्प का सिर लेकर इन सबको एकत्र करें। बहेड़े का तैल लेकर सबको उसी तैल में पकावे। पकाने की क्रिया कृष्ण पक्ष की अष्टमी को करें। इस तैल का जल पर न्यास कर्म (छिड़काव) करने से जल में एक सप्ताह तक बैठा जा सकता है।।३-५।।

चतुर्मासोषितो भूत्वा देवमभ्यर्च्य शङ्करम्।
अभिमन्त्र्य च मन्त्रेण मृत्तिकास्नानदक्षिणम्।।६।।
अष्टाधिकसहस्रं तु जपित्वा होममाचरेत्।
अनेन मंत्रयित्वा तु ततः सिद्ध्यति नान्यथा।।७।।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय जलं स्तम्भय स्तम्भय हुं फट् स्वाहा।। इति मंत्रः।।

इस कार्य की सिद्धि के लिए भगवान शंकर की पूजा करें तथा चतुर्मास तक व्रत रखे। इस प्रयोग में प्रयुक्त द्रव्यों को मन्त्र से अभिमन्त्रित करें। एक हजार आठ बार मंत्र जप तथा जप का दशांश हवन करने पर यह प्रयोग सिद्ध हो जाता है। सिद्ध हो जाने पर ही प्रयोगों को करना चाहिए। इसमें कुछ अन्यथा नहीं समझना चाहिए।।६-७।।

अथ लूताकरणम्–

वक्ष्येऽथ लूताकरणं तं शृणुष्व समासतः।
भल्लातकरसं गुञ्जां विषं चित्रकमेव च।।८।।
कपिकच्छपरोमाणि चूर्णं कृत्वा प्रदापयेत्।
एतत्सर्वं समायुक्तो लूताकरणमुत्तमम्।।९।।
तस्य रूपं प्रवक्ष्यामि जायते यैस्तु लक्षणैः।
अङ्गानि धूममायान्ति मूर्च्छयन्ति मुहुर्मुहुः।।१०।।

लूता (खुजली) उत्पन्न करना– अब मैं लूताकरण कह रही हूँ। भिलावां का रस, घुंघुची, वत्सनाभ विष, चित्रक और केवाछ के रोम को मिलाकर चूर्ण बनावें। इस चूर्ण को शरीर में स्पर्श कराने से लूता (खुजली) उत्पन्न हो जाती है। इसका रूप तथा लक्षण यह है कि शरीर के अंगों का रंग धूम्र वर्ण का हो जाता है तथा बार-बार मूर्छा आती है।।८-१०।।

एतद्रूपं भवेत्तस्य लूताविकृतलक्षणम्।
चिकित्सां तस्य वक्ष्यामि येन सम्पद्यते सुखम्।।११।।

लूता के कारण विकृत शरीर के ये लक्षण हैं। आगे लूता विकार की चिकित्सा का वर्णन कर रही हूँ जिसको सम्पादित करने से सुख की प्राप्ति होती है।।११।।

उशीरं चन्दनं चैव प्रियङ्गु तगरं तथा।
रक्तचन्दनकुष्ठं च लेपो लूताविनाशनः।।१२।।
मन्त्राभिमन्त्रितं कृत्वा ततः स्वस्थो भविष्यति।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय कुहली कुर्वनी स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

खस, सफेद चन्दन, प्रियङ्गु, तगर, लाल चन्दन तथा कूट सबको समान भाग लेकर पीस लें। इसके पश्चात् लूता से ग्रसित अंगो पर लगावे। इस मिश्रण को मंत्र से अभिमन्त्रित करें। ऐसा करने से लूता समाप्त हो जाती है और व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है।।१२।।

अथ पुनः लूताकरणम्–

कृष्णसर्पशिरो ग्राह्यं मुखे निःक्षिप्तसर्षपात्।।१३।।
भल्लातकेन सयुक्तं कृष्णसूत्रेण वेष्टयेत्।
वल्मीकस्य मृदःकोशे अर्न्तधूमेन पाचयेत्।।१४।।
कपिकच्छपरोमाणि संयुक्तं षोडशांशकैः।
विषस्य चूर्णं कृत्वा तु शत्रूणां मूर्ध्नि निःक्षिपेत्।।१५।।
शरद्ग्रीष्मवसन्तेषु लुताकरणमुत्तमम्।
प्रस्विन्ने च ततो गात्रे लग्नास्तस्मिस्तु सर्षपाः।।१६।।
लूता च सविषां कुर्यान्नात्र कार्या विचारणा।
वेदनाजातमात्रेण मन्त्रजापं तु पूर्ववत्।।१७।।
पूर्वोक्तेन विधानेन स्वस्थो भवति पूर्ववत्।

पुन लूताकरण प्रयोग– काले सांप का सिर ग्रहण कर उसके मुख के अन्दर सरसों और भिलावा डाले। फिर उसे काले धागे से वेष्टित करें। इसके बाद वावी की मिट्टी से अच्छी तरह वेष्ठित करें। तत्पश्चात् उसे अन्दर ही अन्दर धुअें से खूब अच्छी तरह पकावें। इसके बाद १६वाँ भाग केवाच के रोम और विष को लेकर चूर्ण करें और पके हुए सर्प के मुख के पदार्थ के साथ मिलाकर शत्रु के सिर पर डाले। शरद ग्रीष्म तथा वसन्त ऋतुओं में यह उत्तम लूताकरण प्रयोग है। पसीने से युक्त शरीर में सरसों जहाँ-जहाँ लगेगी शत्रु के शरीर में वहाँ-वहाँ लूता उत्पन्न हो जायेगी। इसमें किसी प्रकार का विचार नहीं करना चाहिए। इस लूता विधान को पूर्व की भाँति मंत्र जप और लूता विनाश

लेप के द्वारा समाप्त किया जा सकता है जिससे स्वास्थ्य लाभ हो जाता है।।१३-१७।।

अथ सस्यविनाशनम्–

अथ सस्यविनाशं च कथयामि समासतः।।१८।।
येनैव कृतमात्रेण वज्रं कृत्वा विचक्षणः।
क्षेत्रे सम्पातयेद्यस्मिंस्तस्मिन् सस्यविनाशनम्।।१९।।
माहेन्द्रेण क्षिपेत्तत्र प्रयोगेण तु मंत्रवित्।
अथ मन्त्रं पुनर्वक्ष्ये प्रयोगेषु प्रयोजकम्।।२०।।
अष्टोत्तरशतेनैव मन्त्रेणाऽनेन मन्त्रयेत्।

अथ मन्त्रः- ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय वज्रं विनाशय वज्रं सुरपतिराज्ञापय हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

फसल का विनाश करना– मैं अब सस्य विनाश की विधि संक्षेप में कह रही हूँ। जिसको क्रियान्वित करके विद्वान साधक वज्र का निर्माण करके खेत में गाड़ देता है जिससे फसल नष्ट हो जाती है।

जहाँ पर विजली गिरी हो उस स्थान की मिट्टी लेकर वज्र का निर्माण करे और उसे एक सौ आठ बार मंत्र से अभिमंत्रित करे तत्पश्चात् उस खेत में गाड़ दे जिसकी फसल नष्ट करनी हो। इससे सम्पूर्ण खेत की फसल का विनाश हो जाता है।।१८-२०।।

इमं योगं प्रयुञ्जानो विधिपूर्वेण कर्मणा।
पर्णानां चैव योगेन क्षिपेत्पर्णं विनष्यति।।२१।।

इस योग को प्रयुक्त करते हुए विधिपूर्वक वहाँ की पत्तियों को वज्र में मिलाकर भूमि में गाड़े तो फसल की पत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं।।२१।।

अथ ग्रामोच्चाटनम्–

पुनरुच्चाटनं वक्ष्ये शृणु अत्र यथा तथा।
येनैव कृतमात्रेण ग्रामस्योच्चाटनं भवेत्।।२२।।
ग्रामे चतुर्णां च पथां मृदमादाय बुद्धिमान्।
गोमयेनाकृतिं कृत्वा ग्रामस्य च चतुर्दिशः।।२३।।

चिताकाष्ठानलं कृत्वा कोकिलाकाकपक्षिकैः।
हुत्वा चाहुतिसाहस्रं ततो भस्म समाहरेत्।।२४।।
अभेदेन समुत्सार्यं कृत्वा मुष्टिं सभस्मकम्।
शतवाराभिजप्तेन अनेनैव तु मन्त्रितः।।२५।।

अथ मन्त्रः- ॐ नमो भगवते महाकालरुद्राय त्रिपुरविनाशनकारणाय दह दह धम धम पच पच मथ मथ मोहय मोहय उन्मादय उन्मादय उच्छेदय उच्छेदय श्री महारुद्र आज्ञापयति शब्दकरी मोहिनी भगवती खें खें हुं फट स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

ग्राम उच्चाटन विधान– मैं पुनः उच्चाटन की विधि कह रही हूँ जिसके करने मात्र से ग्राम का उच्चाटन हो जाता है।।२२।।

बुद्धिमान पुरुष ग्राम के किसी चौराहे की मिट्टी तथा गोबर लेकर चौकोर पीठ की स्थापना करे। फिर चिता की लकड़ियों से अग्नि की स्थापना करे और कोयल तथा कौवे के पंखो से हजार-हजार बार हवन करे। तत्पश्चात् उसी हवन की भस्म लेकर उसे मंत्र से सौ बार अभिमन्त्रित करें।।२३-२५।।

ग्रामे वा नगरे वापि भस्मप्रक्षेपणेन च।
उच्छेदनं भवत्येव रिपूणां नात्र संशयः।।२६।।

इस अभिमंत्रित भस्म का प्रक्षेपण ग्राम अथवा नगर में करने से ग्राम आदि में रहने वाले शत्रुओं का उच्चाटन हो जाता है।।२६।।

अथ स्वस्थीकरणम्–

दूरीकृतं पुनर्भस्म नगरे वसते पुनः।
कुल्वीकारं प्रवक्ष्यामि शृणु योगं समासतः।।२७।।

भस्म को दूर कर देने पर नगर से उच्चाटित लोगों का निवास पुनः हो जाता है। अब मैं कुल्वीकार योग को संक्षेप में कहूँगी, आप सुनें।।२७।।

अथ कुल्वीकरणम्–

येन योजितमात्रेण पुनः कुल्वो भविष्यति।
पादपांशुसमायुक्तैरन्तरा घृतगोमयैः।।२८।।
वृषभस्य पुनः शस्त्रोः कृत्वा चैवाकृतिं बुधः।
एकविंशतिवारं हि मन्त्रेणानेन मन्त्रिताम्।।२९।।

छेदयेत्तीव्रशस्त्रेण ततः कुल्वो भविष्यति।
प्रस्थितानां च करणे मन्त्रेणाऽनेन मंत्रवित्।।३०।।

अथ मंत्रः– ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय कामप्रभञ्जनाय अमुकं च्छः च्छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

कुल्वीकरण योग– जिस प्रयोग की योजना करने मात्र से मनुष्य कुल्व हो जाता है एक ऐसे ही प्रयोग का कथन कर रही हूँ। शत्रु के पैर के नीचे की मिट्टी लेकर घृत और गोबर लेकर बैल की आकृति बनावे (आकृति में सिर शत्रु का व धड़ बैल का हो)। तत्पश्चात् इस आकृति को मन्त्र से इक्कीस बार अभिमंत्रित करें, तथा तेज धार वाले शस्त्र से आकृति को काट दे और कटी आकृति को अलग-अलग रखकर अनेक बार मंत्र का जप करने पर शत्रु कुल्व हो जाता है। मंत्र में अमुक के स्थान पर इच्छित शत्रु का नाम लेना चाहिए।।२८-३०।।

अथ स्वस्थीकरणम्–

कृत्वा मधु घृताक्तं च स्थाने ह्यत्र प्रयोजयेत्
स्नात्वा च गव्यदुग्धेन ततः स्वस्थो भविष्यति।।३१।।

स्वस्थीकरणयोग– स्वस्थ करने के लिए पूर्वोक्त द्रव्य में घृत के स्थान पर शहद का प्रयोग करने और बैल की आकृति को गाय के दूध से स्नान कराने पर शत्रु स्वस्थ हो जाता है।।३१।।

अथोन्मत्तीकरण प्रयोगः–

मूलं कनकबीजस्य घृतचूर्णं समन्ततः।
गृहचटकस्य विष्ठा च तथा करञ्जबीजकम्।।३२।।
तदुन्मत्तकरं चूर्णं भक्षणात्तत्करं व्रजेत्।
एकविंशतिवारञ्च मन्त्रेणानेन मन्त्रितम्।।३३।।
भोजे पाने प्रदातव्यमुन्मत्तः स्यान्न संशयः।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय अमुकं उन्मादय उन्मादय च्छः च्छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

उन्मत्तकरण प्रयोग– धतूर के बीज और जड़, गोरैया की विष्ठा, कंजे के बीज को लेकर चूर्ण बनावें उसमें घृत मिलाकर (सभी पदार्थ समान मात्रा में लेना चाहिए) खाने से व्यक्ति उन्मत्त हो जाता है। मिश्रण को इक्कीस

बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके खान-पान में दिया जाय तो वह अवश्य उन्मत्त हो जाता है। इसमें कोई संशय नहीं है।।३२-३३।।

अथ स्वस्थीकरणम्-

अजाक्षीरेण शोणितेन पिवेत्तु शतपुष्पिकाम्।।३४।।
घृतेन सह वा पीत्वा ततः सम्पद्यते सुखम्।

स्वस्थीकरण- सौंफ का चूर्ण बकरी के दूध या रक्त के साथ पीने से उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है तथा सौंफ का चूर्ण घृत के साथ पीने से भी व्यक्ति उत्तम स्वाथ्य प्राप्त करता है।।३४।।

अथ अन्धीकरण प्रयोगः-

एकविंशतिवारं हि मन्त्रितं लवणं खरम्।।३५।।
करवीरककाष्ठाग्नौ मन्त्रैर्धूमेन पाचयेत्।
लवणं तत्तु सङ्गृह्य चूर्णं कृत्वा विचक्षणः।।३६।।
भक्षे पाने प्रदातव्यं मन्त्रेणानेन मन्त्रितम्।
मन्त्रितं शतवारञ्च शत्रोर्वा यस्य कस्यचित्।।३७।।
भक्षणाच्च भवेदन्धो नात्र कार्या विचारणा।

अथ मन्त्रः- ॐ नमो उड्डामरेश्वराय शरीरमन्धं कुरु ठः ठः स्वाहा।।

इति मन्त्रः।।

अन्धीकरण प्रयोग- शुद्ध नमक को इक्कीस बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके कनेर की लकड़ियों की आग में धूअें से पकायें साथ में मन्त्र पढ़ते जायें। इसके पश्चात् इस नमक को चूर्ण बनाकर सौ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करके खाने में देने से व्यक्ति अवश्य ही अन्धा हो जाता है। इसमें कुछ भी विचारणीय नहीं है।।३५-३७।।

अथ कुष्ठीकरणम्-

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्यामि कुष्ठीकरणमुत्तमम्।।३८।।
येन सम्पीतमात्रेण कुष्ठीभवति मानवः।
भल्लातकरसं गुञ्जां तथा मण्डलकारिकाम्।।३९।।
गृहगोधासमायुक्तां भक्षे पाने प्रदापयेत्।
सप्ताहाज्जायते कुष्ठं तत्पीतं च समेधितम्।।४०।।

कुष्ठीकरण योग– अब मैं उत्तम कुष्ठीकरण विधान को कह रही हूँ। जिस औषधि के पीने मात्र से मनुष्य कुष्ठ रोग से ग्रस्त हो जाता है।

भिलावा का रस, घुंघुची, रक्त पुनर्नवा को लेकर उसमें छिपकली को मिलाकर मिश्रण बनाकर भोजन या पान के साथ देने पर एक सप्ताह में कुष्ठ रोग उत्पन्न हो जाता है और यदि स्वल्प मात्रा में कुष्ठ हो तो अधिक हो जाता है।।३८-४०।।

अथ कुष्ठशमनप्रयोगः–

एतस्य शमनं कुर्याद् यथा रुद्रेण भाषितम्।
धात्रीखदिरनिम्बानि शर्करासहितानि च।।४१।।
विचूर्ण्य मधुसर्पिर्भ्यां जीर्णानि दापयेद्भिषक्।
शालिभक्तं पटोलञ्च घृतयुक्तं च पायसम्।।४२।।
सोष्णं वा मुद्गचूर्णं तु शालियुक्तमथापि वा।
एतेन दत्तमात्रेण नरः सम्पद्यते सुखम्।।४३।।

कुष्ठशमन प्रयोग– भगवान रुद्र के वचनानुसार कुष्ठ का शमन इस प्रकार चाहिए। तालीस पत्र, खैर तथा नीम के पत्रों को शक्कर मिलाकर चूर्ण बनायें और शहद मिलाकर कुछ दिन रखें। जीर्ण (पुराना) हो जाने पर कुष्ठ रोगी को खिलावें। चावल का भात और परवल घृत से युक्त करके पथ्य में देना चाहिए। इसके अतिरिक्त मूंग और चावल पकाकर (खिचड़ी बनाकर) पथ्य में देना चाहिए। इस प्रकार औषधि प्रयोग कराने से रोगी कुष्ठ रोग से मुक्त हो जाता है। और सुख को प्राप्त करता है।।।४१-४३।।

जलजीवं तु सङ्गृह्य शोषयेदातपे नरः।
तस्य संदापयेद्धीमान् यस्य इच्छेत्तु जीवितम्।।४४।।
अङ्गदाहेन तीव्रेण धमेत्तं नष्टचेतसम्।
यदीच्छेज्जीवितं तस्य अङ्गं प्रक्षालयेद् ध्रुवम्।।४५।।
पत्रमूलस्य चूर्णं तु क्षालयेत्काञ्जिकेन तु।
तैलेनोद्वर्तयेल्लिङ्गं क्षालयेच्छीतवारिणा।।४६।।
अनेन क्रियमाणेन नरः सम्पद्यते सुखम्।

कुष्ठशमन द्वितीय प्रयोग– जोंक को पकड़कर उसे आतप में सुखाकर अर्थात् भूखा रखकर तीव्र अंगदाह वाले स्थान पर (जहाँ कुष्ठ का

प्रभाव अधिक हो) लगाकर उसका रक्त चुसवायें। जब तक जोक मर न जाय तब तक यही क्रिया करता रहे। इसके बाद कमल की जड़ का चूर्ण लेकर उसमें कांजी मिलावें और उससे अंगो का प्रक्षालन करें लिंग आदि गर्म स्थानों पर तैल का उबटन करें और शीतल जल प्रक्षालन करें। इस प्रकार करने पर व्यक्ति कुष्ठ रोग से मुक्त हो जाता है और सुख को प्राप्त करता है।।४४-४६।।

अथ वशीकरणम्-

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्यामि वश्यादिकरणं परम्।।४७।। यस्य
विज्ञानमात्रेण लोको भवति किङ्करः।
पुराणिकस्य हृदयं तथा कुष्ठेन भावितम्।।४८।।
शिवनिर्माल्यसञ्चूर्णं यस्य मुर्ध्नि विनिक्षिपेत्।
नियतं किङ्करो भूत्वा यावज्जीवं स तिष्ठति।।४९।।
सप्तवारं मन्त्रयित्वा मन्त्रेणाऽनेन मन्त्रवित्।

अथ मन्त्रः- ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय स्वाधिकारं साधय साधय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

वशीकरण विधान- मैं एक परम वशीकरण विधान का वर्णन कर रही हूँ जिसके विधिवत् ज्ञान मात्र से लोक दासवत् हो जाता है।

पुराणिक का मध्य भाग, कुष्ठ (कूट) के रस में भावित करें फिर शिव निर्माल्य का चूर्ण मिलाकर उसे मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करें। इस चूर्ण को व्यक्ति के सिर में डाल देने से वह व्यक्ति जीवन भर दास बन जाता है।।४७-४९।।

चन्दनं तगरं कुष्ठं प्रियङ्गुनागकेशरम्।।५०।।
कृष्णधत्तूरपञ्चाङ्गं समभागं तु कारयेत्।
छायायां वटिका कार्या प्रदेया भक्षपानतः।।५१।।
पुरुषं चाथ वा नारीं यावज्जीवं वशं नयेत्।
सप्ताहं मन्त्रितं कृत्वा मन्त्रेणाऽनेन मन्त्रवित्।।५२।।

अथ मन्त्रः- ॐ नमो भगवते मोहमालिने ठः ठः स्वाहा।।

इति मंन्त्रः।।

चन्दन, तगर, कूट, प्रियंगु, नागकेसर और काले धत्तूरे का पञ्चांग इन

सबको बराबर मात्रा में लेकर पीसकर वटी बना लें और छाया में सुखा लें तथा इस बटी को एक सप्ताह तक एक सौ आठ मन्त्र से प्रतिदिन अभिमन्त्रित करें। इसके बाद इसे खान-पान में जिस पुरुष या नारी को देगें वह जीवन पर्यन्त आपका दास बन जायेगा।।५०-५२।।

शङ्खपुष्पी ह्यधःपुष्पी तथा सङ्कोचपुष्पिका।
श्वेता च गिरिकर्णी च समं सप्ताहभाविताः।।५३।।
स्वशुक्रेण समायुक्ता भक्षे पाने प्रदापयेत्।
तं वशीकरणं प्रोक्तं यावज्जीवं न संशयः।।५४।।

संखाहुली, अन्धाहुली, लज्जालु, फिटकरी और काला जीरा सम भाग में लेकर सक सप्ताह तक भावित करें तत्पश्चात् इस चूर्ण में अपने वीर्य को मिलावे। अब इसे खान-पान में देने से वह मनुष्य या स्त्री जीवन पर्यन्त वश में रहता है। इसमें कोई संशय नहीं है।।

अथ विषहरणप्रयोगः–

वज्रं वाथाऽभया लोध्रं मंजिष्ठा हिङ्गुपत्रिका।
दिव्यं वचा विशालाक्षा कम्बुग्रीवा सुशोभना।।५५।।
कुमारीत्वचाङ्गलेपेन सप्तहस्तप्रमाणतः।
ददाति दशमीना च मन्त्रः कश्चित् प्रगृह्यते।।५६।।
विषसुप्तपतित्वेन नात्र कार्या विचारणा।
जलमध्ये प्रभावं च कुरुते वर्त्तिको मम।।५७।।

विषहरण प्रयोग– धूहर, हरड़, लोध, मंजीठ, हींग पत्ती, दिव्या, वच, विशालाक्षी कम्बुग्रीव्री, गोरोचन और घृतकुमारी का गूदा मिलाकर एक साथ पीसें व लेप तैयार करें। कोई-कोई इसमें मंत्र का विधान करते हैं। यह दशमीना नामक लेप है। यह लेप लगाने पर विष से सुप्त हुआ व्यक्ति भी उठ खड़ा होता है। इस कार्य में विचार करने की आवश्यकता नहीं है। विष युक्त व्यक्ति को जल के बीच में रखना चाहिए, इससे यह लेप अधिक प्रभावकारी होता है।।५५-५७।।

दधि मधु नवनीतं पिप्पली शृङ्गवेरम्।
मरिचमपि तु दद्यात् सत्तमं सैन्धवेन।।५८।।

यदि भवति सरोषं तक्षकेणाऽपि दंष्टम्।
गदमिह खलु पीत्वा निर्विषं तत्क्षणं स्यात्।।५९।।

द्वितीय विषहरण प्रयोग– दही, मक्खन, शहद, पिपरी, अदरक, काली मिर्च तथा सेंधा नमक इन सबको मिलाकर पीस लें तथा विष युक्त व्यक्ति को पान करा दें तो तक्षक के द्वारा क्रोध में काटा जाने पर भी मनुष्य तत्क्षण विष रहित हो जाता है।।५८-५९।।

कुष्ठामृता चातिविषा हरिद्राया विलेपनम्।
गारुडोक्तं विषहरमौषधं प्राणिजीवनम्।।६०।।

तृतीय प्रयोग– कूट, कांगनी अतिविषा तथा दारु हल्दी का लेप बनाकर लगाने से विष समाप्त हो जाता है। यह विष हरण औषधि स्वयं गरुड़ के द्वारा बताया गया है तथा यह प्राणिजीवन संघटक है।

अथ रात्रिदर्शनाञ्जनसिद्धिप्रयोगः–

उलूकस्य जम्बुकस्य गृध्रस्य महिषस्य च।
विडालस्य वराहस्य काकभेकस्य च त्वचः।।६१।।
मूषकस्य तु नेत्रं च सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत्।
अनेनाञ्जितनेत्रो हि रात्रौ पश्येद् यथा दिवा।।६२।।
एतेषां योगमन्त्रोऽयं मन्त्रहीनो न सिद्ध्यति।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते रुद्राय शिवाय ज्योतिषां पतये देहि ज्योतिषि मतिवीर्यकरणाय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

रात्रि में देखने वाले अंजन की सिद्धि– उल्लू, सियार, गृध्र, भैंसा, बिल्ली, सुअर, कौआ और मेढ़क की त्वचा का चूर्ण तथा चूहे के नेत्रों का महीन चूर्ण मिलाकर नेत्रों में अंजन की तरह लगाने पर रात्रि में दिन की भाँति व्यक्ति देख सकता है। इस अंजन को बनाते समय मंत्र का जप करते रहना चाहिए तथा अंजन को मंत्र से अभिमन्त्रित करना चाहिए अन्यथा सिद्धि की प्राप्ति नहीं होती है।६०-६१।।

एकरात्रोषितो भूत्वा कृष्णाष्टम्यां समाहितः।।६२।।
लिङ्गसम्पूजनं कृत्वा जलं चैवाऽभिमन्त्रयेत्।
दक्षिणस्यां दिशि स्थित्वा शतमष्टोत्तर जपेत्।।६३।।

ततः सिद्धयन्ति मन्त्राणि चाञ्जनानि समन्ततः।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय अञ्जन-मन्त्रसिद्धिं देहि मे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

एक रात्रि का व्रत रखते हुए कृष्ण पक्ष की अष्टमी को स्थिर मन से शिव लिंग का पूजन करके, पूजा के जल को अभिमन्त्रित करें। फिर दक्षिण दिशा की ओर मुख करके बैठ जाय और एक सौ आठ बार मन्त्र का जप करें तो मन्त्र व अंजनादि सिद्ध होते हैं।।६२-६३।।

अथ पिशाचीकरणम्–

कनकस्य च बीजानि प्रियङ्गुगुग्गुलस्तथा।।६४।।

आत्मानं धूपयित्वा तु योजयेद् राजसंसदि।

योगमिमं समाघ्राति स वश्यो जायते भृशम्।।६५।।

पिशाचीकरण– धतूर के बीज, प्रियंगु तथा गुग्गुल को लेकर और सबको मिलाकर अपने शरीर तथा कपड़ों को इस धूप से धूपित करें फिर राज सभा में जाय तो जो भी इस योग को सूंघेगा वह वश्य हो जायेगा।।६४-६५।।

कनकस्य तु वीजानि श्वेतार्कचन्द्रकेशरम्।

कुष्ठं च देवदारुं च सर्वमेकीकृतं तथा।।६६।।

पिष्ट्वा तेन लिप्त गात्रो योगशक्त्या बलिष्ठया।

यत्र-यत्र प्रविष्टस्तु तत्र-तत्र जयी भवेत्।।६७।।

इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वरमहातन्त्रे द्वितीयः पटलः।।

धतूर के बीज, सफेद मदार, नाग केशर, कूट तथा देवदारु सबको लेकर एक में मिला लें इन सबको पीसकर शरीर में लेप करें तो बलिष्ठ योगशक्ति के द्वारा व्यक्ति जहाँ-जहाँ प्रवेश करता है वहाँ-वहाँ वह विजयी होता है।।६६-६७।।

श्रीशिवपार्वतीसंवाद रूप में वीर भद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में द्वितीय पटल पूर्ण।।

तृतीयः पटलः

अथ उच्चाटनम्–

काकस्य पक्षौ सङ्गृह्य सर्पकञ्चुकमेव च।
श्मशानभस्मसयुक्तं शत्रोरुच्चाटनं भवेत्।।१।।

उच्चाटन विधान– काग के दोनों पंख और सांप की केचुल लेकर श्मशान की भस्म से युक्त करके शत्रु के घर में डाल दें तो शत्रु का उच्चाटन हो जाता है।।१।।

अथ भूतवादविधानम्–

भूतवादं प्रवक्ष्यामि यथा गरुडभाषितम्।
यस्यैव ज्ञातमात्रेण शत्रवो यान्ति वश्यताम्।।२।।
शत्रुनिर्यासं सङ्गृह्य चूर्णं सत्त्वं च तस्य वै।
भावयेत्सप्तरात्रं तु भोजनैः सह दापयेत्।।३।।
दत्तमात्रेण तेनैव पिशाचैर्गृह्यते तु सः।
स्वस्थीकारे प्रदातव्या जया तु मधुयष्टिका।।४।।

भूतवाद विधान– अब मैं भूतवाद का कथन कर रहीं हूँ जिसे स्वयं गरुड़ ने बतलाया है। जिसके मात्र ज्ञान से ही शत्रु वश्य होते हैं।।२।।

अमल वेंत के गोंद को उसी के रस से सात रात्रियों तक भावित करें फिर भोजन के साथ जिसे दिया जाय वही पिशाच ग्रस्त हो जाता है और जब स्वस्थ करना हो तो जयन्ती और मुलेठी मिलाकर देनी चाहिए। पिशाच ग्रस्त व्यक्ति स्वस्थ हो जायेगा।।३-४।।

निर्यासैः शालसम्भूतैर्बीजानि कतकस्य च।
भावयेत्सप्तरात्रं तु भोजनैः सह दीयते।।५।।
तस्य भक्षणमात्रेण ग्रहैः सङ्गृह्यते नरः।
शर्करादुग्धपानेन स्वस्थो भवति नान्यथा।।६।।

शाल वृक्ष का गोंद तथा केतकी के बीजों का चूर्ण सात रात्रियों तक भावित करें फिर भोजन आदि के साथ जिसको भी खिलाया जायेगा वही दुष्ट ग्रहों से ग्रस्त हो जायेगा। स्वस्थ करने के लिए दुग्ध में शक्कर मिलाकर पिलाना चाहिए।।५-६।।

वास्तुकस्य तु निर्यासं बीजानि केतकस्य च।
मर्दित्वा यातयामाभ्यां गृह्यते ब्रह्मराक्षसैः।।७।।
शर्करादुग्धपानेन स्वस्थो भवति नान्यथा।

बथुवे का सत् तथा केतकी के बीजों का चूर्ण बनाकर सबको मिलाकर जिसे खिलाया जाय वही मनुष्य ब्रह्म राक्षसों के द्वारा पीड़ित हो जाता है। स्वस्थ करने के लिए शक्कर और दूध पिलाना चाहिए।।७।।

कपिकच्छुकनिर्यासैर्मातुलुङ्गस्य बीजकम्।।८।।
भावयेत्सप्तरात्रं तु भक्षे पाने प्रदापयेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते उड्डामरेश्वराय महेश्वरो नाम स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

केंवाच का गोंद तथा विजौरा नींबू के बीजों को सात रात्रियों तक भावित करें। तत्पश्चात् खान-पान में देने से व्यक्ति दुष्ट ग्रहों आदि से ग्रसित हो जाता है। (उपरोक्त सभी प्रयोगों की सिद्धि के लिए मन्त्र का जप और अभिमन्त्रण करना आवश्यक है)।।८।।

अथ स्वस्थीकरणविधानम्–

आमलक्याश्च चूर्णेन स्त्रीदुग्धसहितेन च।।९।।
पाययित्वा विष्कृतं तु स्वास्थ्यं सञ्जायते ध्रुवम्।
शर्करापद्मकिञ्जल्कपद्मकेशरकल्ककैः।।१०।।
चूर्णीकृतैस्तच्चूर्णं तु दुग्धेन सह दापयेत्।
तदा दुष्टग्रहैर्मुक्तः स्वस्थश्च जायते नरः।।११।।

इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर-महातन्त्रे तृतीयः पटलः।।

स्वस्थीकरण विधान– आंवले के चूर्ण को स्त्री के दूध के साथ मिलाकर पिलाने से मनुष्य अवश्य ही दुष्ट ग्रहों से छुटकारा पा लेता है।

शक्कर तथा कमल गट्टे को कमल केशर के काढ़े में मिलाकर दूध के साथ पिलाने से भी मनुष्य दुष्ट ग्रहों आदि से मुक्त होकर स्वास्थ्य लाभ करता है।।९-११।।

श्री शिव पार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में तृतीय पटल पूर्ण।।

चतुर्थः पटलः

अथ भूतवादसिद्धिविधानम्–

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि भूतवादे सुदुर्लभम्।
यस्य विज्ञानमात्रेण सर्वसिद्धिः प्रजायते।।१।।

अब मैं दुर्लभ भूत वाद का कथन कर रहा हूँ जिसके सम्पूर्ण ज्ञान मात्र से मानव सभी सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है।।१।।

सुवर्णलाभप्रयोगः–

इदं मन्त्रं पूर्वं सहस्रदशकं जपेत्। ततः सहस्रं जुहुयात्कङ्काली वरदा भवति सुवर्णमाषचतुष्टयं प्रत्यहं ददाति।

अथ सुवर्णलाभमन्त्रः– ॐ ह्रीं काली कङ्काली किलिकिलि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इस मन्त्र का पहले दश हजार जप करें। फिर उसका दशांश हवन करें तो देवी काली वरदान देती हैं और प्रतिदिन चार माशा सोना देती हैं।

अथ सर्वजनमुखस्तम्भन प्रयोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं नमो भगवती दुर्वचती किलि वाचा भञ्जनी सर्वजनमुख-स्तम्भिनी ह्रां ह्रीं ह्रैं ह्रौं ह्रः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण विल्वमरिचं घृताक्तं सहस्रहवनं कुर्यात्, समस्तजनपदाः किङ्करा भवन्ति। एतन्मन्त्रेण यदि न्यग्रोधसमिधं घृताक्तं सहस्रैकं होमयेत् तदा स्त्रीवश्यं भवति।

सर्वजन मुख स्तम्भन प्रयोग– वेल तथा काली मिर्च को घृत से युक्त करके एक हजार हवन करें तो सम्पूर्ण ग्राम दासवत् हो जाते हैं और यदि इसी मन्त्र से घृत में युक्त करके वरगद की समिधाओं से हवन किया जाय तो स्त्री वश्य हो जाती है।

अथ कवित्वप्राप्तियोगः–

अथ कवित्वप्राप्तिमन्त्रः– ॐ रौं ह्रीं हूं हूं ऐं वद वद वाग्वादिनी वागीश्वरी नमः स्वाहाः।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण सहस्रजप्तेन कवित्वं करोति नात्र सन्देहः।

कवित्व प्राप्ति योग– इस मन्त्र को हजार बार जप करे तो मनुष्य कविता करने की शक्ति प्राप्त कर लेता है इसमें कोई सन्देह नहीं है।

अथ पुनः कवित्वप्राप्तियोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ ॐ ॐ ईं ईं ईं ऐं ऐं ऐं नमः स्वाहाः।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण दशसहस्रजप्तेन कवित्वं करोति।

इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डमरेश्वरमातन्त्रे चतुर्थः पटलः।।

पुनः कवित्व प्राप्ति योग– इस मन्त्र को दश हजार जप करने पर कवित्व शक्ति प्राप्त होती है।

श्री शिव पार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में चतुर्थ पटल पूर्ण।।

पञ्चमः पटलः

अथ सम्मोहनम्–

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि यथा त्रैलोक्यमोहनम्।
परपुरुषा वशं यान्ति यथावत् कथयामि ते।।१।।

हे देवि ! जिस साधन के द्वारा त्रैलोक्य मोहित होता है और पर पुरुष वश में किये जा सकते हैं मैं उसी साधन का यथावत् कथन कर रहा हूँ कृपया आप सुनें।

एलां कुष्ठं च लोध्रं च वचा च रक्तचन्दनम्।
श्मशानभस्मसंयुक्तं प्रयोगं मरणान्तकम्।।२।।

इलायची, कूठ, लोध, वचा, लाल चन्दन और श्मशान की भस्म लेकर एक में मिलावें तथा जिसे खिलावे वह जीवन पर्यन्त वशीभूत रहता है।।२।।

अथ भगसङ्कोचेन पतिवशीकरणम्–

कुलत्थं विल्वपत्रं च रोचना च मनःशिला।
एतानि समभागानि स्थापयेत् ताम्रभाजने।।३।।
सप्तरात्रे स्थिते पात्रे तैलमेभिः पचेद् वुधः।
तैलेन भगमालिप्य भर्त्तारमुपगच्छति।।४।।
सम्प्राप्य मैथुनं भर्ता दासो भवति नान्यथा।

भग संकोच के द्वारा पति वशीकरण– कुरथी, वेलपत्र, गोरोचन और मैनसिल को समान भाग में लेकर ताँबे के बर्तन में सात रात्रियों तक रखें तत्पश्चात् इसे तेल में पकाकर जो कोई नारी इस तेल का अपने भग पर लेप करकें पति से सम्भोग करें तो पति दास की तरह हो जाता है। इसमें कुछ अन्यथा नहीं है।

नागरैर्मधुसंयुक्तैर्गुटिकां कारयेद् बुधः।।५।।
अश्वमूत्रेण संयुज्य पुरुषाणां वशङ्करम्।
कुङ्कुमं शतपुष्पं च प्रियङ्गु रोचनं ततः।।६।।
अजाक्षीरेण दातव्यं या भार्या दुर्भगा भवेत्।
ततः सा सुभगा नित्यं पतिदासत्वमाप्नुयात्।।७।।

जो बुद्धिमान स्त्री नागर मोथा को शहद में पीसकर गुटिका बनाये और गुटिका को घोड़े के मूत्र में घिसकर भग पर लेप करें तो पुरुष उसके वश में रहते हैं।।५।।

केशर, सौंफ़, प्रियंगु तथा गोरोचन को बकरी के दूध से पीसकर जो स्त्री भग पर लेप करती है वह स्त्री यदि दुर्भगा है तो सुभगा हो जाती है और उसका पति नित्य दास की तरह हो जाता है।

मातुलुङ्गस्य बीजानि पङ्कजस्य फलानि च।
समुद्रजं रक्तचूर्णं मधुना सह लेपयेत्।।८।।
तैलयोजितमात्रेण पतिदासो भवेद् ध्रुवम्।

विजौरा नीबू का बीज, कमल का फूल, ढोल समुद्र, सिन्दुर तथा शहद को तैल के साथ मिलाकर लेप बनायें और इस लेप को भग पर लगायें तो पति निश्चय ही दास की तरह हो जाता है।

अथ लिङ्गलेपेन नारीवशीकरणम्–

अधुना सम्पवक्ष्यामि योगानां सारमुत्तमम्।।९।।
येन विज्ञानमात्रेण नारी भवति किङ्करी।
उशीरं चन्दनञ्चैव मधुना सह संयुतम्।।१०।।
गजहस्तप्रयोगोऽयं सर्वनारीप्रयोजकः।
केवलं शशिना युक्तं कुङ्कुमं लेपयेद् भगे।।११।।
निजवज्जायते साङ्गं जायते योनिसञ्चयम्।

लिंग लेप के द्वारा नारीवशीकरण– अब मैं योगो के उत्तम सार को कह रहा हूँ जिसके विधि युक्त ज्ञान से स्त्री जीवन भर दासी रहती ही है।।

खस तथा चन्दन को शहद के साथ मिलाकर लिंग पर लेप करने से सभी स्त्रियां वशीभूत होती हैं। इसे गजहस्त प्रयोग कहते हैं।

कपूर के साथ केशर का लेप यदि स्त्री अपने भग पर करें तो इससे भग संकोचन होता है और पुरुष का गजहस्त प्रयोग अधिक आनन्द देने वाला हो जाता है।११।।

अथ गजहस्त प्रयोगः–

लवङ्गं सैन्धवं क्षौद्रं पिप्पली मरिचानि च।।१२।।
नरस्य लेपयेद्गात्रं स भवेद् गजहस्तवत्।

गजहस्तप्रयोग– लौंग, सेंधा नमक, शहद, पीपर तथा काली मिर्च मिलाकर पीसकर गात्र (मदनध्वज) में लगाने से पुरुष का लिंग हाथी की सूँड़ के समान हो जाता है जिससे स्त्रियाँ वशीभूत रहती हैं।।१२।।

अथ भगेऽरन्ध्रयोगः–

वरटावेश्ममृत्तिका शीततोयेन पेषयेत्।।१३।।
तेनैव लिप्तमात्रेण भगे रन्ध्रो न जायते।
तत्र प्रक्षालितेनाथ प्रसवत्वं भविष्यति।।१४।।

भग में अछिद्र योग– बर्रे की वांवी (छत्ते) की मिट्टी शीतल जल से घिस कर योनी में लेप करें तो योनि में छिद्र का अभाव हो जाता है। यदि प्रसव कराना हो तो भग को पुनः प्रक्षालित करना चाहिए।।१३-१४।।

अथ रमणीवशीकरण प्रयोगः–

यः स्वरेतः समादाय रत्यन्ते सव्यपाणिना।
वामपादं स्त्रियो लिम्पेत्सा तस्य वशगा भवेत्।।१५।।

स्त्री वशीकरण प्रयोग– जो व्यक्ति सम्भोग के अन्त में अपने वीर्य को अपने बांये हाथ में लेकर स्त्री के बांये पैर में लगाता है तो वह स्त्री सदा के लिए उसके वश में रहती है।।१५।।

अथ पतिवशीकरण प्रयोगः–

या भोगशेषे कान्तस्य लिङ्गं वामाङ्घ्रिणा स्पृशेत्।
यावदायुर्भवेद् दासः स तस्या नात्र संशयः।।१६।।

पति-वशीकरण प्रयोग– जो नारी सम्भोग के बाद अपने बांये पैर से पति के लिंग को स्पर्श करती है तो पति जीवन पर्यन्त उसका दास बनकर रहता है इसमें कोई संशय नहीं है।।१६।।

अथ स्त्रीवशीकरण प्रयोगः–

कपोतविष्ठा सिन्धूत्थमधुकैः समभागिकैः।
लिप्त्वा लिङ्गं भजेद् यां तु सा वस्या स्याद्वराङ्गना।।१७।।

स्त्रीवशीकरण प्रयोग– कबूतर की विष्ठा, सेधा नमक और शहद समान भाग लेकर पीसकर लेप तैयार करें। इस लेप को लिंग पर लगाकर स्त्री के साथ सम्भोग करने पर वह स्त्री वशीभूत होती है।।१७।।

घनसारं सततज्वं मेद्रं च मधुना सह।
पिष्ट्वा लिप्त्वा रजो यां च भजेत्सा वश्यगा भवेत्।।१८।।

कपूर सततज्व (ब्रह्मदण्डी) को शहद के साथ लिंग पर लेप करके जिस रमणी का भोग किया जाय वही वशीभूत होती है।।१८।।

रोचनां कनकं शम्भुबीजं कर्पूरचन्दनम्।
एभिर्विलिप्तलिङ्गेन यां भजते सा वशा भवेत्।।१९।।

गोरोचन, धत्तूर के फल, पारा, कपूर तथा सफेद चन्दन को लिंग पर लेप करके जिस स्त्री से रति करें वही वश में होती है।।१९।।

श्रीशिवपार्वती संवाद रूप में वीर भद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में पञ्चम पटल पूर्ण।।

षष्ठः पटलः

अथ दुर्लभयोगाः–

कृष्णच्छागरोम-कृष्णमार्जाररोम-कृष्णकाकरोमाणि कृष्णाष्टम्यां कृष्णचर्तुदश्यां वा शनि भौमयोवरिऽश्लेषानक्षत्र आद्रानक्षत्रे वा समभागानि कृत्वा कूपतडागनदीपयसा पेषयित्वा गुटिकां कृत्वा सङ्ग्रामे चोपविशेत्। रणपांशुना तिलकं कुर्यात्। अथानन्तरं येऽन्ये पुरुषा दर्शनं कुर्वन्ति ते कम्पयन्ति मूर्च्छयन्ति उत्पतन्ति पलायन्ते। ये पिष्ट्वा लेपं कुर्वन्ति तेषां शुक्रं कापि पतति न मुञ्चति।

दुर्लभ योग– काले बकरे के रोम, काली बिल्ली का रोम तथा काले कौवे का रोम लाकर कृष्ण पक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी में शनि अथवा मंगलवार को अश्लेशा या आद्रा नक्षत्र में कुअें, तालाब और नदी के जल को बराबर-बराबर मात्रा में लेकर सभी वस्तुओं को पीसकर गुटिका में मिश्रित करके तिलक करें। ऐसा करने पर जो शत्रु पुरुष इस तिलक का दर्शन करेगा वह काँपने लगता है तथा मूर्छित हो जाता है यही नहीं वह उछलने लगता है और भाग जाता है। इस गुटिका का लेप करने से मनुष्य का वीर्य स्खलित नहीं होता है।

एष योगो मया प्रोक्तो देवानामपि दुर्लभः।
निवेदनीयः कस्यापि न कदाचिदिति ब्रुवे।।१।।

यह योग, जिसे मैंने कहा है देवताओं के लिए भी दुर्लभ है; इसलिए इसे ऐसे-वैसे व्यक्ति से नहीं कहना चाहिए।।१।।

शरीरज्ञानयोगः–

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि शरीरज्ञानमुत्तमम्।
येन विज्ञानमात्रेण जायते च शुभाशुभम्।।२।।
जीवितं मरणं चैव लाभालाभं जयाजयम्।
सुखदुःखं भावाभावौ गमनागमनं तथा।।३।।
हिमालयसुता वै हि पृष्टवती वृषध्वजम्।

अब मैं शरीर ज्ञान के उत्तम योग को कह रहा हूँ जिसके ज्ञान मान से शुभाशुभ की समझ प्राप्त हो जाती है।।२।।

जीवन-मरण, लाभ-हानि, जय-पराजय, सुख-दुःख, भाव-अभाव तथा

गमन-आगमन का ज्ञान हो। उसी योग को कहिये। ऐसा हिमालयसुता (पार्वती) ने भगवान शिव से पूछा।।३।।

अथ पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशानि तत्त्वानि, तत्र गुरोर्बृहत्प्रसादेन शास्त्रेण च, येन योगेनातीतेन त्रैलोक्यं सचराचरं जातमेव। एषां समयोगानि स्थूलसूक्ष्माणि कथ्यन्ते। स च सम्प्रेत्य चेष्टायां लक्ष्यते, तस्याः किं नाम? तस्य च का जिज्ञासा यथावदुच्यते चाहुस्ततः पञ्चतत्त्वानि पठ्यन्ते।

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश तत्त्वों का ज्ञान गुरु की महान् कृपा (प्रसाद) से और शास्त्रों से होता है जिसके संयोग से सचराचर त्रैलोक्य उत्पन्न होता है। जिन पञ्च तत्त्वों के समुचित योग से स्थूल, सूक्ष्म शरीर कहे जाते हैं अर्थात् निर्मित होते हैं, वही पञ्च तत्त्व उसकी चेष्टाओं में लक्षित होते हैं। उसका क्या नाम है? उसकी क्या जिज्ञासा है? वह सब यथावत कहा जा रहा है। पञ्च तत्त्वों को पढ़ा जा रहा है।

सम्प्रति दूतो यदागत्य वदति, तस्य वागुदेति, पञ्चतत्त्वाक्षराणि ज्ञात्वा यस्य तत्त्वाक्षरस्य वक्त्रे तत्त्वाक्षराणि भवन्ति प्रश्न चिन्तायां स तत्त्वं जपति। यदि प्रश्नचिन्तायां पृथ्वीतत्त्वाक्षराणि भवन्ति तदा पृथ्वी तत्त्वं भवति। यद्यपामधिका भवन्ति तदा पानीयतत्त्वानि भवन्ति, तत्त्वाक्षराणीत्यर्थः।

इस समय कोई दूत आकर कहता है। उसकी वाणी उदित होती है तो पञ्च तत्त्वाक्षरों को ज्ञात करके वाणी में जिस तत्त्वाक्षर के तत्त्व और अक्षर होते हैं प्रश्न की चिन्ता में वह उसी तत्त्व का जप करता है। यदि प्रश्न की चिन्ता में पृथ्वी तत्त्व के अक्षर हों तो पृथ्वी तत्त्व होता है। यदि इसमें जल तत्त्व के अक्षर अधिक हों तो जल तत्व होता है। यहाँ जल तत्त्व से तत्त्वाक्षर समझना चाहिए।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ एतानि पृथ्वी तत्त्वाक्षराणि।

ए ऐ ओ औ अं अः एतानि जलतत्त्वाक्षराणि।

क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ एतानि तेजस्तत्त्वक्षराणि।

ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म एतानि वायुतत्त्वाक्षराणि।

य र ल व श ष स ह एतान्याकाशतत्त्वाक्षराणि।

एतानि वर्द्धितवाक्येनाधिकाक्षराणि।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ये पृथ्वी तत्त्व-अक्षर हैं।

ए ऐ ओ औ अं अः ये जल तत्त्व-अक्षर हैं।

क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ये अग्नि तत्त्वाक्षर हैं।

ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म ये वायु तत्त्व-अक्षर हैं।

य र ल व श ष स ह ये आकाश तत्त्व-अक्षर हैं।

यही सब बढ़े हुए वाक्यों के द्वारा अधिक अक्षरों वाले हो जाते हैं।

विविधि प्रकारचिन्ताः, समविषमाक्षराणि (पृथ्वी तत्त्वानि) ज्ञातव्यानीति। जीवितमरणलाभालाभजयपराजयसुखदःखगमनागमनानि च यानि समानि विषमाणि अप्तत्त्वानि निवाचितव्यानि। यदा चित्तं भवति कृतस्य वाक्यविषये पृथवीविषये तदा सलिलतत्त्वाक्षराणि भवन्ति तदा स अप्तत्त्वं जपति। अपूचिन्तायां यदा पृथ्वीतत्त्वाक्षराणि भवन्ति तदा पृथ्वीतत्त्वं भवति। एवमन्येष्वपि बोद्धव्यम्। अक्षराणि येन कथयति। लाभचिन्तायां तेज-आकाशाक्षराणि अधिकानि भवन्ति, तदातत्राऽशुभोऽधिकतरो भविता। यदा देशात् तत्त्वाद्वा गमनादिकं तेजसः ग्रामचलिते सङ्ग्रामगमने "अहेतु अके डके" तैजसाक्षराण्यधिकानि भवन्ति। पृथिव्यप्तेजोवायूवाकाशा एतेषामक्षराणि विवाहकार्ये एतेषु तेजोऽक्षराणि शुभहारकाणि भवन्ति।

।। इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वरमहातन्त्रे षष्ठः पटलः।।

विविध प्रकार की चिन्तायें तथा सम और विषम अक्षर (पृथ्वी तत्त्व) समझने चाहिए। जीवन-मरण, लाभ-हानि, जय-पराजय, सुख-दुःख, गमन-आगमन तथा जो सम और विषम हैं उनको जल तत्त्व समझना चाहिए। जब प्रश्नकर्ता का वाक्य विषय पृथ्वी के विषय में होता है तब उसके वाक्य में जल तत्त्व के अक्षर होते हैं और तब वह जल तत्त्व का कथन करता है और जब वह जल विषयक चिन्ता करता है तब उसमें पृथ्वी तत्त्व के अक्षर होते हैं और वहाँ पर पृथ्वी तत्त्व होता है। इसी प्रकार अन्य तत्त्वों में भी समझना चाहिए। अक्षर जैसा कहते हों। जब लाभ की चिन्ता में अग्नि व आकाश के अक्षर अधिक होते हैं तब अशुभ की सम्भावना अधिक होती है। जब देश अथवा तत्त्व से गमन आदि का तब तेजाक्षर अधिक होते हैं। गाँव से चलने पर तथा संग्राम में गमन करने पर "अहेतु अके डके" में अग्नि के अक्षर अधिक होते हैं। विवाह काल में पृथ्वी, जल, वायु और आकाश के अक्षर होते हैं। यदि अग्नि तत्त्व अक्षर अधिक हों तो अशुभ की सम्भावना अधिक रहती है।

।। श्रीशिवपार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में छठवां पटल पूर्ण।।

सप्तमः पटलः

अथौषधीकरणं निरूप्यते–

ओषधी परमा श्रेष्ठा गोपितव्या प्रयत्नतः।
यस्याः प्रयोगमात्रेण देवता यान्ति वश्यताम्।।१।।

परम श्रेष्ठ औषधियों को प्रयत्नपूर्वक गोपित (गुप्त) रखना चाहिए जिनके प्रयोग मात्र से देवता वशीभूत हो जाते हैं।।१।।

ओषधी सा बुधैः प्रोक्ता चाण्डाली लोकविश्रुता।
सुरासुरगणैः पूज्या सर्वकार्यार्थसाधिनी।।२।।

संसार में प्रसिद्ध वह औषधि विद्वानों के द्वारा चण्डाली (शिवलिंगी) नाम से जानी जाती है। यह औषधि देवताओं तथा असुरों के द्वारा पूज्य और सभी कार्यों को सिद्ध करने वाली है।।२।।

एकपत्री द्विपत्री च त्रिपत्री तुर्यपत्रिका।
अनेन विधिना देवि चतुश्चरणगामिनी।।३।।
मानुषाणां विशेषेण वश्यकर्मणि योजिता।

यह औषधि एकपत्री द्विपत्री, त्रिपत्री तथा चर्तुपत्री के भेद से चार प्रकार की होती है। हे देवि ! इस प्रकार यह औषधि चार प्रकार से गमन करने वाली है। यह विशेषतः मनुष्यों को वशीभूत करने के कार्य में लायी जाती है।।३।।

एकपत्री तु स्वाङ्गमलसंयुक्ता स्त्रियं वशमानयति। द्विपत्री राज्ञो राजपुरुषान्। त्रिपत्री श्रीशाकमरिचसहिता दुष्टां चमूं वशमानयति। चतुष्पत्री च कन्दुसहिता मत्तदुष्टगजं वशमानयति।

एकपत्री चाण्डाली औषधि अपने अंग के मल के साथ जिस स्त्री को खिलाया जाता है वह स्त्री वशीभूत हो जाती है। द्विपत्री चाण्डाली राजा तथा राज-पुरुषों को वशीभूत कर देती है। त्रिपत्री औषधि श्रीशाक और काली मिर्च के साथ देने पर दुष्ट सेना को वशीभूत किया जा सकता है तथा चारपत्री चाण्डाली मस्त व दुष्ट हाथी को वश में कर देती है।

अथोत्पाटनविधिः कथ्यते–

शनिववारे शुचिर्भूत्वा सायं सन्ध्यादिकं विधाय गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यादिभिः पञ्चोपचारैः पूजादिकं विधाय अक्षतं फलं हस्तं

गृहीत्वा ओषधिसमीपे स्थित्वाभिमन्त्रणं कुर्यात्। ततोऽनुदिते भानौ खदिरकाष्ठकीलकेन खनयेत्।

तन्त्र-मन्त्रः-

येन त्वां खनते ब्रह्मा हृषीकेशो महेश्वरः।
शचीपतिः पितृपतिर्जलेशश्च धनाधिपः।।
तेन त्वां खनयिष्यामि तिष्ठ तिष्ठ महौषधि।
इति पतित्वा खनयेत्।।

औषधि खनन का विधान- शनिवार के दिन पवित्र होकर सांयकाल में औषधि के समीप स्थित होकर सन्ध्यादि कार्य करें तथा गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पञ्चमोपचार करके अक्षत तथा सुपारी आदि फल हाथ में लेकर औषधि के समक्ष अभिमन्त्रण करें अर्थात् निवेदन करें। तत्पश्चात् दूसरे दिन सूर्योदय से पूर्व कत्थे की लकड़ी से खोदें। खुदाई करते समय उपरोक्त मन्त्र पढ़ते रहना चाहिए।

शुचिरारभ्य एकान्ते प्रभाते मन्त्रमुक्तितः।।४।।
संग्राह्यमौषधं सिद्ध्यै न भवन्ति हि काष्ठवत्।

अथ मन्त्रः-

नमोऽस्त्वमृतसम्भूते बलवीर्यविवर्द्धनि।।५।।
बलमायुश्च मे देहि पापं मे नय दूरतः।। इति मन्त्रः।।

प्रातःकाल में पवित्र रहकर एकान्त में सिद्धि की प्राप्ति हेतु मन्त्र के द्वारा औषधि का संग्रहण करें अर्थात् संग्रहण करते समय उपरोक्त मन्त्र का जप करता जाये। ऐसी औषधियाँ मात्र काष्ठ के समान नहीं होती हैं।

येन चानेन मन्त्रेण खनित्वोत्पाट्यमानं कृत्वा यः पूर्वमानीतो योऽन्यथा न भवेत्।

अथ मन्त्रः- अत्रैव तिष्ठ कल्याणि मम कार्यकरी भव।।६।।
मम कार्ये कृते सिद्धे इतस्त्वं हि गमिष्यसि।। इति मन्त्रः।।

इस प्रकार मन्त्र के द्वारा खोदकर उखाड़े तथा मंत्र से उसे स्थिर करें। जिससे पूर्व में लायी गयी औषधि व्यर्थ नहीं होती।

अथ मन्त्रः- ॐ ह्रीं रक्तमुण्डे हूं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण पुष्यर्क्षे हस्तर्क्षे वा नक्षत्रे सर्वाश्चौषधय उत्पाटनीयाः। यैर्नरैश्च उदिते भानौ ओषध्यः खन्यन्ते उत्पाट्यन्ते उत्पन्द्यन्ते वा, तासां रविकिरणपीतप्रभावेनावीर्यप्रभावा भवन्ति। सिद्धि कारिका न भवन्ति। यद्युदिते भास्करे उत्पाट्यन्ते, तदा तासां पूजा कर्तव्या। जपारक्तोत्पलरक्त-करवीररक्तचन्दनकुङ्कुमेन गव्यगोमयेन सपादहस्ताभूमिं संलिप्य तन्मध्ये चतुरस्रं कारयते। रक्तचन्दनकुङ्कुमाभ्यां तन्मध्ये वर्तुलं वितस्तिमात्रं भानुं पूजयेत्। तस्मै रक्तभक्तपुष्परक्तैर्वक्ष्यमाणमन्त्रेण बलिं दद्यात्।

चतुरस-मण्डल

पूर्व

	बुध	शुक्र	चन्द्र	
उत्तर	गुरु	सूर्य	भौम	दक्षिण
	केतु	शनि	राहु	

पश्चिम

इस प्रकार उपरोक्त मंत्र से पुष्य या हस्त नक्षत्र में सभी औषधियां उखाड़नी चाहिए। जो मनुष्य सूर्य के उदय होने के पश्चात् औषधियों को खोदते, उखाड़ते या उत्पादन करते हैं तो उन औषधियों का प्रभाव (तेज) सूर्य की किरणों के द्वारा हर लेने पर वे औषधिया अवीर्यवान हो जाती हैं अर्थात् वे प्रभाव रहित हो जाती हैं। वे सिद्धि दायक नहीं होती। यदि सूर्योदय पर औषधि को उखाड़े तो प्रथम उसकी पूजा करें। गुड़हल, लाल कमल, लाल कनेर, लाल चन्दन तथा केशर को लेकर, प्रथम गाय के गोबर से डेढ़ हाथ भूमि लीप कर उसके मध्य में चौकोर मण्डल बनावे। तत्पश्चात् रक्त चन्दन तथा केशर से मध्य में गोलाकार एकवितस्ति मात्र परिमाण में सूर्य को स्थापित कर पूजा करें। पार्श्वो में बुध, चन्द्र आदि ग्रहों की स्थापना व पूजा करनी चाहिए। इसके पश्चात् लाल चावल के भात और लाल फूलों से निम्न मंत्र से वलिदान करें।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रां द्रीं द्रूं द्रैं द्रौं द्रः सः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मंत्रेण पूजां कृत्वोत्पाटयेत्, तद्धि वीर्ययुक्ता भवति, सर्वकार्यक्षमा भवति।

इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभदेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर महातन्त्रे सप्तमः पटलः।।

इस मंत्र से पूजन करके औषधि को उखाड़े तो वह वीर्ययुक्त तथा सर्व कार्यकारिणी होती है।।

।। श्री शिवपार्वतीसंवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में सप्तम पटल पूर्ण।।

अष्टमः पटलः

अथ गर्भधारणविधानम्–

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यमि नारीणां गर्भधारणम्।

पद्मबीजं गव्यपयसा सह या नारी पिबति सा गर्भवती भवति सत्यमेव। आदित्यवारे निमन्त्रयेत्, चन्द्रवारे भक्षयेत्।

पूर्वदिग्भागस्थितं शिरीषमूलं गव्यघृतेन सह ऋतुसमये भक्षयेत् सा संवत्सरेण गर्भवती भवति।

गर्भधारण का विधान– अब मैं स्त्रियों के गर्भधारण विधान को कह रहा हूँ– कमल के बीजों को गाय के दूध कें साथ जो नारी पान करती है गर्भवती होती है। यह सत्य है। कमल बीजों को रविवार के दिन निमन्त्रित करें तथा सोमवार के दिन लाकर पान करें।

जो स्त्री पूर्व दिशा में स्थित सिरस की जड़ को गाय के घृत के साथ ऋतुकाल में भक्षण करती है वह एक वर्ष में अवश्य गर्भवती होती है।।

अनपत्या च या नारी कपित्थं भक्षयेत् सदा।
अभिमन्त्र्य तु मन्त्रेण सापि पुत्रवती भवेत्।।१।।

जो निःसन्तान स्त्री मन्त्र से अभिमन्त्रित करके कैथ के फल का भक्षण करती है। वह निश्चय ही पुत्रवती होती है।।१।।

एकवृक्षतटे नारी स्नानं कृत्वाऽभिमन्त्रयेत्।
आदिबन्ध्यापि देवेशि भवेद्गर्भवती हि सा।।२।।
देवः शिवो भवेद्यत्र नदी सङ्गमसन्निधौ।
तस्यां नद्यां दिशि स्नात्वा वन्ध्या पुत्रवती भवेत्।।३।।

नदी के तट पर जहाँ एक वृक्ष हो वहाँ पर स्त्री स्नान करे। स्नान करने से पहले जल को अभिमन्त्रित कर ले। ऐसा करने पर, हे देवेशि ! आदिवन्ध्या (जन्म से वन्ध्या) भी गर्भवती हो जाती है।।२।।

नदी के संगम पर जहाँ शिव मंदिर हो वन्ध्या स्त्री वहाँ पर जाय और भगवान शिव की दिशा में स्नान करे ऐसा करने से वन्ध्या स्त्री पुत्रवती हो जाती है।।३।।

विधिरत्रोच्यते–

कपिलागोमयेनाथ भूमिं संलिप्य यत्नतः।
स्नात्वा विधिप्रकारेण मण्डलं कारयेत्ततः।।४।।

पूजा विधान का कथन– कपिला गाय के गोबर से यत्नपूर्वक भूमि को लीपकर स्नान करके विधिपूर्वक मण्डल का निर्माण करें।।४।।

।।मण्डल।।

चतुरसं चतुष्कोणं तन्मध्ये वर्तुलं स्मृतम्।
तन्मध्ये विलिखेत् पश्चादष्टपत्रं सकर्णिकम्।।५।।
मध्ये तु पूजयेद्देवं पत्रे शक्तिं प्रपूजयेत्।
निर्व्रणमण्डलस्याग्रे कमलं स्थापयेद् बुधः।।६।।

।।मण्डल।।



प्रथम चौकोर मण्डल बनावे, चारों ओर चार कोणों का निर्माण करने के पश्चात् मध्य में वृत्त बनायें। वृत्त के मध्य में अष्ट-दलों से युक्त कमल का निर्माण करें।।५।।

इस मण्डल के मध्य में शिव की पूजा करें तथा अष्ट दलों में आठ शक्तियों (ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, ऐन्द्री तथा नारसिंही) का पूजन करें ज्ञानी को चाहिए कि मण्डल के अग्रभाग में कमल की स्थापना करे। तदनन्तर कलश की स्थापना करे।।६।।

शिखिपत्रनखवर्णेन लिखेत्। शृङ्गता कुलसप्तपर्वतमृत्तिका.....? स्वमलमृत्तिका वल्मीकमृत्तिका निम्बमूलमृत्तिका सुवर्णरजतताम्रकाँस्य-सहस्रमूलं सर्वतीर्थानि, समुद्राः सरितः सर्वा सर्वौषधयः सर्वदेवताः सर्वसिद्धयः सर्वयोगिन्यः सर्वे गिरयः सर्वनामानि पञ्चजात्यानि फलानि पञ्चप्रकाराक्षतानि पञ्चसुवर्णपुष्पाणि स्थिरचित्तेन मन्त्रितकलशे परिकल्पयेत्।

अथ मन्त्रः– क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्षः।। इति मन्त्रः।।

इस मण्डल को मयूर के पंख अथवा नाखून से बनाना चाहिए। इसमें सप्त कुल पर्वतों की मिट्टी अपने शरीर के मर्दन से निकली मिट्टी, बाँवी की मिट्टी, नीम वृक्ष के जड़ की मिट्टी, स्वर्ण चाँदी ताँबा, काँसा और द्रवन्ती औषधि तथा सभी तीर्थों के जल, समुद्र का जल, नदियों का जल और सभी औषधियों को कलश में रखना चाहिए, सर्व देवता, सभी सिद्धियाँ, सभी योगिनियाँ, सभी पर्वत, सभी नाग का आवाहन इसी कलश में करना चाहिए। पाँच प्रकार के फल, पाँच प्रकार के अक्षत (चावल, साँवा, ककुनी, नीवार तथा जौ) पाँच स्वर्ण पुष्प (स्वर्ण सिक्के) भी कलश में रखें। तत्पश्चात् स्थिरचित्त होकर उपरोक्त मन्त्र से कलश को अभिमन्त्रित करें।

अनेन मन्त्रेण या नारी विधानेन निरतं वर्जिता अब्रह्मचारिणी देवी वन्ध्या पञ्चपतिवर्जिता।

अपुत्रा लभते पुत्रान् दुर्भगा सुभगा भवेत्।
अनेनैव विधानेन कन्या प्राप्नोति सत्पतिम्।।७।।

इस प्रकार मन्त्र और विधान को करती हुई जो स्त्री अब्रह्मचर्य का पालन करती हुई अपने पति की रति से सन्तुष्ट पञ्च पतियों से वर्जित रहकर विधिपूर्वक अनुष्ठान करती है वह निःसन्तान होते हुए सन्तान को प्राप्त करती है तथा जो स्त्री दुर्भगा होती है वह सुभगा हो जाती है। यही अनुष्ठान (विधान) विधिपूर्वक कोई कन्या करती है तो वह सुयोग्य वर को प्राप्त करती है।।७।।

मन्त्रौषधिप्रयोगाश्च ये चान्ये चूर्णकीर्णकाः।
नवाभिचारिताः क्रूराः शुद्धदेहा भवन्ति ते।।८।।

मन्त्र, औषधि प्रयोग और अन्य चूर्ण आदि आगे बताये जायेगें। उनके नव बार प्रयोग करने पर पापी व्यक्ति भी शुद्ध देह हो जाते हैं।।८।।

ये चान्ये विघ्नकर्तारश्चरन्ति भुवि राक्षसाः।
ते सर्वे प्रलयं यान्ति सत्यं देवि मयोदितम्।।९।।
सकृदुच्चरिते मन्त्रे महापुण्यं प्रजायते।
ब्रह्महत्यादयो दोषाः क्षयः यान्ति न संशयः।।१०।।

इस भूमि पर विघ्न करने वाले जो राक्षस आदि विचरण कर रहे हैं। हे देवि ! वे सब मेरे कथनानुसार नष्ट हो जाते हैं।।९।।

यदि मन्त्र का उच्चारण एक बार भी किया जाय तो महापुण्य मिलता है। ब्रह्म हत्या आदि दोष नष्ट हो जाते हैं। इसमें कोई संशय नहीं है।।१०।।

अथ प्रथमोपाय उच्यते–

नागकेसरं दश माषकं गव्यघृतेन सहर्तुस्नानदिवसे पिबेत्। तदनन्तरं भर्त्रा सह रात्रौ संयोगं कुर्यात्। साऽवश्यमेव गर्भवती भवति।

अब प्रथम उपाय कहते हैं– नागकेशर दस मासा, गाय के धृत के साथ ऋतु स्नान के दिन जो नारी पान करती है। तदुपरान्त पति के साथ रति करती है तो वह अवश्य ही गर्भवती होती है।

अथ द्वितीयोपायः–

श्वेतजीरकं सत्तदश माषमात्रकं रात्रौ मृण्मयपात्रे जलेन सह निरावरणस्थाने समग्ररात्रौ स्थापयेत्। अग्रिमदिवसे शिलायां पिष्ट्वा पर्युषित-जलेन या स्त्री ऋतुस्नानदिने पीत्वा रात्रौ भर्ता सह संयोगं कुर्यादवश्यं सा गर्भवती भवति।

द्वितीय उपाय– सफेद जीरा सत्तरह माषा तथा मिट्टी के पात्र में जल भरकर रात्रि में खुले स्थान में रख दें। पूरी रात रखा रहने दें। अगले दिन सिल पर पीसकर पीष्टी तैयार करें। ऋतु स्नान के दिन जो स्त्री वासी जल के साथ इस पिष्टी का पान करके रात्रि में पति का संयोग प्राप्त करे तो वह स्त्री अवश्य ही गर्भवती होती है।

अथ तृतीयोपायः–

दकाल्वद्मदीपि दशमाषकं गव्यदुग्धेन सह या ऋतुस्नानदिवसे पीत्वा

रात्रौ भर्ता सह संयोगं कुर्यात् साऽवश्यमेव गर्भवती भवति।

तीसरा उपाय– काली विष्णु कान्ता की जड़ दस माशा, गाय के दूध के साथ स्नान के दिन जो स्त्री पीती है और रात्रि में पति के साथ संभोग करती है वह स्त्री अवश्य ही गर्भधारण करती है।

अथ विशिष्टभोजनप्राप्तिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ घण्टाकर्णाय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं सप्तधा जप्त्वा ग्रामे नगरे वा प्रविशेत् तत्र विशिष्टं भोजनं प्राप्नोति।

विशिष्ट भोजन प्राप्ति मन्त्र– उपरोक्त मन्त्र का सात बार जप करके किसी ग्राम या नगर में प्रवेश करें तो विशेष भोजन की प्राप्ति होती है।

अन्यच्च–

अथ मन्त्रः– भों अल्ल में सिद्धा।। इति मन्त्रः।।

अनेनाष्टोत्तरशतं जपेत्।

उपरोक्त मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करने से विशिष्ट भोजन की प्राप्ति होती है।

अथ शशकादीनां मुखबन्धनम्–

शिरीषमूलमृदः क्षेत्रस्य चतुष्कोणेषु मोक्षयेत् तदा शशकमूषक-वाराहचतुष्पादप्रभृतीनां मुखबन्धनं भवति।

शशक आदि का मुख बन्धन– शिरस की जड़ की मिट्टी खेत के चारों कोनों पर डालें तो खरगोश, चूहा, सुअर तथा अन्य चौपायों आदि का मुखबन्धन हो जाता है।

अथ मन्त्राणां शत्रुमित्रोदासीनलक्षणम्–

अधुना सम्प्रवक्ष्यामि मन्त्रास्ते फलदायकाः।
ये सिद्ध्यन्ति दशान्यूनं मंत्रसाधनमुक्तिदाः।।११।।

शत्रुमित्र-उदासीन-साध्यसिद्धस्य लक्षणम्।

मन्त्रों का शत्रु मित्र लक्षण– अब मैं उन फलदायक मन्त्रों को कह रहा हूँ जिनमें से कौन मन्त्र साधन मुक्ति देने वाला है और कौन सिद्धि देने

वाला है तथा कौन से मन्त्र की दशा न्यून है। मन्त्रों का साधक से शत्रु, मित्र उदासीन, साध्य और सिद्ध का क्या लक्षण है।

मन्त्राक्षराणि लिखित्वा साधकस्य तस्य यदापि च प्रथमवर्गाक्षरो भवति, तदा मित्रम्, द्वितीयवर्गाक्षरो भवति, तदा सिद्धः। तृतीयवर्गस्य यदा भवति तदा साध्यः चतुर्थवर्गाक्षरो भवति तदोदासीनः, पञ्चमवर्गाक्षरो यदा भवति तदा शत्रुर्ज्ञातव्यः। एतान् भेदान् ज्ञात्वा मन्त्रशोधनमारभेत् तदा साधकानां सुखावहो भवति।

मन्त्र के अक्षरों को लिखकर देखें कि मन्त्र-साधक के नाम के यदि प्रथम वर्ग का अक्षर आदि में हो तों मित्र, द्वितीय वर्ग का अक्षर हो तो सिद्ध, तृतीय वर्ग का हों तो साध्य, चतुर्थ वर्ग का हो तो उदासीन तथा पञ्चम वर्ग का अक्षर हो तो शत्रु समझना चाहिए। इन भेदो को जानकर ही मन्त्र का चुनाव (शोधन) करना चाहिए। इससे साधक को सुख व सिद्धि की प्राप्ति होती है।

अथ निर्व्याधियोगः–

कल्पवृक्षषण्डमूलानि यानि प्रक्षालितानि गव्यदधिमिश्रितायां राजिकायां संस्कार्याणि। ततो नियमपूर्वकं भक्षयेत्। निर्व्याधियोगेष्वमुं स्वमुखे नियोजयेत् विधानमस्या ब्रवीमीति देवि !

निर्व्याधि योग– नीम की जड़ों को टुकड़े करके धोकर गाय के दही में मिश्रित करें और राई डालकर संस्कारित करें तत्पश्चात् नियमपूर्वक इसका भक्षण करें। हे देवि ! इस निर्व्याधि योग का नियोजन मैंने अपने मुख से किया, उसे ही कहा है।

अथ मयूरशिखायोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ नमः षण्मुखाय शक्तिहस्ताय मयूरवाहनाय औषधीकेन देहि में भव स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण चतुर्दश्यां शुचिर्भूत्वा मयूरशिखामुत्पाटयेत् तदा महाप्रभावयुक्ता भवति। गव्यधृतेन सह संगृह्यते तदा इन्द्रियबलो भवति। पञ्चमलेन स्वर्णकारो भवति।

मयूरशिखा योग– उपरोक्त मन्त्र के द्वारा चतुर्दशी तिथि में पवित्र होकर मयूर शिखा को उखाड़ लाये तो व महान प्रभाव से युक्त हो जाती है। गाय के घी के साथ सेवन करने से इन्द्रिय बल बढ़ता है। ऐसे मयूर शिखा

भक्षण करने वाले पुरुष के पञ्चमलों (आँख, कान, नाक, जिह्वा तथा लिंग का मल) से ताम्र को वेधित किया जाय तो ताँबा सोना बन जाता है।

अन्यच्च– श्वेतकरवीरमूलं श्वेतगिरिकर्णिकामूलं हेवचनाङ्भीकृत-जाताञ्जली पञ्चमलसमायुक्ता भक्षे पाने प्रदातव्या मरणान्तं वशीकरणम्।

वशीकरणयोग– सफेद कनेर की जड़, सफेद गिरिकर्णिका की जड़ तथा नागकेशर को कुमारी कन्या की अंजली में भरकर गोली बनायें और इसमें अपने पञ्चमलों को मिलाकर जिस किसी को खान-पान में दिया जाय, वही जीवन पर्यन्त वश में रहता है।

अथ सिद्धगुटिकायोगः–

अन्यच्च– श्वेतगिरिकर्णिका मूलं स्ववीर्येण सह स्वीयः पञ्चमलः हरवीर्यं श्वेतार्कमूलमेतानि हस्तर्क्षे पुष्यर्क्षे वा एकीकृतानि कुमारिकाहस्ताभ्यां मर्दयित्वाऽष्टम्यां चतुर्दश्यां वा गजमदेन सह हस्ते गुटिकां कारयेत्। यस्यै एकापि दीयते सा वश्या भवति नान्यथा। शुक्लपक्षेऽपि सर्पाणां दीयते ते सर्पा अपि वश्या भवन्ति। श्रीमहाभैरवस्य वचो यथा। कुङ्कुमेन सह दीयते तदा वै गजो वशीभवति। रोचनया कुङ्कुमेन सह यदा तिलकं क्रियते तदा सा स्त्री पृष्ठलग्ना भ्रमति। गुरुदारेभ्यस्तिलको न दर्शयितव्यः। राजद्वारे तथा न्याये विवाहे युद्धे जयावहे त्रैलोक्यमोहनमेतत्।

सिद्ध गुटिका योग– श्वेत गिरिकर्णिका की जड़ अपने वीर्य के साथ पीसकर उसमें अपने पाँचों मल तथा पारा और सफेद मदार की जड़ को मिलावें। इसके बाद हस्त नक्षत्र में या पुष्य नक्षत्र में कुमारी कन्या के हाथ से मर्दन करावें फिर अष्टमी अथवा चतुर्दशी की रात्रि में गजमद के साथ गुटिका बनावें। ऐसी एक गुटिका जिस स्त्री को दी जायेगी वह अवश्य वशीभूत होती है। शुक्ल पक्ष में यह गुटिका यदि सर्पो को दी जाय तो वह भी वशीभूत हो जाते हैं। ऐसा श्री महाभैरव का कथन है। हाथी को यही गुटिका केशर के साथ दिया जाय तो हाथी वश्य में हो जाते हैं। केशर तथा गोरोचन के साथ गुटिका से तिलक किया जाय तो देखने वाली स्त्री पीछे-पीछे घूमने लगती है। इसलिए यह तिलक गुरु पत्नियों को नहीं दिखाना चाहिए। यह प्रयोग राजद्वार, विवाह, न्यायालय युद्ध आदि में त्रैलोक्य मोहन करने वाला है।

अथाहारयोगः–

त्रिफला पञ्च माषा, निम्बः एक माषाः, कदम्बः द्वौ माषौ, नीपः द्वौ

माषौ, चिरयता चतुर माषा करञ्जः पञ्च माषाः, भृङ्गराजः ६ माषाः, मयूरशिखा ७ माषाः एतानि समभागानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेत्। तदनन्तरं मधुना सह पेषयेत्। भोजनञ्च यथाहारं कुरुते नात्र संशयः। एतच्चूर्णं सुरेभ्योऽपि दुर्लभम्।

आहार योग– त्रिफला पाँच माषा, नीम एक माषा, कदम्ब दो माशे, नीप तीन माशे, चिरायता चार माशे, कंजा पाँच माशे, भृङ्गराज छः माशा, मयूर शिखा सात माशे सबको लेकर चूर्ण बनायें। तत्पश्चात् शहद में मिलायें। इस घटक को आहार करने से भोजन अधिक बढ़ जाता है। यह चूर्ण देवताओं के लिए भी दुलर्भ है।

अथ गर्भधारण योगः–

जातिचूर्णं शिरीषवल्कलचूर्णं च गव्यघृतेन सह यस्यै वनितायै ऋतुस्नानदिवसे पानार्थं दीयते सा स्त्री वन्ध्याऽपि गर्भवती भवति नात्र संशयः। एतत् चूर्णं कपित्थफलेन सह ऋतुसमयेऽपुत्रवती भक्षयति सा स्त्री पुत्रमाप्नोति। एतच्चूर्णं श्वेतकङ्कोलीमूलं लक्ष्मणाचूर्णञ्च समं कृत्वा कुङ्कुमक्वाथेन सहर्तुसमये यदा भक्षणार्थं दीयते तदा तस्याः शरीर-शुद्धिर्भवति। पश्चादृतुसमयोपरि पञ्च दिनानि भक्षयेत् तदा सा गर्भधारणक्षमा भवति नात्र संशयः।

इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृत उड्डमरेश्वरमहातन्त्रे अष्टमः पटलः।।

गर्भ धारण योग– जायफल चूर्ण तथा सिरस की छाल का चूर्ण गौ घृत के साथ जिस नारी को ऋतु स्नान के दिन पीने को दिया जाय वह वन्ध्या भी गर्भवती होती है। इसमें संशय नहीं करना चाहिए।

इसी चूर्ण को कैथ के फल के साथ ऋतु-समय में वन्ध्या स्त्री भक्षण करें तो भी पुत्रवती होती है और इसी चूर्ण को सफेद कटेरी (भटकटैया) और सफेद कंकोली की जड़ को समान भाग में लेकर चूर्ण बनाकर केशर के काढ़े में सदैव भक्षण करने वाली स्त्री का शरीर शुद्ध होता है तथा ऋतु-काल के बाद पाँच दिनों तक भक्षण करे तो वह स्त्री गर्भ धारण करती है। इसमें संशय नहीं करना चाहिए।

इति श्रीशिव पार्वती संवाद रुप में वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में अष्टम पटल पूर्ण।।

नवमः पटलः

अथ विषनाशकौषधिः–

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्याम्यौषधं परमदुर्लमम्।
आस्फोटीनामविख्याता नागनाम्नीति विश्रुता।।१।।
अस्या विधानं वक्ष्यामि दुर्लभं त्रिदिवौकसाम्।
विषाः सर्वे विनश्यन्ति लेपनाद् भक्षणात्क्षणात्।।२।।

विषनाशक औषधि– अब मैं अन्य परम दुर्लभ औषधि को कहूँगा जो आस्फोटी नाम से विख्यात है तथा जिसको नागदमनी भी कहा जाता है। मैं इसी का विधान कह रहा हूँ जो त्रिदेवों के लिए भी दुर्लभ है। इसके लेपन और भक्षण से सभी प्रकार के विष दूर किये जा सकते हैं।

पत्रहस्ते तां प्रलिप्य सर्पो ध्रियते धृतमात्रे सर्पो न नश्यति नैव क्षतानि, प्रलिप्य नागपूजितमन्त्रेण सर्पो विनश्यति।

आस्फोटी के पत्तों का हाथ में लेप करके यदि सर्प को पकड़े तो सर्प न काटे और न ही नष्ट हो। नाग पूजित मन्त्र से नागदमनी के पत्तों का लेप घर के फर्श आदि में किया जाय तो सर्पो का विनाश हो जाता है अर्थात् वे भाग जाते है।

अथ वातरोगविनाशः–

नागदमनीमूलं खननान्नाडीललाटलेपनान्नाशयति समन्तत आमवातं पित्तवातं श्लेष्मवातमेते वाता विनष्यन्ति भक्षणान्नात्र संशयः।

वातरोग का विनाश साधन– नाग दमनी की जड़ खोदकर नाड़ी तथा ललाट पर लेपन करने से आमवात, पित्तवात तथा श्लेष्मवात आदि का समूल नाश हो जाता है। भक्षण से भी उपरोक्त क्रिया होती है इसमें कोई संशय नहीं है।

अथ कथयाम्योषधीकरणे करणकारणानि। पुत्रमयवशीकरणकारक-पुत्रपुत्रं कंसं कातरापि परम् (?) महिलाजनस्यैकश अप्यस्य दीयते सा पतिं परित्यज्य पश्यतां लोकानां नग्ना भूत्वा भ्रमति।

अब मैं औषधि-निर्माण में करण और कारणों का कथन करुँगा। पुत्रमय वशीकरण.....(?) (अस्पष्ट पंक्ति का भावार्थ नहीं लिखा गया है)

यदि स्त्रियों को एक बार भी दे दी जाय तो व पति को छोड़कर सबके देखते ही देखते नग्न होकर घूमने लगती हैं।

अथ वशीकरणम्–

अथ कथयामि तान्त्रिकविधिम्। ताम्रवेदीपरोर इति लोकैरुच्यते, शनिवारे तामभिमन्त्र्य दिगम्बरो मुक्तकेशो भूत्वाऽनुदिते भानौ ग्रहणं कुर्यात् षिष्ट्वा सम्यक् प्रकारेण स्त्रीपञ्चमलेन च कामातुरेण कृत्वा ताम्बूलेन सह भगिनी कृत्वा दीयते सा वश्या भवति नान्यथा। मातापि पुत्रं परित्यज्य तत्परा भूत्वा पृष्ठतो लग्ना भवति यत्रकुत्रापि तथा तमनुयाति नात्र संशयः।

वशीकरण विधान– अब तान्त्रिक विधि का कथन करते हैं– ताम्रवेदी परोर (कुलथी और फलूहा) ऐसा नाम लोगों के द्वारा कहा जाता है। दोनों को शनिवार के दिन निमन्त्रित करें, फिर दूसरे दिन (रविवार) सूर्योदय से पहले खुले केश तथा निर्वस्त्र होकर उखाड़ लायें और पीस लें, अच्छी प्रकार से पीसकर पञ्च मलों को मिलाकर कामातुर होकर पान के साथ भगिनी करके किसी स्त्री को दिया जाय तो वह अवश्य वश में होती है। इसमें कुछ संशय नहीं है। माता भी पुत्र को छोड़कर पृष्ठ लग्ना हो जाती है। वह पुरुष जहाँ-जहाँ जाता है, वह स्त्री उसके पीछे-पीछे जाती है। इसमें कोई संशय नहीं करना चाहिए।

अथ स्त्रीवशीकरणम्–

काकजङ्घेति विख्याता महौषधिर्ग्रामे सर्वत्र तिष्ठति, शनिवारे सन्ध्यासमये तस्या अभिमंत्रणं कुर्यात् तदनन्तरं ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थायानुदिते भानौ पुष्यर्क्षे हस्तर्क्षे वा योगे खदिरकीलकेन तां समूलामुत्पाटयेत्। पुनस्तां सप्तम्यामष्टम्यां नवम्यां एतासु तिथिषु पुनर्वसुपुष्यहस्तर्क्षयुक्तासु स्वपञ्चमलेन सह पिष्ट्वा स्ववीर्यं स्वरक्तमपि तस्मिन् दत्त्वा यस्यै वनितायै दीयते सा वश्या भवति सत्यमेव मन्त्रेणानेन मन्त्रयेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवति त्रिपुरे त्रैलोक्यमोहिनि ऐं द्रां श्रीं क्लीं सौं अमुक नाम्नीं शीघ्रं में वशमानय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

स्त्रीवशीकरण विधान– काकजंधा नाम से विख्यात ये महाऔषधि गाँवो में सर्वत्र प्राप्त होती है। शनिवार के दिन सायंकाल में काजंधा को निमन्त्रित कर आवें, तदुपरान्त पुष्य अथवा हस्त नक्षत्रयुक्त रविवार को प्रातःकाल सूर्योदय से पहले जाय और कत्थे की कील (लकड़ी) से उसे जड़ सहित खोद लायें।

इसके पश्चात् सप्तमी, अष्टमी या नवमी तिथियों में जो पुनर्वसु, पुष्य या हस्त नक्षत्र से युक्त हो, अपने पंचमलों के साथ उसको पीस लें, फिर उसमें अपना वीर्य और रक्त भी मिलायें, तत्पश्चात् उसे जिस रमणी को दिया जाय चाहे वह बेटी ही क्यों न हो वह अवश्य ही वश में हो जाती है। इस महाऔषधि को उपरोक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करना आवश्यक है। मन्त्र में अमुक के स्थान पर अभीष्ट स्त्री का नाम लेना चाहिए।

अथ गुञ्जाकल्पे कामवाणतिलकम्–

अथ गुञ्जाकल्पो लिख्यते– श्वेतगुञ्जां शनिवारे सन्ध्यासमयेऽभिमंत्रितां कृत्वा ततो ब्राह्मे मुहूर्त्ते उत्थायानुदिते भानौ खदिरकीलकेन दिगम्बरो भूत्वा समूलामुत्पाटयेत्। पुष्यर्क्षे हस्तर्क्षे वा स्त्रीपुष्पेण सह गोरोचनकाश्मीरकुङ्कुमश्वेतचन्दनरक्तचन्दनकस्तूरीकर्पूरहस्तिमदेन सहाभिमन्त्र्य तिलकं कुर्यात् तदा स्त्री कामवाणविमोहिता विह्वला भवति। मन्त्रेणाऽनेन मन्त्रयेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं हूं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अब गूंजाकल्प लिखते हैं– सफेद घुंघुची को शनिवार के दिन सन्ध्या काल में निमन्त्रित करायें। दूसरे दिन रविवार को प्रातःकाल सूर्योदय से प्रथम ही जाय और नग्न होकर कत्थे की लकड़ी से उसे उखाड़ लावें। तत्पश्चात् पुष्य या हस्त नक्षत्र में स्त्री के रज के साथ गोरोचन, कश्मीरी केशर, श्वेत चन्दन, लाल चन्दन, कस्तूरी, कपूर तथा गजमद के साथ पीसकर तिलक बनावें और उसे मन्त्र से अनेक बार अभिमन्त्रित कर तिलक करें तो जो स्त्री देखेगी वह कामवाणों से व्याकुल होकर विमोहित हो जाती है।

अथ वशीकरणतिलकम्–

अथान्यतन्त्रोक्तं वशीकरणादिकं लिख्यते–

सारमुद्धृत्य संक्षेपाद्वशीकरणमोहने।
कामिनां प्रीतिजनकं किञ्चित्तदपि गद्यते।।३।।

अथ वशीकरण तिलक– अब अन्य तन्त्रों से उद्धृत वशीकरण आदि को लिखते हैं–

वशीकरण और मोहन आदि जो कामियों को प्रिय है संक्षेप में उनके सार को उद्धृत करके कहा जा रहा है।।३।।

तत्रादौ तिलकविधिः–

लज्जां मधूकं कव्यं च नलिनीमूलमेव च।
एतान् पिष्ट्वा स्ववीर्येण यः कुर्यात्तिलकं पुमान्।।४।।
ततक्षणादेव नयति वश्यतां भुवनत्रयम्।
वात्स्यायनेन मुनिना प्रोक्तं योगमनुत्तमम्।।५।।

सर्वप्रथम तिलक का विधान– लजालू, महुआ, चव्य तथा कमल की जड़ इन सबको अपने वीर्य के साथ पीसकर जो मनुष्य तिलक करता है वह उसी क्षण तीनों लोको को वशीभूत कर लेता है। ऐसा मुनि वात्स्यायन ने उत्तम योग कहा है।।४-५।।

सिताष्टमूलमंजिष्ठा वचा मुस्ता सकुष्ठका।
स्त्रीयोनिशोणिते चैतदेकीकृत्य ललाटके।।६।।
शुभं तिलकमाधत्ते यः स लोकत्रयं क्रमात्।
कृतज्ञः स्ववशं कुर्यान्मोदते च चिरं भुवि।।७।।

कमल की जड़, मंजीठ, वच, नागरमोथा तथा कूट इन सबको लेकर स्त्री की योनि का रक्त मिलाकर ललाट पर जो शुभ तिलक को लगाता है वह तीनों लोकों को क्रमशः वश में कर लेता है। ऐसा कृतज्ञ सभी को वशीभूत करते हुए पृथ्वी पर चिरआनन्द को प्राप्त करता है।।६-७।।

तगरे पिप्पलीमूलं मेषीशृङ्गी कणा जटा।
एतत्समं स्वपञ्चाङ्गमले नीत्वैकतां सुधीः।।८।।
मधुना तिलकं कुर्याद् यः क्षोणीसुतवासरे।
जगत्सर्वं वशीकुर्यात् स पुमान्नात्र संशयः।।९।।

तगर, पिपलामूल, मेढ़ासिंगी, पिप्पली बड़ी, जटा और इन सबके बराबर अपने पञ्चमलों को मिलाकर बुद्धिमान पुरुष मंगलवार के दिन शहद मिलाकर तिलक करें तो निश्चय ही सम्पूर्ण जगत वश में हो जाता है। इसमें कोई सन्देह नहीं है।।८-९।।

गोरोचनं च सम्भाव्य स्वपुंसो रुधिरेण च।
कुर्यात्सा तिलकं भाले पतिं च मोहयेद् भृशम्।।१०।।

पति के रक्त से गोरोचन को भावित करके जो स्त्री अपने मस्तक पर तिलक करती है वह स्त्री पति को वश में कर लेती है।।१०।।

अथ वशीकरणाञ्जनविधिः–

महाष्टमीदिने यस्तु श्मशाने नरमस्तके।
पातितां कज्जलं विश्वं मोहयेन्नयनाञ्जनात्।।११।।
रोचनां केसरं कन्यां शिलां चेति विशोधयेत्।
योजयेद् दृष्टिपथगं सर्वमेव विमोहयेत्।।१२।।

वशीकरण अञ्जन का विधान– आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी की रात्रि में श्मशान में जाकर मनुष्य की खोपड़ी में काजल पारें। तत्पश्चात् इस काजल (अंजन) को नेत्रों में लगायें तो सम्पूर्ण संसार मोहित हो जाता है। इस काजल में गोरोचन, केसर, घृतकुमारी और दुग्धपाषाण मिलाकर शोधित करके नेत्रों में लगाने से जहाँ तक दृष्टि जायेगी सभी विमोहित हो जायेगें।।११-१२।।

तालीसकुष्ठनागरैः कृत्वा क्षोणीशवर्त्तिकाम्।
सिद्धार्थतैले निःक्षिप्य कज्जलं नरमस्तके।।१३।।
पातयेदञ्जनं तस्य सर्वदा भुवनत्रये।
दृष्टिगोचरमायातः सर्वो भवति दासवत्।।१४।।

तालीसपत्र, कूट, नागरमोथा को पीसकर रुई में लपेटकर बाती तैयार करें, फिर सफेद सरसों के तेल में रखकर मनुष्य की खोपड़ी में काजल पारें। इस काजल को नेत्रों में लगाने से तीनों लोकों में जो भी देखेगा वही दासवत् हो जाता है।।१३-१४।।

शिलाकिञ्जल्कफलिनीरोचनानां तथाञ्जनम्।
पुष्यर्क्षयोगे विहितं दम्पत्योर्मोहनं परम्।।१५।।

पाषाणभेद, कमलकेशर तथा प्रियङ्गु और गोरोचन को मिश्रित कर पुष्य नक्षत्र वाले रविवार को बनायें तो यह अंजन पति-पत्नी को आपस में मोहित करने वाला होता है।।१५।।

अथ चूर्णविधिः–

काकजङ्घा शिलापक्षौ भ्रामरौ कृष्णमुत्पलम्।
चूर्णं तगरजं चैषां चूर्णं क्षिप्तं विमोहने।।१६।।

वशीकरण चूर्ण का विधान– काकजंघा, पाषाण भेद, भ्रमर के दोनो पंख, नीला कमल और तगर का चूर्ण बनाकर मंगलवार के दिन जिस स्त्री के

सिर में डाल दिया जाय वह स्त्री अवश्य वश में हो जाती है।।१६।।

वातपित्तदलं पुंसो मलं मालासवस्य च।
पक्षावलेरिदं चूर्णं चैषां क्षिप्तं विमोहने।।१७।।

अमलवेत, पुरुष के पंचमल तथा भ्रमर के दोनों पंख का चूर्ण बनाकर मंगलवार के दिन जिस स्त्री के सिर पर डाल दिया जाय वही मोहित होती है।

अथ भक्षणविधिः–

अन्त्रादिसर्वं निष्कास्य खञ्जरीटोदरं कुलैः।
पूरयित्वा स्ववीर्येण सारमेयगले क्षिपेत्।।१८।।
मुद्रां कृत्वा तदेकान्ते सप्ताहं धारयेत्सुधीः।
पश्चान्निष्कास्य संशोध्य वटीं कुर्याद् विशोधयेद्।।१९।।
सा भक्षणविधानेन दीपमाला परस्परम्।
दम्पत्योः प्रीतिजननी कीर्त्तिता नियमोत्तमा।।२०।।

भक्षण विधान– खंजरीट पक्षी के पेट से उसकी आँतो को निकालकर, वूअ के फूलों और अपने वीर्य को उसके पेट में पूरी तरह भरें। तदनन्तर उस खंजरीट पक्षी को मुद्रा करके कुत्ते के गले में बाँध दें। सात दिनों तक उसको एकान्त में रखकर कुत्ते सहित खंजरीट की पूजा करें। तत्पश्चात् खंजरीट के पेट से उक्त पदार्थ निकालकर उसका संशोधन कर बटी बना लें। इसका भक्षण विधान परस्पर दीपमाला के समान करें अर्थात् एक-दूसरे को वटी प्रदान करें। इस क्रिया को दम्पतियों में परस्पर प्रीति का उत्तम विधान कहा जाता है।।१८-२०।।

अथ सर्वकामिकतिलकम्–

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि तिलकं सर्वकामिकम्।

गोरोचनं, वंशलोचनं, मत्स्यपित्तं कश्मीरकुंकुमकेशरं स्वयम्भूकुसुमं स्ववीयं श्रीखण्डरक्तचन्दन-कस्तूरी-कर्पूरकाजङ्घामूलानि समभागानि कृत्वा कूपतडागनदीजलेन मर्दयित्वा कुमारिकापार्श्वकां गुटिकां कृत्वाच्छायायां गुटिकां कारयेत्। तया ललाटे तिलकं कृत्वा यां यां स्त्रियं पश्यति सा सा वश्या भवति।

सर्व कामिक तिलक विधान– आज मैं अन्य साधन को कहूँगा जो सर्व कामनाओं को सिद्ध करने वाला तिलक है।

गोरोचन, वंशलोचन, मछली का पित्त, काश्मीरी कुङ्कुम, नागकेशर, कुमारी कन्या का प्रथम रजो-रक्त, अपना वीर्य, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, कपूर तथा काकजंघा की जड़ को समान भाग में लेकर कुयें , तालाब और नदी के जल में पीसकर कुमारी कन्या के हाथ में रखकर छाया में गुटिका बनायें। इस गुटिका को घिसकर मस्तक पर तिलक लगायें। इस तिलक को जो-जो स्त्री देखेगी वह वशीभूत होती जायेगी।

अथ महिषेण वधयोगः–

अथ मन्त्रः– द्रौं वां धां क्षौं अं कं छः।। इति मन्त्रः।।

इत्यनेन मन्त्रेण महिषास्थिमयं कीलकमेकोनविशंत्यङ्गुलं सहस्रेणाऽभिमन्त्रितं यस्य नाम्ना कूपतटे निखनेत् स महिषेण वध्यते।

भैंसे के द्वारा मारण विधान– भैंसे की हड्डी की कील इक्कीस अंगुल नाप की लेकर उसे उपरोक्त मन्त्र से हजार बार पढ़कर अभिमन्त्रित करें। फिर जिसके नाम से उस कील को कुअें के तट पर गाड़ दे वह भैंसे के द्वारा कुछ ही दिनों में मार डाला जाता है।

अथ शत्रुभ्रमणयोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ च्छः च्छः लृं अमुकं हुं ईं च्छः च्छः ॐ।। इति मन्त्रः।।

इत्यनेन मन्त्रेण मयूरास्थिमयं कीलकं त्र्यङ्गुलं सहस्रेणाभिमंत्रितं यस्य नाम्ना चतुष्पथे निखनेत् स तत्र भ्रमति। तत्रानेनाऽवतिष्ठति पर्यटति क्षणमात्रेणोत्तोलनेन शान्तिर्भवति।

शत्रुभ्रमण विधान– मोर की हड्डी की तीन अंगुल माप की कील लेकर उपरोक्त मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित करें फिर उसे चौराहे पर गाड़ दें। (मन्त्र में अमुकं के स्थान पर शत्रु का नाम लेना चाहिए) ऐसा करने से शत्रु वहीं पर घूमने लगता है, वहीं बैठता है। यदि क्षणमात्र में कील को उखाड़ दे तो शत्रु का घूमना शान्त हो जाता है।

अथ सर्वसिद्धेरसिद्धकरणयोगः–

अथ मन्त्रः–ॐ श्रीं श्रीं व्रां व्रीं ईं ईं च्छः च्छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण मेषास्थिमयं कीलकं द्वादशाङ्गुलं सहस्रेणाभिमंत्रितं कृत्वा यस्य गृहे निखनेत् सर्वसिद्धिरसिद्धा तस्य भवति।

सर्व सिद्धि असिद्धकरण विधान– भेंड़ की हड्डी की कील बारह अंगुल माप की लेकर उपरोक्त मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित करें फिर जिसके घर में गाड़ देगें उसकी सारी सिद्धियाँ निष्फल हो जाती हैं।

अथ योषिदाकर्षण मन्त्रः–

द्रीं बन्धूकपुष्पसङ्काशं ध्यातव्यं मन्त्रदीपके।
कुम्भकेन वरारोहे शृणु वक्ष्यामि षड्गुणम्।।२१।।
ध्यात्वा तु मासमेकं तु महास्त्रीमानयेद् ध्रुवम्।
मासेनैकेन मनुना आनयेन्नागकन्यकाम्।२२।।
देवकन्यां त्रिभिर्मासैः सायाह्ने नान्यथा भवेत्।

स्त्री आकषर्ण विधान– एकान्त स्थान में घृत का दीपक जलाकर कुम्भक प्राणायाम करते हुए "द्रीं" इस बीज मन्त्र का जप करें तथा दीपक की शिखा पर, बन्धूक पुष्प के समान लाल वर्ण का ध्यान करें। एक मास तक छः घन्टे ध्यान और जप करता हुआ निश्चय महास्त्रियों को प्राप्त कर लेता है। दो मास तक यही क्रिया करने पर नागकन्या की प्राप्ति होती है तथा तीन मास तक करने पर निश्चय ही देवकन्या प्राप्त होती है।।२१-२२।।

अथ त्रैलोक्यस्तम्भनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हं हः।। इति मन्त्रः।।

अनेनैव तु मन्त्रेण ध्यातव्याः क्रोधयाजकाः।।२३।।
याज्यस्य रुद्रसङ्काशं रुद्रहस्तं सुरासुरैः।
मासेन मानुषं लोकं नागलोकं द्विमासतः।।२४।।
त्रिभिर्मासैस्तु देवेशि स्वर्गलोकं न संशयः।
षण्मासाभ्यासयोगेन त्रैलोक्यं निश्चलं कुरु।।२५।।

त्रैलोक्य स्तम्भन विधान– "ॐ हं हः" इस मन्त्र के द्वारा क्रोधयाजकों का ध्यान करना चाहिए। देवताओं और दैत्यों के द्वारा पूजनीय भयंकर अस्त्र को धारण करने वाले रुद्र के समान याजक का ध्यान करें। ऐसा करने से एक मास में मनुष्य लोक, दो मास में नागलोक तथा तीन मास में हे देवेशि !

स्वर्गलोक को तथा छः मास में त्रैलोक्य को निश्चल किया जा सकता है।।२३-२५।।

अथ ज्वरग्रस्तीकरणम्-

अथ मन्त्रः- ॐ रक्तहटा रक्तघटा मुकुटधारिणी एधति स्वाहा मन्त्रराज उल्टा वेधा ॐ ह्रीं श्रीं ध्रीं विकृतानना वाह्ये फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मन्त्रमिमं यन्त्रे लिखित्वा यस्य ईक्षितं दीयते स एकाहिक द्वयाहिक-त्र्याहिकविषमज्वरेण गृह्यते तक्षणादेव नात्र शंसयः।

ज्वर ग्रस्तीकरण विधान- उपरोक्त मन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर जिस व्यक्ति को दिखाया जायें व एकाहिक, द्वयाहिक त्र्याहिक अथवा विषम ज्वर से ग्रस्त हो जायेगा। इसमें कोई संशय नहीं करना चाहिए।

अथ ज्वरविमोचनम्-

अथ मन्त्रः- ॐ बन्धुन क्षयं द्रीं द्रीं अमुकस्यात्मानं नित्यज्वरेण पत्रीबन्धनमात्रस्य स्फुर स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

ज्वर विमोचन- उक्त मन्त्र को पीपल के पत्ते में लिखकर हाथ में बाँधे तो ज्वर नष्ट हो जाता है।

अथ मन्त्रः- ॐ क्षः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण मन्त्रितं जलं भृशं कृत्वा ज्वरिताङ्गं सेचयेत् तेन ज्वरविमुक्तिर्भवति निश्चितम्।

इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल का ज्वरग्रस्त अंगो पर छिड़काव करें तो निश्चय ही ज्वर से मुक्ति मिलती है।

अथ ज्वरहरणम्-

अथ मन्त्रः-

खरवाहनसिंहस्य क्रमादेवानुशासनम्।
ऋक्षतुरगगतो वायुर्जीभूत इव गर्जितः।।२६।। इति मन्त्रः।।
रविवारे श्लोकमिमं लिखित्वा शिरसि न्यसेत्।
तेन स्थापितमात्रेण त्रैमासिकज्वरं हरेत्।।२७।।

ज्वरहरण प्रयोग–रविवार के दिन इस श्लोकरूपी मन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर सिर में धारण करें तो इससे त्रयमासिक ज्वर भी समाप्त हो जाता है।

अथ अदृश्यकरणम्–

वानेयस्य विडालस्य गृहीत्वा रुधिरं ततः।
पद्मसूत्रोत्थवर्तिं च भावयेत्सप्तवारकम्।।२८।।
शिवाग्रे तज्जतैलेन पातयेत्कज्जलं ततः।
तेनाञ्जितलोचनस्तु अदृश्यो भवति ध्रुवम्।।२९।।

अदृश्यकरण विधान– जंगली विलाव का रक्त लें तथा कमल सूत्र (कमल का पराग) की बाती बनायें और उनको विलाव के रक्त में सात दिनों तक भावित करें। तत्पश्चात् शिवालय में शिवलिंगी के तेल से काजल पारें। इस काजल को नेत्रों में आजनें से मनुष्य अदृश्य हो जाता है।।२८-२९।।

मन्त्रः– हे भिरिहे भेरि हे।। इति मन्त्रः।।

अनेनोदकमादायालोक्य सहस्रवारं परिजप्य अनेनैवाञ्जनेन त्रिरात्रेण सिद्धिः। पद्मसूत्रवर्तिकस्य तैलेन कज्जलं पातयेत्। तेनाञ्जितनैत्रेस्तु अदृश्यो भवति। ततो गोमूत्रेण चक्षुषी प्रक्षाल्य पुनः प्रत्यक्षो भवति।

किसी पात्र में जल भरकर उसे सामने रखें। उस पात्र के जल में देखकर उपरोक्त मन्त्र का एक हजार बार जप करें तो तीन रात्रियों में उक्त अंजन सिद्ध हो जाता है, कमल सूत्र की बाती बनाकर तैल से युक्त करके अंजन (काजल) बनाना चाहिए। इस विधि से अंजन करने से मनुष्य अदृश्य हो जाता है। गोमूत्र से दोनों नेत्र प्रक्षालित करने पर पुनः प्रत्यक्ष हो जाता है।

अथ डाकिनीदमनम्–

अथ मन्त्रः– अक्षः क्षां क्षौकाजसिनौ देवता तत्त्वधूलिनी घोनाशालिनी भमन्त्रि बन्धुशनादैवतं लघुकण्टकेन पुरुमभिशासनोदेवतां महाभैरवमंडलमचल ॐ च्छः च्छः च्छः डाकिनीमतबन्धु नमः। ॐ नमो भगवते वज्राय चण्डेश्वराय ईं ईं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इस मन्त्र से मोरपंख के द्वारा झाड़ दे तो भूत, डाकिनी आदि भाग जाते हैं।

अथ डाकिनीबन्धनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ रं स्त्रीं शीध्रं हं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

त्रिपुरां सिन्दूरशङ्खचूर्णाभ्यामुद्नालपत्रे लिखित्वा शोधयितव्यः स दिवसत्रयेण ज्वरेणागत्य मिलति।

अथ ज्वरावेशम्–

ज्वरावेश विधान– कमल पत्र पर सिन्दुर तथा शंख के चूर्ण से त्रिपुरसुन्दरी का चित्र बनायें तथा चित्र में शत्रु का नाम लिखकर उसे अग्नि में तपायें, अग्नि में तपाने से प्रथम उपरोक्त मन्त्र से हजार बार अभिमंत्रित करें। ऐसा करने से शत्रु तीन दिनों में ही ज्वर से ग्रसित हो जाता है।

अथ आकर्षणम्–

अथ मन्त्रः– ॐ अहो हः अमुकनाम्नीं शीध्रमानय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अमुक के स्थान पर अभीष्ट स्त्री का नाम लेकर जप करने से उस स्त्री का आकर्षण होता है।

अथ कामिनीवशीकरणम्–

अथ मन्त्रः– ॐ स्त्रीं स्त्रीं वलीं वलीं ईं अहः फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मज्जनस्वस्थो भवति।

अथ मन्त्रः– अप्सरणीं अमुकीं जीव।। इति मन्त्रः।।

तेनाऽनेन मन्त्रेण सप्तवारं जलं प्रजप्य कामिन्यै पानार्थं दातव्यं।

स्त्रीवशीकरण विधान– उपरोक्त 'प्रथम' मन्त्र से स्नान करें तत्पश्चात् 'द्वितीय' मन्त्र से सात बार जल को अभिमन्त्रित करके उस स्त्री को पिलायें तो वह अवश्य ही वश में हो जायेगी। मन्त्र में अमुकी के स्थान पर अभीष्ट स्त्री का नाम लेना चाहिए।

अथ पुरुषवशीकरणम्–

अथ मन्त्रः– ॐ नमो जले मोहे कुले फलानि सृङ्कुले स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण सप्तवाराभिमन्त्रितम् यस्मै दीयते स वश्यो भवति।

पुरुष वशीकरण विधान– इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर सूखे मेवे आदि को जिस पुरुष को खाने के लिए दिया जायेगा व वशीभूत हो जाता है।

अथ सर्वप्रियमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ नमो जले मोहे दां अब्जिनि फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण प्रत्यूषे पानीयेन मुखं प्रक्षालयेत् सर्वजनप्रियो भवति। सर्वसिद्धीश्वरो भवति।

सर्वप्रिय साधन– इस मन्त्र से प्रातःकाल जल से मुख प्रक्षालित करें तो ऐसा व्यक्ति सभी व्यक्तियों का प्रिय बन जाता है तथा सभी सिद्धियों का स्वामी हो जाता है।

अथ वशीकरणम्–

अथ मन्त्रः– ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहाः ॐ नमो जले मोहे हन हन दह दह पच पच मथ मथ अमुकं में वशमानय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

ताम्बूलं मन्त्रयित्वा यस्य दीयते स वश्यो भवति।

वशीकरण मन्त्र प्रयोग– पान को मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिसे खाने के लिए दिया जाय वह अवश्य ही वश में हो जाता है। मन्त्र में अमुकं की जगह पर इच्छित व्यक्ति का नाम लें।

अथ यक्षिणीमन्त्रसाधनम्–

सुरसुन्दरी–मनोहारिणी–कनकावती–रतिकरी–कामेश्वरी–नट्यनुरागिणी–पद्मिनी–एता अष्टौ यक्षिण्यः कामनायां साधनम्।

यक्षिणी मन्त्र साधन– सुर सुन्दरी, मनोहारिणी, कनकावती, रतिकरी कामेश्वरी, नटी, अनुरागिणी तथा पद्मिनी इन आठ यक्षिणियों का साधन कामना-पूर्ति के लिए कहते हैं।

अथ सुरसुन्दरीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ सुरसुन्दरि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– बज्रपाणिगृहं गत्वा गुग्गुलधूपं दत्वा त्रिसन्ध्यं पूजयेत्। सहस्रं त्रिसन्ध्यं मासपर्यन्तं जपेत्। ततो मासाभ्यन्तरे प्रत्यक्षा भवति, अन्तिमदिने रक्तचन्दनेनार्घ्यं दद्यात्। तत आगत्य माता भगिनी भार्या वा भवति तासां यानि कर्माणि तान्येव करोति। यदि माता भवति तदा सिद्धद्रव्याणि रसायनानि ददाति। यदि भगिनी भवति तदा पूर्ववदमूल्यं वस्त्रं ददाति। यदि भार्या भवति तदा सर्वमैश्वर्यं परिपूरयति। परन्तु वर्जनीयमिहान्यया सह शयनम्, सा च मैथुनप्रिया भवति, अन्यथा नश्यति।।१।।

सुरसुन्दरी साधन– वज्रपाणि (वज्रयानी) के घर जाकर गुग्गुल धूप आदि देकर तीनों सन्ध्याओं में पूजा करें। तत्पश्चात् एक मास तक तीनों सन्ध्याओं में एक-एक हजार बार मन्त्र का जप करें। ऐसा करने पर एक मास में यक्षिणी प्रत्यक्ष होती है। अन्तिम दिन लाल चन्दन से अर्घ्य देना चाहिए। तब यक्षिणी आकर माता, बहन या पत्नी के रूप में साधक का वरण करती है और उनके जो कार्य हैं यक्षिणी वही साधक के लिए करती है। यक्षिणी यदि माता के रूप में हो जाय तो साधक को सिद्ध द्रव्य, रसायन आदि देती है। यदि बहन हो तो पूर्ववत् अमूल्य वस्त्र देती है और यदि पत्नी के रूप में हो तो ऐश्वर्यों की पूर्ति करती है। परन्तु अन्य स्त्री के साथ शयन का त्याग करना चाहिए। वह यक्षिणी मैथुन प्रिया होती है। यदि उचित नियम का पालन न किया जाय तो चक्षिणी सिद्धि नष्ट हो जाती है।।१।।

अथ मनोहारिणीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ मनोहरि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इह नदीसङ्गमे गत्वा चन्दनेन मण्डलं कृत्वाऽगुरुधूपं दत्वा सहस्रैकं मन्त्रं मासपर्यन्तं प्रत्यहं जपेत्। ततो मासान्ते चन्दनोदकेनार्घ्यं दद्यात्, पुष्पफलेनैकचित्तेन तस्या अर्चनं कर्त्तव्यम्, ततोऽर्द्धरात्रसमये नियतमागच्छति, आगता सती तदाज्ञां करोति, सुवर्णशतं तस्मै साधकाय प्रत्यहं ददाति।।२।।

मनोहारिणी यक्षिणी का साधन– नदियों के संगम में जाकर चन्दन से मण्डल बनावें, तथा अगरु का धूप देकर एक हजार मन्त्र प्रतिदिन एक मास तक जप करें, तब मास के अन्त में चन्दन और जल से अर्घ्य देना चाहिए। एकाग्रचित्त होकर पुष्प तथा फलों से यक्षिणी की पूजा करनी चाहिए।

ऐसा करने पर अर्ध रात्रि के समय यक्षिणी अवश्य प्रत्यक्ष रूप से प्रकट होती है। प्रकट होने पर यक्षिणी को आज्ञा देना चाहिए, वह साधक को सौ स्वर्ण मुदायें प्रतिदिन प्रदान करती है।।२।।

अथ कनकावतीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं कनकावति मैथुनप्रिये आगच्छ आगच्छ स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– वटवृक्षसमीपे स्थित्वा मद्यमांसादिनैवेद्यं तस्यै मूलमन्त्रेण दत्त्वा शेषं स्वयमप्यङ्गीकृत्य सहस्रैकं मूलमन्त्रेण जपेत्। एवं सप्तदिनपर्यन्तं कुर्यात्। अष्टम्यां रात्रावर्द्धरात्रसमये वस्त्रालङ्कारभूषिताऽष्टौ परिवारानादायोपगच्छति। आगता सा कामयितव्या भार्या वा भवति द्वादशजनानां वस्त्रालङ्कारभोजनम् च ददाति। अष्टौ कला नित्यं साधकाय प्रयच्छिति।।३।।

विधान– वट वृक्ष के समीप (नीचे) स्थित होकर मदिरा मांस का नैवेद्य मूल मन्त्र के द्वारा यक्षिणी को समर्पित करें, शेष स्वयं ग्रहण करें और एक हजार मूल मन्त्र का जप करें। इस प्रकार सात दिन तक करें। अष्टमी की अर्ध रात्रि में वस्त्र तथा अलंकारों से विभूषित अपने आठ परिवारों (सखियों) के साथ यक्षिणी प्रकट होती है। यक्षिणी के आने पर कामना पूर्ण प्रणय निवेदन करें तो वह साधक की भार्या बन जाती है और बारह लोगों के लिए वस्त्र अलंकार तथा भोजन प्रदान करती है। यक्षिणी साधक को नित्य आठ कलायें प्रदान करती है।।३।।

नोटः यह प्रयोग प्रतिपदा से शुरू करना चाहिए।

अथ कामेश्वरीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ कामेश्वरि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इह गोरोचनया भूर्जपत्रोपरि स्त्रीरूपां प्रतिमां संलिख्य षोडशोपचारैः पञ्चोपचारैर्वा सम्पूज्य ततः शय्यामेकाकी एकान्ते उपविश्य तन्मना भूत्वा सहस्रं जपेत्, ततो मासान्ते तद्बुद्ध्या स्वकीयां भार्यां पूजयेत्। ततो मधुसर्पिर्भ्यां प्रतिरात्रं दीपं प्रज्वाल्य पश्चान्मौनं कृत्वा मूलमन्त्रं सहस्रसङ्ख्यं जपेत्। ततोऽर्द्धरात्रसमये नियतमागच्छति, परन्त्वन्याः स्त्रियो वर्जनीयाः।।४।।

विधान– गोरोचन से भोजपत्र पर स्त्री का चित्र बनायें तथा उसका षोडशोपचार अथवा पञ्चमोपचार से पूजा करें तदुपरान्त एकान्त शैया में यक्षिणी का ध्यान करते हुए एक हजार मन्त्र का जप करें। मास के अन्त में पत्नी को यक्षिणी के रूप में मानकर उसकी पूजा करें और प्रत्येक रात्रि में शहद और घी का दीपक जलायें। फिर मौन रहकर एक हजार मन्त्र का जप करें तो अर्ध रात्रि को यक्षिणी निश्चित रूप से आती है; परन्तु अन्य स्त्रियों का वर्जन करना चाहिए।।४।।

अथ रतिप्रियासाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ रतिकरि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अत्र पटे चित्ररूपिणी लेख्या वस्त्रकनकालङ्कार-भूषिता उत्पलहस्ता कुमारी जातीपुष्पैः प्रपूजनं कुर्यात्, गुग्गुलेन धूपं दद्यात् ततोऽष्टसहस्रं प्रत्यहं जपेत्। मासान्ते तु विधिवत् पूजनं कुर्यात्। धूपदीपौ प्रज्वालनीयौ, ततोऽर्धरात्रसमयेऽवश्यमागच्छति, आगता सा स्त्री भावेन कामयित्व्या, भार्या भवति, साधकस्य परिवारं पालयति, दिव्यं कामिकं भोजनञ्च ददाति।।५।।

रतिप्रिया साधन– रेशमी वस्त्र में यक्षिणी का चित्र बनावें, चित्र को वस्त्र व स्वर्ण अलंकारो से भूषित करें। चित्र को हाथ में कमल धारण करावें तथा कुमारी कन्या के रूप में रखें। चमेली के फूलों से पूजा करें। गुग्गुल से धूप दें और आठ हजार मन्त्र का जप करें। ऐसा करने से देवी अर्धरात्रि के समय अवश्य आती है।। देवी के आने पर उससे स्त्रीभाव से कामना व्यक्त करें जिससे वह पत्नी बन जाती है। साधक के परिवार का पालन करती है। दिव्य व कामिक वस्तुओं के साथ मनोवांछित भोजन प्रदान करती है।।५।।

अथ पद्मिनीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ पद्मिनि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– स्वगृहे चन्दनेन मण्डलं कृत्वा शिरःस्थं कारयेत्। गुग्गुलेन धूपं दत्त्वा सहस्रमेकं प्रत्यहं जपेत्। ततो मासान्ते पौर्णमास्यां रात्रौ विधिवत् पूजां कृत्वा जपेत्। जपान्तेऽर्द्धरात्रसमये नियतमागच्छति, आगता सा कामयितव्या भार्या भूत्वा सर्वकामप्रदा भवति, रसं रसायनं सिद्धद्रव्यं

प्रत्यहं साधकाय प्रयच्छति।।६।।

विधान– अपने घर पर चन्दन से मण्डल बनाकर उसे सिर पर धारणकरें। गुग्गुल से धूप देकर तथा मूलमन्त्र का एक हजार जप प्रतिदिन करें। मास के अन्त में पूर्णमासी की रात्रि में विधिपूर्वक पूजा और जप करें। जप के अन्त में अर्ध रात्रि के समय निश्चित ही यक्षिणी आती है। यक्षिणी से प्रणय करने से वह भार्या बन जाती है। पत्नी के रूप में वही सभी कामनाओं की पूर्ति करती है और रस, रसायन, सिद्धद्रव्य साधक को प्रदान करती है।।६।।

अथ नटीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ नटि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अत्राशोकतले गत्वा मत्स्यमांसाद्याहारगन्धपुष्पादि-धूपं दीपबलिं दत्त्वा सहस्रं प्रत्यहं जपेत् ततः सा मासान्ते नियतमागच्छति, आगता सा माता भगिनी भार्या वा भवति। यदि माता भवति तदा दिव्यं कामिकं भोजनं ददाति, वस्त्रसुगन्धिसुवर्णशतं ददाति च। यदि भगिनी भवति, तदा शतयोजनादुत्तमां स्त्रियमानीय ददाति। यदि भार्या भवति, तदा दिव्यं वस्त्रं रसायनमष्टदिनान्तरेण ददाति।। ७।।

विधान– अशोक वृक्ष के नीचे बैठकर मछली, मांस आदि आहार तथा गन्ध, पुष्प दीप बलि देकर प्रतिदिन एक हजार मन्त्र का जप करें। ऐसा करने पर एक मास के अन्त में नटी अवश्य प्रकट होती है। प्रकट होकर वह माता, बहन या भार्या के रूप में (साधक जैसा चाहे) साधक का वरण करती है। यक्षिणी यदि माता बन जाय तो दिव्य इच्छित भोजन प्रदान करती है और वस्त्र, सुगन्धित द्रव्य तथा सौ स्वर्ण मुद्रायें प्रदान करती है। यदि भगिनी बनती है तो सैकड़ो योजन दूर से भी उत्तम स्त्रियों को लाकर साधक को प्रदान करती है और यदि पत्नी बनती है तो साधक को दिव्य वस्त्र और दिव्य रसायन प्रति आठवें दिन प्रदान करती है।।७।।

अथ अनुरागिणीसाधनम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं अनुरागिणि आगच्छ आगच्छ स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इह काश्मीरकुङ्कुमेन भूर्जपत्रे स्त्रीसदृशीं प्रतिमां

विलिख्यावाहनादिकं कृत्वा गन्धपुष्पधूपदीपादिकं दत्वा ताम्बूलानि निवेद्य सहस्रं प्रत्यहं जपेत्। मासमेकं त्रिसन्ध्यं जपेत्। मासान्ते पौर्णमास्यां विधिवत्पूजां कृत्वा घृतदीपं प्रज्वाल्य समग्ररात्रौ मंन्त्रं प्रजपेत्। ततः प्रभातसमये नियतमागच्छति, आगता सा सर्वकामप्रदा भवति, दिव्यरसायनानि ददाति, प्रत्यहं च दीनाराणां सहस्रं ददाति। तस्या प्रसादेन वर्षसहस्राण्यायुश्च भवति।।८।।

विधान– काश्मीरी केशर के द्वारा भोजपत्र पर देवी की प्रतिमा बनायें तथा उसका आह्वहन आदि करे, गन्ध, पुष्प, दीप आदि प्रदान करें, पान (ताम्बूल) का निवेदन करें। फिर जप करें, प्रतिदिन तीनों सन्ध्याओं में एक-एक हजार मन्त्र का जप करें। मास के अन्त में पौर्णमासी को विधिवत् पूजा करें। घी का दीप प्रज्वलित करें फिर सम्पूर्ण रात्रि मन्त्र जप करें। प्रातःकाल यक्षिणी अवश्य आती है। आने पर वह सभी कामनाओं की पूर्ति करती है। दिव्य रस, रसायन आदि देती है। प्रतिदिन एक हजार दीनार प्रदान करती है। यक्षिणियों के प्रसाद से साधक की उम्र हजार वर्ष हो जाती है।।८।।

अथ षट्त्रिंशद्यक्षिण्यः–

विचित्रा विभ्रमा हंसी भीषणी जनरंजिनी।
विशाला मदना घंटा कालकर्णी महाभया।।१।।
माहेन्द्री शङ्खिनी चान्द्री श्मशाना वटयक्षिणी।
मेखला विकला लक्ष्मीर्मालिनी शतपत्रिका।।२।।
सुलोचना सुशोभाढ्या कपालिनी विशालनी।
नटी कामेश्वरी स्वर्णरेखा च सुरसुन्दरी।।३।।
मनोहरा प्रमोदानुरागिणी नखकेशिका।
भामिनी पद्मिनी चैव स्वर्णावती रतिप्रिया।।४।।
षट्त्रिंशदेता यक्षिण्यः कथिताः सिद्धिकामदाः।
करङ्किणीमते तन्त्रे महादेवेन विस्तरात्।।५।।
आराधनं महत्तासां प्रवक्ष्यामि समासतः।
फलं चैव यथा तुष्टाः प्रयच्छन्ति समाहितम्।।६।।

अब छत्तीस यक्षिणियों का कथन– विचित्रा, विभ्रमा, हंसी, भीषणी, जनरंजनी, विशाला, मदना, घण्टा, कालकर्णी, महाभया, माहेन्द्री, शंखिनी, चान्द्री,

श्मशाना, वटयक्षिणी, मेखला, विकला, लक्ष्मी, मालिनी, शतपत्रिका, सुलोचना, सुशोभाद्या, कपालिनी, विशालिनी, नटी, कामेश्वरी, स्वर्णरेखा, सुरसुन्दरी, मनोहरा, प्रमोदा, अनुरागिणी, नखकेशिका, भामिनी, पद्मिनी, स्वर्णावती तथा रतिप्रिया- ये छत्तीस सिद्धि प्रदान करने वाली यक्षिणियाँ कही गयी हैं। करकिणीमत तन्त्र में भगवान शिव ने विस्तार से इनका वर्णन किया है। इनके विस्तृत आराधन को संक्षेप में कह रहा हूँ। जो प्रसन्न होने पर अभीष्ट फल प्रदान करती है।।१-८।।

अथ विचित्रासाधनम्-

लक्षद्वयं जपेन्मन्त्रं वटवृक्षतले शुचिः।
पश्चाच्चंम्पकपुष्पैश्च होमं मधुघृतार्चितम्।।७।।
कुर्याद् दशांशतो मन्त्री शङ्करेणोदितं यथा।
ततः सिद्धा भवेद् देवि विचित्रा वाञ्छितप्रदा।।८।।

अथ मन्त्रः- ॐ विचित्रे चित्ररूपिणि में सिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

विचित्रा साधन- पवित्र होकर वट वृक्ष के नीचे बैठकर मूल मन्त्र का दो लाख जप करें इसके पश्चात् घी, शहद एवं चम्पा के फूलों से भगवान शिव के कथनानुसार जप का दशांश हवन करें तो इच्छित वस्तु प्रदान करने वाली विचित्रा यक्षिणी सिद्ध हो जाती है।।७-८।।

अथ विभ्रमासाधनम्-

लक्षद्वयं जपेन्मन्त्रं श्मशाने निभृते निशि।
घृताक्तैर्गुग्गुलैर्होमे दशांशेन कृते सति।।९।।
विभ्रमा तोषमायाति पञ्चाशन्मानुषैः समम्।
ददाति भोजनं द्रव्यं प्रत्यहं शङ्करोऽब्रवीति।।१०।।

अथ मन्त्रः- ॐ ह्रीं विभ्रमे विभ्रमांगरूपे विभ्रमं कुरु रहिं रहिं भगवति स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

विभ्रमासाधन- श्मशान में जाकर रात्रि में दो लाख मन्त्र का जप करें तथा घृत युक्त गुग्गुल का दशांश हवन करें। ऐसा करने पर विभ्रमा प्रसन्न हो जाती है और प्रतिदिन पचास मनुष्यों के लिए भोजन व द्रव्य देती है। ऐसा भगवान शंकर का कथन है।।९-१०।।

अथ हंसीसाधनम्–

प्रदेशे नगरस्याथ लक्षसङ्ख्यं जपेन्मनुम्।
पद्मपत्रैर्घृतोपेतः कृते होमे दशांशतः।।११।।
प्रयच्छत्यञ्जनं हंसी येन पश्यति भूनिधिम्।
सुखेन तं च गृह्णाति न विघ्नैः परिभूयते।।१२।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं नमोहंसि हंसवाहिनि क्लीं क्लीं स्वाहा।।
इति मन्त्रः।

हंसी साधन– नगर अथवा ग्राम के किसी एकान्त स्थान में मूल मन्त्र का एक लाख जप करें तथा जप का दशांश कमल पत्रों को घृत से युक्त करके हवन करें, इससे हंसी प्रसन्न होकर एक अंजन प्रदान करती है, जिससे साधक भूमि में गड़े धन को देख सकता है और उसे निकाल सकता है, इसमें किसी प्रकार का विघ्न नहीं आता है।।११-१२।।

अथ भीषणीसाधनम्–

त्रिपथस्थो जपेन्मन्त्रं लक्षसङ्ख्यं दशांशतः।
घृताक्तगुग्गुलैर्होमे भीषणी चिन्तितप्रदा।।१३।।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं ह्रीं महामोदे भीषणि द्रां द्रां स्वाहा।।
इति मन्त्रः।।

भीषणी साधन– किसी तिराहे पर जाकर आसन लगाकर एक लाख मन्त्र का जप करें तथा जप का दशांश घृतयुक्त गुग्गुल से हवन करें। ऐसा करने पर चिन्ताप्रद कार्यो को आसान करने वाली भीषणी यक्षिणी सिद्ध हो जाती है।।१३।।

अथ जनरञ्जिनीसाधनम्–

कदम्बाधो जपेन्मन्त्रं निशि लक्षद्वयं ततः।
घृताक्तगुग्गुलैर्होमे देवी सौभाग्यदा भवेत्।।१४।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं क्लीं जनरञ्जिनि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

जनरञ्जिनी साधन– कदम्ब वृक्ष के नीचे रात्रि में दो लाख मन्त्र का जप करने और घृतयुक्त गुग्गुल से दशांश हवन करने पर देवी सौभाग्य प्रदान करती है।।१४।।

अथ विशालासाधनम्–

चिञ्चावृक्षतले मन्त्रं लक्षमावर्तयेच्छुचिः।
शतपत्रोद्भवैः पुष्पैः सघृतैर्होममाचरेत्।।१५।।
ततः सिद्धा भवेद् देवि विशालाकाशगामिनी।
ददाति मंत्रिणे तुष्टा रसं दिव्यरसायनम्।।१६।।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं ह्रीं विशाले स्त्रीं स्त्रीं सह्येहि स्वाहा ।। इति मन्त्रः।।

विशाला साधन– पवित्र होकर चिञ्चा वृक्ष के नीचे एक लाख मन्त्र का जप करें तथा जप का दशांश घृतयुक्त कमल के पत्रों से हवन करें। ऐसा करने पर आकाश में विचरण करने वाली विशाला यक्षिणी सिद्ध होती है और साधक को दिव्य रसायन व रस प्रदान करती है।।१५-१६।।

अथ मदनासाधनम्–

लक्षसङ्ख्यं जपेन्मन्त्रं राजद्वारे स्थितः शुचिः।
सक्षीरमालतीपुष्पैः कृते होमे दशांशतः।।१७।।
मदना यक्षिणी तुष्टा गुटिकां सम्प्रयच्छति।
यया आस्यस्थयाऽदृश्यः शुचिः स्थायी भवेन्नरः।।१८।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं मदने मदनविडम्बिनि आलये सङ्गमं देहि देहि श्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मदना साधन– पवित्र होकर राजद्वार में स्थित होकर मन्त्र का एक लाख जप करें तथा जप का दशांश मालती (चमेली) पुष्प व दूध से हवन करें। ऐसा करने से मदना यक्षिणी प्रसन्न होती है और साधक को गुटिका प्रदान करती है जिसे साधक पवित्र होकर मुख में रखने पर अदृश्य हो जाता है।।१७-१८।।

अथ घण्टासाधनम्–

सुघण्टां वादयेन्मन्त्री जपेन्मन्त्रायुतद्वयम्।
तत्र क्षोभयते लोकान् दर्शनादेव साधकः।।१९।।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं द्रीं पुरीं क्षोभय प्रजाः क्षोभय भगवति गम्भीरस्वने स्वप्ने स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

घंटा साधन– सुन्दर घण्टे को बजाते हुए साधक को बीस हजार मन्त्र का जप करना चाहिए। ऐसे साधक के दर्शन मात्र से ही संसार क्षुब्ध हो जाता है।।१९।।

अथ कालकर्णीसाधनम्–

लक्षसङ्ख्यं मनुं जप्त्वा पलाशतरुजेन्धनैः।
मधुनाक्तैः कृते होमे कालकर्णी प्रसीदति।।२०।।

अथ मन्त्रः– ॐ हुं कालकर्णि ठः ठः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

कालकर्णी साधन– साधक मन्त्र का एक लाख जप तथा जप का दशांश पलाश वृक्ष की समिधाओं से शहद के द्वारा हवन करे तो कालकर्णी प्रसन्न होती है।।२०।।

सौख्यं ददाति तुष्टा वै गतेस्तम्भकरी भवेत्।
सततं संस्मरेन्मन्त्री विविधाश्चर्यकारिणीम्।।२१।।

देवी प्रसन्न होने पर सुख सौभाग्य प्रदान करती है तथा काल की गति का स्तम्भन कर देती है। अर्थात् साधक दीर्घजीवी हो जाता है साधक की उम्र पर समय का प्रभाव नहीं पड़ता है। ऐसी विविध आश्चर्यजनक कार्यो को करने वाली देवी का स्मरण साधक हो सतत् करते रहना चाहिए।।२१।।

अथ महाभयासाधनम्–

अस्थिमुद्राधरो लक्षं श्मशाने प्रजपेन्मनुम्।
ततो महाभया सिद्धा यच्छत्यस्य रसायनम्।।२२।।
तेनभक्षितमात्रेण पर्वतानपि चालयेत्।
बलीपलितनिर्मुक्तो न रोगं समवाप्नुयात्।।२३।।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं महाभये प्रें स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

महाभयासाधन– साधक को श्मशान में जाकर अस्थिमुद्रा बनाकर अंगुलियों में धारणकर मन्त्र का एक लाख जप करे तब महाभया सिद्ध होती है और साधक को रसायन प्रदान करती हैं। जिसके भक्षण मात्र से साधक पर्वतों को चलायमान कर सकता है और बाल पकने व वृद्धावस्था से निर्मुक्त होकर रोग रहित हो जाता है।।२२-२३।।

अथ माहेन्द्रीसाधनम्–

शक्रचापोदये लक्षं निर्गुण्डीतुलसीस्थितः।
जपेन्मन्त्र ततः सिद्धा भवेत् पाताल सिद्धिदा।।२४।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं माहेन्द्रि मन्त्रसिद्धिं कुरु कुरु कुलु कुलु हंसः सोहं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

माहेन्द्री साधन– जब इन्द्र धनुष का उदय हुआ हो उसी समय निर्गुंडी अथवा तुलसी वृक्ष के नीचे बैठकर मन्त्र का एक लाख जप करें तो पाताल सिद्धि देने वाली माहेन्द्री यक्षिणी सिद्ध हो जाती है।।२४।।

अथ शङ्खिनीसाधनम्–

मन्त्रायुतं जपेन्मन्त्री सति भानूदये शुचिः!
शङ्खमालिकया पश्चादिन्धनैः करवीरजैः।।२५।।
घृताक्तैर्होमयेन्मन्त्री दशांशेन शुचिस्ततः।
ध्रुवं सिद्धा भवेद् देवी शङ्खिनी वाञ्छितप्रदा।।२६।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं शङ्खधारिणि शङ्खधारणे द्रां द्रीं क्लीं श्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

शङ्खिनी साधन– "साधक" सूर्य के उदय होने पर पवित्र होकर शंखमाला से दस हजार मन्त्र जप करे तदुपरान्त घृत से युक्त कनेर की लकड़ियों से पवित्रता से दशांश हवन करे तो मनोवाञ्छित प्रदान करने वाली शंखिनी निश्चय ही सिद्ध होती है।।२५-२६।।

अथ श्मशानासाधनम्–

चतुर्लक्षमिमं मन्त्रं श्मशाने प्रजपेच्छुचिः।
नग्नव्रतोऽञ्जनं तुष्टा श्मशाने सम्प्रयच्छति।।२७।।
तेन पश्येन्नरोऽदृश्यो विचरेद्वसुधातले।
निधिं पश्यति गृह्णाति न विघ्नैः परिभूयते।।२८।।

अथ मन्त्रः– ॐ दां द्रीं श्मशानवासिनि स्वाहा। इति मन्त्रः।।

श्मशान साधन– साधक नग्न होकर पवित्रता से श्मशान में मूल

मन्त्र का चार लाख जप करे तो श्मशाना यक्षिणी प्रसन्न होकर साधक को श्मशान में एक अंजन प्रदान करती है जिसको आँखों में लगाने से साधक संसार में विचरण करते हुए भी किसी के द्वारा नहीं देखा जा सकता है। साधक भूमि में गड़ी निधि को देख लेता है और विना किसी बाधा के ग्रहण कर लेता है।।२७-२८।।

अथ वटयक्षिणीसाधनम्–

त्रिपथस्थो वटाधःस्थो रात्रौ मन्त्री जपेत्तु वै।
लक्षत्रयं ततः सिद्धा देवी स्याद् वटयक्षिणी।।२९।।
वस्त्रालंकरणं दिव्यं रससिद्धिं रसायनम्।
दिव्याञ्जनं च संतुष्टा साधकस्य प्रयच्छति।।३०।।

अथ मन्त्रः– ॐ श्रीं द्रीं वटवासिनि यक्षकुलप्रसूते वट-यक्षिणि एह्येहि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

वट यक्षिणी साधन– जहाँ पर तीन रास्ते मिलते हो और वहाँ वट वृक्ष भी हो उसी वटवृक्ष के नीचे स्थित होकर रात्रि समय मौन रहकर मन्त्र का तीन लाख जप करे तो वटयक्षिणी सिद्ध हो जाती है और वह वस्त्र, अलंकार, रसायन तथा रसों की सिद्धि तथा दिव्य अंजन प्रदान करती है।।२९-३०।।

अथ मदनमेखलासाधनम्–

मधूकवृक्षतले मन्त्रं चतुर्दशदिनावधि।
प्रजपेन्मेखला तुष्टा ददात्यञ्जनमुत्तमम्।।३१।।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं हुं मदनमेखलायै मदनविडम्बनायै नमः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मदनमेखला साधन– साधक मधूक वृक्ष के नीचे आसन लगाकर चौदह दिनों में एक लाख मन्त्र जप करे तो मदन मेखला प्रसन्न होती है और साधक को उत्तम अंजन प्रदान करती है।।३१।।

अथ विकलासाधनम्–

गुहान्तःस्थोऽधरे मासत्रयं मन्त्रं जपेन्नरः।
ततः सिद्धा भवेद् देवि विकला वांच्छितप्रदा।।३२।।

अथ मन्त्रः– ॐ विकले ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

विकला साधन– पर्वत के नीचे किसी गुफा में स्थित होकर साधक तीन महीने तक मन्त्र का जप करे तो विकला यक्षिणी सिद्ध हो जाती है और वह साधक को वांछित वस्तुयें प्रदान करती है।।३२।।

अथ लक्ष्मीसाधनम्–

स्वगृहावस्थितो रक्तैः प्रसूनैः करवीरजैः।
लक्षमावर्तयेन् मन्त्री दूर्वाज्याभ्यां दशांशतः।।३३।।
होमे कृते भवेत् सिद्धा लक्ष्मी नाम्नी च यक्षिणी।
रसं रसायनं दिव्यं निधानं च प्रयच्छति।।३४।।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं ह्रीं श्रीं लक्ष्मी कमलधारिणि हं सः सो हं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

लक्ष्मी साधन– साधक अपने घर में स्थित होकर मन्त्र का एक लाख जप करे तथा जप का दशांश लाल कनेर के फूल और सफेद दूब (दूर्वा) एवं घी से हवन करे इससे लक्ष्मी नामक यक्षिणी सिद्ध हो जाती है और साधक को दिव्य रस, रसायन और धन प्रदान करती है।।३३-३४।।

अथ मालिनीसाधनम्–

चतुष्पथस्थितो लक्षमापदि प्रजपेन्मनुम्।
मालिनी जायते सिद्धा दिव्यं खड्गं प्रयच्छति।।३५।।
यत्प्रभावेन लोकेऽस्मिन् दुर्लभं राज्यमाप्नुयात्।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं ॐ नमो मालिनि स्त्रि एह्येहि सुन्दरि हंसहंसि समीहं मे सङ्गमय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मालिनी साधन– साधक किसी चौराहे पर बैठकर मन्त्र का एक लाख जप करें तो मालिनी यक्षिणी सिद्ध होती है। वह साधक को एक दिव्य खड्ग प्रदान करती है जिसके प्रभाव से साधक दुलर्भ राज्य को भी प्राप्त कर लेता है।।३५।।

अथ शतपत्रिकासाधनम्–

शतपत्रवने यस्तु मन्त्रलक्षं जपेन्मुनिः।
क्षीराज्यहोमैः संसिद्धा सिद्धिं यच्छति भूनिधिम्।।३५।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं शतपत्रिके ह्रीं ह्रीं श्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

शतपत्रिका साधन– साधक कमल के फूलों में आसन लगाकर मौन बैठकर मन्त्र का एक लाख जप करें और घी, दूध से हवन करें इससे शतपत्रिका यक्षिणी सिद्ध होती है तथा भूमि के अन्दर की निधियाँ प्रदान करती है।।३५।।

अथ सुलोचनासाधनम्–

नदीतीरस्थितो लक्षत्रयं मन्त्री जपेन्मनुम्।
घृतहोमे दशांशेन कृते देवी प्रसीदति।।३६।।
ददाति पादुकां तस्मै यथारुचि नभस्तले।
मनः पवनवेगेन याति चायाति साधकः।।३७।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं क्लीं सुलोचने सिद्धिं मे देहि देहि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

सुलोचना साधन– साधक नदी के किनारे स्थित होकर मन्त्र का तीन लाख जप करे तथा जप का दशांश घृत से होम करे तो देवी प्रसन्न होती है और साधक को पादुका प्रदान करती है जिनके द्वारा आकाश के नीचे साधक मन और पवन वेग से कहीं भी आ जा सकता है।।३६-३७।।

अथ शोभनासाधनम्–

रक्ताम्बरधरो मन्त्री चतुर्दशदिनावधि।
जपेत् सिद्धा भवेद् देवी शोभना भोगदायिनी।।३८।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं अशोकपल्लवकरतले शोभने श्रीं क्षः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

शोभना साधन– साधक लाल वस्त्र धारण कर चौदह दिन तक मन्त्र का जप करे तो शोभना यक्षिणी जो सभी भोगदायिनी है सिद्ध हो जाती है।।३८।।

अथ कपालिनीसाधनम्–

महाव्रतधरो मन्त्री यः शाल्योदनभोजनैः।
लक्षद्वयं जपेन्मन्त्रं कपालं लभते मुनिः।।३९।।

आकाशगमनं दूरात् स्वप्नरूपसमागमः।
दूराद्दर्शनमित्यदि साधकाय प्रयच्छति।।४०।।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं कपालिनि द्रां द्रीं क्लीं क्लीं क्लूं क्लैं क्लौं क्लः हं सः सोहं सकलह्रीं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

कपालिनी साधन– साधक महाव्रत को धारण करके खीर का भोजन करे तथा मौन व्रत धारण करते हुए दो लाख मन्त्र का जप करें। ऐसा करने पर साधक को एक कपाल की प्राप्ति होती है जिसके द्वारा साधक आकाश गमन कर सकता है। दूर के दृश्यों को घर से ही देख सकता है अर्थात साधक को दूरदृष्टि प्राप्त होती है।

अथ विशालिनीसाधनम्–

सरित्तीरे जपेन्मन्त्रमर्धं लक्षस्य देशिकः।
घृताक्तगुग्गुलैर्होमे देवी सौभाग्यदा भवेत्।।४१।।

अथ मन्त्रः– ॐ वरयक्षिणि वरयक्ष विशालिनि आगच्छ आगच्छ प्रियं मे भवतु हैमे भव स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

विशालिनी साधन– साधक नदी के तट पर पचास हजार मन्त्र का जप करे तथा दशांश घृत और गुग्गुल से हवन करे तो देवी सौभाग्य प्रदान करती है।।४१।।

अथ नटी साधनम्–

पुण्याशोकतलं गत्वा चन्दनेन सुमण्डलम्।
कृत्वा चाभ्यर्चयेद् देवीं धूपं दत्वा सहस्रकम्।।४२।।
रात्रौ पूजां शुभां कृत्वा जपेन्मन्त्रं मुनिव्रतः।।४३।।
नटी देवी समागत्य निधानं रसमञ्जनम्।
ददाति मन्त्रिणे मन्त्रं दिव्ययोगं च सिद्धिदम्।।४४।।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं नटि महानटि रूपवति द्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

नटी साधन– पवित्र अशोक वृक्ष के नीचे जाकर चन्दन से सुन्दर मण्डल का निर्माण करें और देवी की पूजा-अर्चना करके धूप आदि देवें। तत्पश्चात्

एक मास तक एक हजार मन्त्र का जप प्रतिदिन करें। सदा एकान्त में रहते हुए एक बार भोजन करें। रात्रि में पुनः पूजा करके मौन व्रत धारण करते हुए मन्त्र का जप करें। ऐसा करने से नटी देवी आकर साधक को निधि-भण्डार, रस, अंजन तथा दिव्य योग और सिद्धियाँ प्रदान करती है।।४२-४४।।

अथ कामेश्वरीसाधनम्–

एकासने शुचौ देशे त्रिसन्ध्यं त्रिसहस्रकम्।
मासमेकं जपेन्मन्त्रं तदा पूजां समारभेत्।।४५।।
पुष्पैर्धूपैश्च नैवेद्यैः प्रदीपैर्घृतपूरितैः।
रात्रौ देवीं समभ्यर्च्य जपेन्मन्त्रं प्रसन्नधीः।।४६।।
अर्धरात्रे गते देवी समागत्य प्रयच्छति।
रसं रसायनं दिव्यं वस्त्रालङ्करणानि च।।४७।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ कामेश्वरि स्वाहा।।
इति मन्त्रः।।

कामेश्वरी साधन– साधक पवित्र होकर आसन में बैठ जाय। फिर मन्त्र का तीन हजार जप करे, ऐसा ही तीनों सन्ध्याओं में करना चाहिए। इस क्रिया को एक मास तक करता रहे। मास पर्यन्त रात्रि में देवी की पूजा अर्चना करें पुष्प, धूप नैवेद्य समर्पित करें, घृत का दीपक प्रज्वलित करें। पुनः प्रसन्नचित्त होकर मन्त्र का जप करें। अर्धरात्रि के समय देवी आती है और साधक को दिव्य रस, रसायन, वस्त्र अलंकार आदि प्रदान करती है।।४५-४७।।

अथ स्वर्णलेखासुरसन्दर्योः साधनम्–

सुरसुन्दरी प्रागुक्ता–

सुर सुन्दरी का साधन प्रथम कहा जा चुका है तथा स्वर्ण लेखा का साधन प्राप्त नहीं है।

अथ मनोहरासाधनम्–

नदीतीरे शुभे रम्ये चन्दनेन सुमण्डलम्।
विधाय पूजयेद् देवीं ततो मन्त्रायुतं जपेत्।।४८।।
एकविंशतिघस्रान्तं प्रसन्ना वितरेत् सदा।
अर्धरात्रे गते देवी दीनाराणां सहस्रकम्।।४९।।

ददाति प्रत्यहं तस्मै व्ययं कुर्याद् दिने दिने।
तद्व्ययाभावतो भूयो न ददाति प्रकुप्यति।।५०।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं सर्वकामदे मनोहरे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मनोहरा साधन– शुभ और सुन्दर नदी के तट पर साधक चन्दन से सुन्दर मण्डल बनाये, तत्पश्चात् विधि विधान से देवी की पूजा करें और दस हजार मन्त्र का जप करें। ऐसा इक्कीस दिनों तक लगातार करता रहे। तब देवी प्रसन्न होकर साधक को आधी रात में हजार दीनार प्रदान करती है। ऐसा देवी प्रतिदिन करती है। साधक को चाहिए कि प्रतिदिन ये दीनार व्यय कर दे, ऐसा न करने से देवी क्रोधित हो जाती है और दीनार देना बन्द कर देती है।।४८-४९।।

अथ प्रमोदासाधनम्–

अर्धरात्रे समुत्थाय सहस्रं प्रजपेन्मनुम्।
मासमेकं ततो देवी निधिं दर्शयति ध्रुवम्।।५१।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं प्रमोदायै स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

प्रमोदा साधन– साधक, अर्धरात्रि में उठकर मन्त्र का सहस्र बार जप करें। इस प्रकार एक मास तक प्रतिदिन करें तो निश्चय ही देवी निधियों का दर्शन करा देती है।।५१।।

अथ अनुरागिणी साधनम्–

कुङ्कुमेन समालिख्य भूर्जे देवीं सुलक्षणाम्।
प्रतिपत्तिथिमारभ्य धूपदीपादिभिर्वराम्।।५२।।
कृत्वा देवीं सहस्रञ्च त्रिसन्ध्यं परिवर्तयेत्।
मासमेकं ततः पूजां रात्रौ कृत्वा पुनर्जपेत्।।५३।।
अर्धरात्रे गते देवी समागत्य प्रयच्छति।
दीनाराणां सहस्रैकं प्रत्यहं परितोषिता।।५४।।

अथ मन्त्रः– ॐ अनुरागिणी मैथुनप्रिये यक्षकुलप्रसूते स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनुरागिनी साधन– साधक भोजपत्र पर कुंकुम से सुलक्षणा देवी (सुन्दर लक्षणों वाली देवी) की आकृति बनावें फिर धूप दीप आदि से पूजा करें, तत्पश्चात् मन्त्र का एक हजार जप करें। इस अनुष्ठान को प्रतिपदा से प्रारम्भ करके तीनों सन्ध्याओं में करना चाहिए। एक मास तक पूजा करते हुए रात्रि में पुनः मन्त्र का जप करें। मास के अन्त में पूर्णिमा की रात्रि में अर्धरात्रि के समय देवी आती है और प्रसन्न होकर साधक को एक हजार दीनार प्रदान करती है।।५२-५४।।

अथ नखकेशिकासाधनम्–

गत्वा पक्षिगृहं मन्त्री नखकेशैः प्रपूजयेत्।
दिनैकविंशतिर्यावत् पूजां कृत्वा ततो निशि।।५५।।
आवर्तयेदेकचित्तो मन्त्री मन्त्रं सुसंयतः।
निशार्धे वाञ्छितं द्रव्यं देव्यागत्य प्रयच्छति।।५६।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं नखकेशिके स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

नखकेशिका साधन– साधक पक्षी-गृह (घोसला) में जाकर नख तथा केशों से देवी की पूजा करें। इक्कीस दिनों तक रात्रि में पूजा करके एकाग्रमन से मन्त्र का जप करे तथा संयम का पालन करे। तब अर्ध रात्रि के समय देवी आती है और वांछित कार्य सिद्ध करती है।।५५-५६।।

अथ भामिनीसाधनम्–

दिनत्रयमनाहारी सोमसूर्यग्रहे सति।
स्पर्शाद् विमुक्तिपर्यन्तं जपेत् तद्गतमानसः।।५७।।
ततः प्रसन्ना सा देवि यच्छत्यञ्जनमुत्तमम्।
तेनाञ्जितो नरोऽदृश्यं निधिं पश्यति भूगतम्।।५८।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं यक्षिणि भामिनि रतिप्रिये स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

भामिनीसाधन– साधक तीन दिनों तक निराहार रहकर सूर्य अथवा चन्द्र ग्रहण के समय स्पर्श से लेकर मुक्ति पर्यन्त तक अर्न्तमन से मन्त्र का जप करे। इस तरह से प्रसन्न देवी उत्तम अंजन प्रदान करती है जिसके आँजने से मनुष्य को भूमिगत निधियाँ दिखाई देती हैं।।५७-५८।।

अथ पद्मिनीसाधनम्–

पद्मिनी प्रागुक्ता।

पद्मिनी साधन– पद्मिनी यक्षिणी का साधन पहले कहा जा चुका है।

अथ स्वर्णावतीसाधनम्–

वटवृक्षतले कृत्वा चन्दनेन सुमण्डलम्।
यक्षिणीं पूजयित्वा तु नैवेद्यमुपदर्शयेत्।।५९।।
शशमांसं घृतं क्षीरं मन्त्रमावर्तयेत्ततः।
दिने दिने सहस्रैकं यावत्सप्तदिनं भवेत्।।६०।।
अथागत्य सदा तस्मै मन्त्रमञ्जनमुत्तमम्।
यत्प्रभावान्तरे सर्वं पश्येन्निधिमशङ्कितः।।६१।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं आगच्छ आगच्छ स्वर्णावति स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

स्वर्णावती साधन– साधक बरगद के वृक्ष के नीचे चन्दन से मण्डल बनाये और यक्षिणी की पूजा करे और खरगोश का मांस घृत और खीर का नैवेद्य समर्पित करे फिर प्रतिदिन एक हजार मन्त्र का जप सात दिनों तक करे तो स्वर्णावती आकर साधक को उत्तम अंजन प्रदान करती है जिसके प्रभाव से साधक सभी निधियों को देख सकता है। इसमें किसी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए।।५९-६१।।

अथ रतिप्रियासाधनम्–

शङ्खलिप्तपटे यस्माद् देवीं गौरीं घृतोत्पलाम्।
सर्वालङ्कारिणीं दिव्यां समालिख्यार्चयेन्नरः।।६२।।
जातीपुष्पैः प्रपूज्याथ सहस्रं परिवर्तयेत्।
सप्ताहं मन्त्रवित् तस्याः कुर्यादर्चां शुभां ततः।।६३।।
अर्धरात्रे गते देवी समागत्य प्रयच्छति।
पञ्चविंशतिदीनारान् प्रत्यहं परितोषिता।।६४।।
वाञ्छितं मनसस्तस्मै मन्त्रज्ञाय न शंशयः।।६५।।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं रतिप्रिये स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इति श्रीशिव-पार्वती संवादे वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर-महातन्त्रे यक्षिणीसाधनं नवमः पटलः।।

रतिप्रिया साधन– साधक शंख चूर्ण से रंगे हुए वस्त्र पर कमल को धारण करने वाली, गौरवर्ण सभी अलंकारों से युक्त देवी का चित्र बनाकर चमेली के पुष्पों से पूजन करें और एक सप्ताह तक मन्त्र का जप करें एक हजार मन्त्र का जप प्रतिदिन करना चाहिए तो अर्धरात्रि में देवी प्रकट होती हैं और प्रतिदिन पच्चीस दीनार प्रदान करती हैं। साधक को इसमें संशय नहीं करना चाहिए।।६२-६५।।

।। श्री शिवपार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में यक्षिणी साधन नामक नवम पटल पूर्ण।।

दशमः पटलः

अथ चेटकसाधनम्–

कामातुरेण चित्तेन निशि मन्त्रं जपेत्सदा।
जप्तोऽवश्यं वश्यकरो मन्त्रोऽयं नात्र संशयः।।१।।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं स्कीं क्लीं क्लीं सहवल्लरि क्लीं काम पिशाच क्लीं ह्रीं कामपिशाच अमुकीं कामिनीं कामयाम्यहं तां कामेन ग्राह्य ग्राह्य स्वप्ने मम रूपे नखैर्विदारय विदारय द्रावय द्रावय अस्त्रेण बन्धय बन्धय श्रीं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।

अब चेटक साधन कहा जा रहा है– रात्रि में कामातुर चित्त से उपरोक्त मन्त्र का जप सदा करना चाहिए। यह स्त्रियों का वश्यकारी मन्त्र है, इसके प्रति कभी संशय नहीं करना चाहिए।।१।।

अथ मृतकोत्थापनचेटकः–

जपेन्मासत्रयं मन्त्रं कम्बलस्थः प्रसन्नधीः।
मृतकोत्थापनं कुर्यात् प्रतिमां चालयेत्तथा।।२।।

अथ मन्त्रः– सदारक्तकम्बल महादेवदूत मृतकमुत्थापय उत्थापय प्रतिमां चालय चालय पर्वतान् कम्पय कम्पय लीलया विलसय विलसय ईं ईं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मृतक उत्थापन चेटक– प्रसन्नचित्त होकर कम्बल के आसन पर बैठकर तीन महीने तक मन्त्र का जप करें तो ऐसा साधक मृतक को उठा सकता है और प्रतिमा को चलायमान कर सकता है।।२।।

अथ आकर्षणचेटकः–

चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रं सागरस्य तटे शुचिः।
पत्रपुष्पफलादीनां करोत्याकर्षणं ध्रुवम्।।३।।

अथ मन्त्रः– अभय धुद्धुताकर्ष कर्मकर्ता सृष्टिपुत्र अमुकं आकर्षय द्रीं।। इति मन्त्रः।।

आकर्षण चेटक– शुद्ध होकर सागर के तट पर बैठकर चार लाख

मन्त्र का जप करें तो निश्चित रूप से पत्र, पुष्प और फल आदि का आकर्षण करने में साधक समर्थ होता है।।३।।

अथ मणिभद्रचेटकः–

सहस्राष्टमिमं मन्त्रं जपेत् सप्तदिनावधिः।
प्रत्यहं मणिभद्राख्यः प्रयच्छत्येकरुप्यकम्।।४।।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो मणिभद्राय नमः पूर्णभद्राय नमो महायक्षाय सेनाधिपतये मौद्धमौद्धधराय सुघटमुद्रावहे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मणिभद्र चेटक– साधक सात दिन अवधि में आठ हजार मन्त्र प्रतिदिन जप करे तो मणिभद्र साधक को प्रतिदिन एक रुपया देता है।।४।।

अथ स्वप्नसिद्धिचेटकः–

त्रिसन्ध्यं वलिदानं च निशायां प्रजपेन्मनुम्।
सहस्रं हि जपेन्नित्यं यावत् स्वप्नं प्रजायते।।५।।
प्राणिनां मृत्युसमयं वदत्येव न संशयः।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते रुद्राय देहि में बचनसिद्धिविधाने पार्वतीपते ह्रां ह्रीं ह्रौं ह्रः।। इति मन्त्रः।।

स्वप्नसिद्धि विधान– साधक तीनों सन्ध्याओं में बलिदान देकर रात्रि में मन्त्र का एक हजार जप करे। जप तब तक करे जब तक कि स्वप्न सिद्धि न हो जाय, तो निश्चय ही साधक प्राणियों का मृत्यु समय बता सकता है।।५।।

अथ सागरचेटकः–

रात्रौ रात्रौ जपेन्मन्त्रं सागरस्य तटे शुचिः।
लक्षजापे कृते सिद्धो दत्ते सागरचेटकः।।६।।
रत्नत्रयं तदा मौन्यं यस्मिन्मन्त्री सुखीभवेत्।
सहस्रदशकं नित्यं रात्रौ मन्त्रं जपेत्सुधीः।।७।।
तद्दशांशं मधुपयोमिश्रैः पद्मैश्च होमयेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते रुद्र देहि मे निजराशिं श्रीं नमोऽस्तुते स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

सागर चेटक विधान– पवित्र होकर सागर के तट में साधक एक लाख मन्त्र का जप करें। ऐसा करने से सागर चेटक सिद्ध हो जाता है। ये जप रात्रि में प्रतिदिन दस हजार करें तत्पश्चात् जप का दशांश, शहद, दूध और कमलों से होम करें तो सागर चेटक साधक को तीन रत्न प्रदान करता है जिससे साधक सुखी हो जाता है। यह अनुष्ठान मौन व्रत धारण करके करना चाहिए।।

रंञ्जकमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं अमुकं रञ्जय स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण सर्वजनास्तु रञ्जका भवन्ति।

रञ्जक विधान– इस मन्त्र में अमुक की जगह जिस व्यक्ति का नाम लिया जाय तो व व्यक्ति प्रसन्न हो जाता है।

अथादृश्यकारणी विद्या–

निशाचरं ध्यात्वाऽऽत्मपाणिना जपनाददृश्यकारिणीं विद्यामाप्नोति।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो रसाचारिणे महेश्वराय मम पर्यटने सर्वलोकलोचनि बन्धय बन्धय देव्याज्ञापयति स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अदृश्यकारिणी विधान– राक्षस का ध्यान करके अपने हाथ से मन्त्र का जप करें तो अदृश्यकारिणी विद्या प्राप्त होती है।।

अथ नृसिंहचेटकः–

सकृदुच्चारणमात्रेण नृसिंहचेटकाख्यो मन्त्रो डाकिन्यादिदोषं नाशयति।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते हिरण्यकशिपुबलविदारणाय त्रिभुवनव्यापकाय प्रेतपिशाच-कूष्माण्ड-ब्रह्मराक्षसयोगिनी-डाकिनी कुलोन्मूलनाय तद्भवाय समस्तदोषान् नाशय नाशय विसर विसर कम्पय-कम्पय मथ मथ हुं हुं स्वाहा। एह्येहि रुद्र आज्ञापयति स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

नृसिंह चेटक विधान– इस मन्त्र का एक बार उच्चारण करने मात्र से भूत-प्रेत डाकिनी आदि भाग जाते हैं।

अथ अनिद्राकर्षणम्–

प्रेरकः सहस्रपादः अनिद्रामाकर्षयति।

अथ मन्त्रः– ॐ प्रेरक अमुकीं तब मण्डलं समावर्तय द्रावय दाहय संतापय ह्रौं।। इति मन्त्रः।।

इति श्रीशिव-पार्वति-संवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर-महातन्त्रे दशमः पटलः।।

अनिद्रा आकर्षण विधान– इस मन्त्र का जप करने से प्रेरक सहस्र पाद अनिद्रा का आकर्षण करता है।।

श्री शिव पार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र का दशम पटल पूर्ण हुआ।।

एकादशः पटलः

दिग्बन्धनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– वज्रक्रोधाय महादन्ताय दशदिशो बन्ध बन्ध हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

दिग्बन्धन विधान– कोई अनुष्ठान आदि करने के प्रथम इस मन्त्र से चावल या काले उड़द अभिमन्त्रित करके दशो दिशाओं में फेकना चाहिए। इससे दिग्बन्धन होता है।

अथ योनिसङ्कोचनम्–

कुमुदं हरितालं च पिष्ट्वा योनिं प्रलेपयेत्।
त्रिरात्रं पञ्चरात्रं च योनिर्भवति संयुता।।१।।

योनि सङ्कोचन प्रयोग– कुमुदिनी तथा हरिताल पीसकर योनि में लेप करने से योनि संकुचन तीन या पाँच रात्रियों में ही हो जाता है।।१।।

मांसी चन्दनमुस्ता च तगरं नागकेसरम्।
एभिर्मासप्रयोगं च भगलेपनमुत्तमम्।।२।।

बालछड़, सफेद चन्दन, नागरमोथा, तगर तथा नागकेशर को मिलाकर एक साथ पीसकर भग पर लेप करने से एक मास में भग का संकुचन हो जाता है।।२।।

मालतीकुसुमैस्तैलैर्वल्कैर्वराङ्गलेपनम्।
ऋतुकालेऽथवा कुर्यात् तदा तत्तुल्यतां भवेत्।।३।।
डिम्बस्थानीयपञ्चाङ्गं सर्षपतैलपाचितम्।
सततमभिलेपेन सा भर्त्तारं वशं नयेत्।।४।।

चमेली (मालती) के फूल तथा छाल को कुसुम के तेल में पकावें फिर इस तेल को ऋतु काल अथवा अन्य समय योनि में लगाने से योनि कौमार्य को प्राप्त करती है।। डिम्ब के पचांग को सरसों में पकाकर योनि में लगाने से पति वशीभूत होता है।।४।।

अथ लिङ्गवर्द्धनम्–

मूलं तु वानरीशृङ्गं छागीमूत्रेण लेपयेत्।
लेपनात्तु ततः शिश्नं यथेच्छं कामयेद् बलात्।।५।।

लिङ्गवर्धन प्रयोग– जटामांसी की जड़ को बकरी के मूत्र में पीसकर लिंग पर लेप करने से इच्छानुसार रतिक्रिया में लिंग वर्द्धित होता है।।५।।

सौभाग्यपिप्पली लाक्षा विषं च क्रमवर्द्धितम्।
लेपं प्रक्षालितं लिङ्गं नारीं कामयते चिरात्।।६।।

सदासुहागिन एक भाग, पीपरी दो भाग, लाक्षा तीन भाग तथा वत्सनाभ विष चार भाग को पीसकर लिंग पर लेप करें। सूख जाने पर धो डालें तत्पश्चात् सम्भोग करें तो लिंग में चिरकाल तक प्रबलता बनी रहती है।।६।।

अथ वीर्यस्तम्भनप्रयोगः–

पारावतं तथा गुञ्जां श्वेतोत्पलं समाक्षिकम्।
नाभिलेपनमित्युक्तं वीर्यस्तम्भकरं परम्।।७।।

वीर्य स्तम्भन प्रयोग– कबूतर की विष्ठा, घुंघुची, सफेद कमल तथा सोनामक्खी पीसकर नाभि में लेप करें तो वीर्य स्तम्भन होता है।।७।।

अथ प्रमदाकर्षणम्–

द्वादशारं लिखेच्चक्रं कुङ्कुमेन समन्वितम्।
भूर्जपत्रेऽथवा वस्त्रे नेत्रे वद्धफलादिके।।८।।
पत्रे पत्रे लिखेद् बीजं ह्रींकारं परमोज्ज्वलम्।
साध्यनाम तथा मध्ये कर्णिकायां विशेषतः।।९।।
विदर्भमन्त्रमुख्येन तत्कूटं परिमण्डले।
मृत्तिकाभिः समस्ताभिः प्रतिमां कारयेद् दृढम्।।१०।
कर्षयेत् प्रमदां नारीं गर्वितां तु न संशयः।
वैराग्यं न पुनर्याति दासीभावेन तिष्ठति।।११।।

स्त्री आकर्षण प्रयोग– भोज पत्र पर अथवा वस्त्र पर कुङ्कुम से बारह पंखुड़ियों का कमल (चक्र) बनायें। ये पंखुड़ियाँ कमल के फल आदि से वद्ध पंखुड़ियों के समान होनी चाहिए। प्रत्येक पंखुड़ी में ह्रीं बीज लिखना चाहिए। कर्णिका के मध्य में साध्य का नाम लिखे। मुख्य आकर्षण मन्त्र को मण्डल के चारो ओर पंखुड़ियों के ऊपर (विदर्भ देश) वेष्ठित करना चाहिए अर्थात् लिखना चाहिए। सभी प्रकार की मिट्टी लेकर साध्य की मिट्टी की प्रतिमा बनायें और मुख्य मन्त्र का जप करना चाहिए। ऐसा करने से घमण्डी स्त्री भी निश्चित रूप

से आकर्षित होती है। वह स्त्री दासी के समान रहती है और वैराग्य को प्राप्त नहीं करती है।।८-११।।

अथ मन्त्रः- ॐ आं ह्रीं क्रीं कालरात्रि कान्तेश्वरि अमुकीमाकर्षयकर्षय हुं फट्।। इति मन्त्रः।।

प्रमदाकर्षण यन्त्र



अथ वशीकरणाञ्जनम्-

दाडिमं पञ्चकोलं च लोहं वज्रोरसं घृतम्।
चूर्णं भूमन्दराशाखं दन्तनखं करोति वै।।१२।।
मनःशिलाप्रियङ्गुश्च रोचनानागकेशरम्।
नेत्राञ्जनसमायुक्तं सर्वसत्त्ववशङ्करम्।।१३।।

इति श्रीशिव-पार्वती संवादे वीर भद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर महातन्त्रे एकादशः पटलः।

अथ वशीकरण अंजन- अनार, पञ्चकोली, गजवेल, थूहर का दूध तथा घृत इन सबको एक साथ घोटें तत्पश्चात् भूमन्दारा का चूण्र एवं दाँत और नखों का मल मिलावें फिर इसमें मैनशिल, प्रियंगु, गोरोचन, नागकेशर और

अंजन सभी को समाहित करें। इस अंजन को नेत्रों में लगाने से सभी प्राणी वश में हो जाते हैं।

श्रीशिव-पार्वती संवाद रूप में वीर भद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में एकादश पटल पूर्ण।।

द्वादशः पटलः

अथ नृसिंह मन्त्रः– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं चण्डोग्रे त्रिनेत्रे चामुण्डे अरिष्टे हूं फट् स्वाहा। ह्रीं नमाम्यहं महादेवं नृसिंहं भीमरूपिणं ओं नमस्तस्मै।। इति मन्त्रः।।

शिवपार्वतीसंवादे तन्त्रविषयाः–

श्री पार्वत्युवाच–

उड्डीशेन समाकीर्णे योगिवृन्दसमाकुले।
प्रणम्य शिरसा गौरी परिपृच्छति शङ्करम्।।१।।

श्री पार्वतीजी बोली– भगवान शिव के समकक्ष और योगियों के समूह से घिरी हुई देवी गौरी भगवान शंकर को सिर से प्रणाम करती हुई फिर से पूछने लगी।।

श्रीईश्वर उवाच–

शृणु त्वं हि वरारोहे सिद्ध्यर्थं प्रतिवासरे।
तं वदिष्यामि ते देवि सर्वं तत्समुदाहृतम्।।२।।

श्री शिव जी बोले– हे पार्वती सुनो सिद्धियों की प्राप्ति के लिए प्रतिदिन सुनना चाहिए जो कुछ तन्त्र शास्त्र में कहा गया है, हे देवि ! वह सब मैं कह रहा हूँ।।२।।

देवि यो द्विजो मन्त्रैस्तु विप्रं हन्यात्र संशयः।
पूर्वोदितं मयोड्डीशं कथ्यते तव भक्तितः।।३।।

हे देवि ! जो ब्राह्मण नियमित रूप से मन्त्रों के जप में लगा रहता है उसके लिए तुम्हारी भक्ति के कारण उड्डीशतन्त्र मेरे द्वारा कहा जा रहा है।।३।।

उड्डीशं च नमस्कृत्य रुद्रं चैव सुदुर्जयम्।
कपर्दिनं विरुपाक्षं सर्वभूतभयावहम्।।४।।
प्रथमं भूतकरणं द्वितीयोन्मादनं तथा।
तृतीयं द्वेषणं चैव तुर्यमुच्चाटनं तथा।।५।।
ग्रामोच्चाटं पञ्चमं च षष्ठं च जलस्तम्भनम्।
सप्तममग्निस्तम्भं च वशीकरणमष्टमम्।।६।।
अन्यानपि प्रयोगांश्च शृणुष्व वै वरानेन।
शिवेन कथिता योगा उड्डीशे शास्त्रनिश्चये।।७।।

उड्डीश, रुद्र, सुदुर्जय, कपर्दी, विरुपाक्ष, सर्वभूतभयावह शिव को नमस्कार करके प्रथम भूतकरण, द्वितीय उन्मादन, तृतीय विद्वेषण, चतुर्थ उच्चाटन, पञ्चम ग्रामोच्चाटन, षष्ठ जलस्तम्भन, सप्तम अग्निस्तम्भन तथा अष्टम वशीकरण और अन्य प्रयोगों को सुनिये। हे पार्वती ! जो निश्चय ही उड्डीश शास्त्र में शिव के द्वारा कहे गये हैं।।४-७।।

अन्धी च बन्धीकरणं मूकीकारस्तथैव च।
गात्रसङ्कोचनं चैव भूतज्वरकरस्तथा।।८।।
अस्त्रशस्त्रस्य त्रुटितं पानीयस्य विनाशनम्।
दधिमधुनाशनं च मत्तकारं तथैव च।।९।।
गजानां वाजिनाञ्चैव प्रकोपनं परस्परम्।
आकर्षणं भुजङ्गानां मानवानां तथा ध्रुवम्।।१०।।
सस्यविनाशनं चैव गर्भस्यान्तर्धिकारणम्।
बेतालाञ्जनसिद्धिश्च उलूकसिद्धिरपि हि।।११।।
अन्यानपि महारौद्रान् प्रोयोगान् शृणु साम्प्रतम्।
विद्यामन्त्रप्रयोगांश्च औषधं चाभिचारिकम्।।१२।।

अन्धीकरण, बन्धीकरण, मूकीकरण, गात्र (योनी) संकोचन, भूत ज्वर करण, अस्त्र-शस्त्र का स्तम्भन, जल का विनाशन, दही मधु का विनाश, मत्तीकरण, हाथियों तथा घोड़ों का परस्पर प्रकोपकरण, मनुष्य तथा सर्पो का आकर्षण, फसल का विनाश, गर्भ व्याधिकरण, वेताल तथा अंजन की सिद्धि, उल्लू की सिद्धि तथा अन्य महारौद्र प्रयोग और विद्या, मन्त्र प्रयोग औषधियाँ व अभिचारिक प्रयोगों को सुनिये।।८-१२।।

गुप्ता गुप्ततराः कार्या रक्षितव्याः प्रयत्नतः।
अकुलीनाधमबुद्धेर्भक्तिहीनस्य वै तथा।।१३।।
हिंसकस्य च क्षुद्रस्य निन्दकस्य विशेषतः।
स्वार्थफलादिलुब्धस्य उपदेशममन्यतः।।१४।।
एतैश्च सह संयोगो न कार्यः सर्वदा बुधैः।।१५।।

गुप्त प्रयोगों को प्रयत्नतः गुप्त रखना चाहिए। अकुलीन, भक्तिहीन, हिंसक अधम बुद्धि, क्षुद्र, निन्दक, उपदेश को न मानने वाले, स्वार्थवश फलादि के लोभी पुरुषों के लिए यह शास्त्र प्रयत्नपूर्वक वर्जित रखना चाहिए। बुद्धिमानों को चाहिए कि ऐसे लोगों के कार्य या रांयोग सर्वदा वर्जित रखें।।१३-१५।।

य उड्डीशक्रियाशक्तिभेदं कुर्वन्ति मोहिताः।
ते दुष्टा दुर्जयाश्चैव किमत्र बहुभाषितैः।।१६।।
यदीच्छासिद्धिमात्मानमात्मार्थं हि तथैव च।
सत्पूरुषाय दातव्यं देवगुरुरताय च।।१७।।

जो मोहित होकर उड्डीश तन्त्र में भेद करते हैं अर्थात् उसकी क्रियाओं में तथा शक्तियों में अविश्वास करते हैं वे दुष्ट सर्वथा दुर्जयी होते हैं। अधिक कहना व्यर्थ है। इच्छानुसार सिद्धि प्राप्ति के लिए अथवा आत्म तत्त्व के लाभ के लिए, देव, गुरुभक्ति में रत सत्पुरुष को ही देना चाहिए।।१६-१७।।

प्रयोगास्तु प्रयोक्तव्याः साधकैः शत्रुकारणे।
अनिमित्ता निवर्तन्ते स्वात्मग्राहे न संशयः।।१८।।
असन्तुष्टो ह्ययुक्तश्च प्रयोगानिति नाचरेत्।
शास्त्रसिद्धविचारास्तु समन्त्रकोषकाः शुभाः।।१९।।

साधक शत्रु के लिए प्रयोग करें अर्थात् निस्वार्थ भावना से प्रयोग करें। बिना कारण या अपनी प्रशंसा के लिए किये गये प्रयोग स्वयं को कष्ट प्रदान करते हैं।।१८।।

असन्तुष्ट व अनुप्रयुक्त पुरुष इन प्रयोगों को न करें। शास्त्र में सिद्ध विचार वाले व्यक्ति ही शुभ मन्त्र कोष से लाभान्वित होते हैं।।१९।।

अथ गणपतिसिद्धिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ग्लौं गं गणेशाय नमः।। इति मन्त्रः।।

मन्त्रेणानेन मन्त्रज्ञः कुम्भकारमृदा तथा।
लम्बोदरं प्रकुर्वीत पूजयेदुपचारकैः।।२०।।
साप्ताहिकं त्रिसन्ध्यायां जप्तव्यं सावधानतः।
सहस्रैकप्रमाणेन जपाच्छान्तिर्भविष्यति।।२१।।

अथ गणपति प्रयोग– मन्त्र को जानने वाला व्यक्ति कुम्हार के हाथ की मिट्टी से गणपति जी का निर्माण करे साथ में मन्त्र को पढ़ता जाय फिर पूजनोपचार करे। एक सप्ताह तक तीनों सन्ध्याओं में सावधानी से मन्त्र जपे, प्रत्येक सन्ध्या में एक हजार जप करना चाहिए। ऐसा करने से शान्ति होती है।२०-२१।।

प्रातरष्टोतरं जप्त्वा लभेद् बुद्धिं शुभां नरः।
मासेनैकेन देवेशि श्री लाभश्च भवेद् ध्रुवम्।।२२।।
षण्मासेन वरारोहे महाधनपतिर्भवेत्।
त्रिकालज्ञानवेत्ता च वर्षैकेन न संशयः।।२३।।

तत्पश्चात् प्रातः १०८ जप करने से मनुष्य शुभ बुद्धि को प्राप्त कर लेता है। एक मास तक ऐसा करने से, हे देवेशि ! वह लक्ष्मी प्राप्त करता है और छः महीने तक ऐसा करने पर महाधनपति बन जाता है तथा एक वर्ष में वह त्रिकाल ज्ञानी बन जाता है। इसमें कोई संशय नहीं है।।२२-२३।।

अथ वाक्सिद्धिप्रयोगः–

प्रातः सहस्रवारं तु प्रजप्तेन प्रपूजयेत्।
वरदां तु महादेवीं श्वेतगन्धानुलेपनैः।।२४।।
पुष्पैर्जपैर्दक्षिणादिसोपचारैस्तु प्रत्यहम्।
सप्तमे दिवसे ह्येवं वागैश्वर्यं प्रजायते।।२५।।
भवेत्सद्यः प्रवक्ता च श्रुतिस्मृतिधरोऽपि च।
बान्धवः सर्वभूतानां चिरायुः सुखमेधते।।२६।।

अथ मन्त्रः– ऐं नमः स्वाहाः।। इति मन्त्रः।।

वाक्सिद्धि प्रयोग– साधक मन्त्र का प्रातः सहस्र बार जप करे। फिर देवी सरस्वती का सफेद चन्दन, पुष्प, गन्ध आदि से पूजन करे। प्रत्येक दिन जप, पूजादि में देवी का इसी प्रकार पूजन करता रहे तो सातवें दिन वाणी की

सिद्धि प्राप्त हो जाती है। वह साधक वक्ता बन जाता है। वेद, स्मृति को शीघ्र कंठस्त कर लेने वाला हो जाता है। सभी प्राणियों में बन्धु भाव रखता हुआ। साधक चिरायु होकर सुख की प्राप्ति करता है।।२४-२६।।

अथ त्रिदशाङ्गनाकर्षणमन्त्रप्रयोगः-

मन्त्रेणानेन देवेशि साधकः जपमारभेत्।
रक्तवस्त्रावृतो नित्यं तथा कुङ्कुमजाङ्गले।।२७।।
सप्ताहजपमात्रेण ह्यानयेत् त्रिदशाङ्गनाम्।
अथ मन्त्रः- ॐ क्लीं।। इति मन्त्रः।।

देवसुन्दरी के आकर्षण का प्रयोग- हे देवेशि ! इस मन्त्र का जप साधक लाल वस्त्र धारण करके केशर के वनों में आरम्भ करे। एक सप्ताह के बाद अप्सराओं का आकर्षण होता है।

कामिन्याकर्षणम्

पूर्वविधानपूतो हि जपेदेकान्तसंस्थितः।।२८।।
आकर्षति स्त्रियं शस्तां सालङ्कारां सुवाससम्।
अथ मन्त्रः- ॐ द्रीं द्रीं द्रीं द्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

कामिनी आकर्षण प्रयोग- पूर्व विधान के अनुसार पवित्र होकर एकान्त में बैठकर मन्त्र का जप करें, तो अलङ्कारों से युक्त वस्त्रों से सुसज्जित स्त्री का आकर्षण होता है।।२८।।

ऊर्ध्वदृष्टिप्रयोगेण जपेल्लक्षत्रयं प्रिये।।२९।।
सर्वपापविनिर्मुक्तो जायते खेचरे पदे।
अथ मन्त्रः- ॐ हैं हः हुं।। इति मन्त्रः।।

हे प्रिये ! इस मन्त्र को ऊपर दृष्टि रखते हुए जो साधक तीन लाख जप करता है। वह पापों से मुक्त होकर खेचर पद को प्राप्त कर लेता है।।२९।।

एकपादस्थितो भद्रे जपेदष्टोत्तरं शतम्।।३०।।
यद्यत् प्रार्थयते वस्तु तद् ददाति दिने दिने।
यजेन्नरविशेषञ्च देवाग्निगुरुब्राह्मणैः।।३१।।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं कारीण्डः क्षः क्षीं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

हे भद्रे ! जो साधक एक पैर पर खड़ा होकर एक सौ आठ बार मन्त्र का जप करे तो मनचाही वस्तुएं प्रतिदिन प्राप्त होती है। मन्त्र का साधन करते हुए साधक को देव, अग्नि, गुरु, ब्राह्मण तथा महात्माओं का भी पूजन करना चाहिए।।३०-३१।।

अथ मनोरथप्राप्तिमन्त्रप्रयोगः–

मन्त्रेणानेन पूर्वाह्णे पूजयन्नुपचारकैः।
शराबं पूरयित्वा तु चतुष्पथे वलिं हरेत्।।३२।।
समन्त्रं क्षिप्यति पुमान् पुरुषं यदि पश्यति।
आत्मचिन्तितकार्याणि साधयत्येव नान्यथा।।३३।।

अथ मन्त्रः– ॐ श्रीं क्षीं लोहं मुञ्च किलि किलि अमुकं काटय काटय मातङ्गिनि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

मनोरथ प्राप्ति प्रयोग– पूर्वाह्न में उपरोक्त मन्त्र से मातंगी देवी का षोडशोपचार से पूजन करे फिर मन्त्र का जप करें। मदिरा तथा बलि की सामग्री (खीर अथवा मांस) से किसी चौराहे पर बलि प्रदान करें। रात्रि में बलि देते समय यदि साधक को कोई दिव्य पुरुष दिखाई दे तो साधक के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। यदि ऐसा न हो तो मनोरथ सिद्ध नहीं होता है।।३२-३३।।

अथ जलस्तम्भनमन्त्रप्रयोगः–

मन्त्रेण मृत्तिकां जप्त्वा प्रतार्य सप्तधा जले।
सम्मुखीभूय क्षिप्त्वा च वासरे चायुतं जपेत्।।३४।।
तेन सिद्धो भवेन्मन्त्रः साधकस्य न संशयः।

अथ मन्त्रः– ॐ स्तम्भिनि स्वाहा कपालिनि स्वाहा द्रीं द्रीं वैषादार्थिनि स्वाहा छः छः।। इति मन्त्रः।।

जल स्तम्भन प्रयोग– इस मन्त्र को जल के सम्मुख बैठकर दिन में जपना चाहिए। मन्त्र का दस हजार जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। तत्पश्चात् मिट्टी को मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करके जल में फेकने से जल का स्तम्भन हो जाता है।।३४।।

ज्वराभिभूतमन्त्रप्रयोगः–

मध्याह्नसमये सूर्यसम्मुखे जपमाचरेत्।।३५।।
अयुतं जप्तमात्रेण स्वसामर्थ्यं प्रपश्यति।
तस्य दृष्टिनिपातेन द्विपदश्च चतुष्पदः।।३६।।
ज्वराभिभूता जायन्ते अपूर्वा मन्त्रसम्पदः।

अथ मन्त्रः– ॐ श्रीं क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्षः।। इति मन्त्रः।।

ज्वराभिभूत प्रयोग– इस मन्त्र का जप मध्याह्न में सूर्य के सम्मुख होकर करें। साधक दस हजार मन्त्र जप करने पर अपनी विचित्र सामर्थ्य को देख सकता है। ऐसे साधक की दृष्टि जिन मनुष्यों अथवा पशुओं पर पड़ती है वो ज्वर से पीड़ित हो जाते हैं। यह मन्त्र रूप सम्पदा अपूर्व है।।३५-३६।।

अथ ज्वरनाशनमन्त्रप्रयोगः–

एकविंशतिजप्तेन जलेन ज्वर पीड़ितः।।३७।।
विमुच्यते पानमात्रात् सद्यः स्वस्थश्च जायते।

अथ मन्त्रः– ॐ हंसः हं सं सोहं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

ज्वरनाशन प्रयोग– उपरोक्त मन्त्र से इक्कीस बार अभिमन्त्रित जल के पान मात्र से ज्वर पीड़ित मनुष्य शीघ्र ज्वर से मुक्त हो जाता है और स्वास्थ्य लाभ करता है।।३७।।

सर्वदलनमन्त्रप्रयोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं नमो घोरेश्वरि घोरमुखि चामुण्डे ऊर्ध्वकेशि विकृतानने द्रीं द्रीं हुं फट् हुं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

सर्वदलन प्रयोग– इस मन्त्र का जप नित्य चामुण्डा की पूजा करके करना चाहिए। यह सारे विघ्नों तथा शत्रुओं का नाश कर देता है।

ग्रहारिष्टनाशनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं द्रीं फट् फट् फट् स्वाहा सर्वग्रहाणां त्रासनं कुरु कुरु अङ्गुलिप्रहारेण। इति मन्त्रः।।

ग्रहारिष्ट नाशन मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र को पढ़ते हुए मोर पंख से अथवा अंगुलियों से झाड़ देने पर बच्चों का ग्रहारिष्ट आदि का निवारण हो जाता है।

बलीपलितनाशन मन्त्रः–

अनेन मन्त्रेणोदकं शरावे संक्षिप्याष्टोत्तरशतेनाभिमन्त्रितं कृत्वा पिबेत् प्रातरुत्थाय संवत्सरेण वलीपलितवर्जितो भवति।

वृक्षस्थावरजङ्गमाकृतिं समाङ्गीकाराच्च व्याघ्रलोमादिकं पूर्वोदर्यां भस्मी करोति सर्वजनप्रियो भवति। चिरायुर्भवति।

अथ मन्त्रः– ॐ स्रं स्रां स्रिं स्रीं स्रुं स्रूं स्रें स्रै स्रों स्रौ स्रं स्रः हरं रौं रीं रूं रैं रेविः छुं छुं हं सः अमृतवर्चसे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अथ बलीपलित नाशन प्रयोग– इस मन्त्र से एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करके प्याले में जल डालकर एक वर्ष तक प्रातःकाल में पिये तो मनुष्य वृद्धावस्था तथा सफेद बालों से रहित हो जाता है।

वृक्ष, स्थावर, जंगम आकृतियों को समान स्वीकार करता हुआ व्याघ्र लोमादि को पूर्व में स्थित गुफा में उपरोक्त मन्त्र के द्वारा भस्म करें और भस्म का तिलक लगावें तो वह व्यक्ति सर्वजनप्रिय तथा दीर्घायु हो जाता है।।

अथेप्सितलाभमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते रुद्राय चण्डेश्वराय हुं हुं हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण जपं कृत्वा शीघ्रमीप्सितं लभेत्।

इच्छित लाभ मन्त्र प्रयोग– उपरोक्त मन्त्र का जप करने से शीघ्र ही इच्छित वस्तुओं की प्राप्ति होती है।

अथ मेघस्तम्भनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हूं द्रीं क्षं क्षां क्षिं क्षीं क्षुं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं पूर्वं लक्षमेकं जपेत् तद्दशांशमयुतं हवनं कुर्यात्। एकैकं समिधं घृताक्तां जुहुयात् सिद्धो भवति। गङ्गागोलोके न ते मेघाः प्रणश्यन्ति न च वर्षन्ति वासवो नदसमुद्रं शोषयति। उदकमध्ये स्थित्वा जपं करोत्यनावृष्टिकालऽतिवृष्टिं करोति।

मेधस्तम्भन मन्त्र प्रयोग– उपरोक्त मन्त्र का पहले एक लाख जप करें और उसका दशांश हवन करें। घृत से युक्त प्रत्येक समिधा का हवन करने

पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है। इस मन्त्र का प्रयोग करने से गंगा तथा गाय युक्त प्रदेशों में मेघ नष्ट नहीं होते और न वर्षा ही करते हैं। मन्त्र के प्रभाव से इन्द्रदेव नदी व समुद्र को सुखा देते हैं। अनावृष्टि के समय जल के मध्य में खड़े होकर यदि इस मन्त्र का जप किया जाय तो अतिवृष्टि होने लगती है।

अथ कुमारपूजनमन्त्रप्रयोगः–

पूर्ववेलायामादर्शदीपसमीपे षडङ्गुले भाजने सूर्यमण्डले कुमारं वामे वेशयेत्, पूर्वमयुतजपः कर्त्तव्यः पञ्चोपचारेण पूजा च कर्त्तव्या पूर्वाभिश्च स्वराज्ये।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं प्रचलिते कुबेरे हूं हूं किलि किलि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

कुमार पूजन मन्त्र प्रयोग– प्रातःकाल आदर्श दीप के समीप छः अंगुल परिमाण के पात्र में सूर्य मण्डल का निर्माण करें। कुमार को मण्डल के बायी ओर बैठायें। तत्पश्चात् मन्त्र का दस हजार जप करें और पञ्चोपचार से पूजा करें। यह अनुष्ठान राजा को अपने राज्य में अवश्य कराना चाहिए।।

अथ ग्रामप्राप्तिमन्त्रः–

अनेन मन्त्रेण सिद्धार्थकं घृतमिश्रितं हुनेत् अष्टोत्तरशतेन, अन्नपानविमिश्रितं सहस्रेण हुनेन्मनसः प्रार्थितं लभेद् अयुतं हुनेच्छ्रीः सुमना भवेत्, लक्षंहुनेद् ग्रामशतं लभेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ श्रीं हिमजाते प्रयच्छ मे धनं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

ग्राम प्राप्ति मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र से एक सौ आठ बार सफेद सरसों तथा घृत से हवन करें। अन्न मिश्रित घृत का हजार बार हवन करें तो मन में इच्छित वस्तुए प्राप्त हो जाती हैं। दस हजार हवन करने से उत्तम लक्ष्मी की प्राप्ति होती है तथा एक लाख हवन करने से सौ ग्रामों की प्राप्ति होती है।।

अथ कामप्रदो मन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ नमो नमः।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं शतं जपेत्सर्वकामप्रदोऽयं मन्त्रः।

कामप्रद मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र का सौ बार प्रतिदिन जपना चाहिए। यह सभी इच्छाओं की प्राप्ति कराने वाला मन्त्र है।

RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN DEEMED UNIVERSITY (UNDER MINISTRY OF H.R.D. GOVT. OF INDIA)
ACCESSION NO. 27838
DATE 20.2.2010

अथ कामदमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं श्रीं सारसे सिद्धिकरि क्रीं नमः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं लक्षमेकं जपेद् रक्तकरवीरैश्च पूजयेत् सततं सर्वकामदोऽयं मन्त्रः।

अथ कामदमन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र को एक लाख जप करें तथा लाल कनेर के पुष्पों से देवी का पूजन करें तो निरन्तर सभी कामनाओं की प्राप्ति होती है।

अथ सर्वस्त्रीभाजनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ द्रुं क्षें क्षैं हुं क्षः अमुकं क्षः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण राजिकालवणतुषकण्टकशिवनिर्माल्यं कटुतैलेनाऽयुतं हुनेत्समस्तस्त्रीभाजनं भवति।

सर्वस्त्रीभाजन प्रयोग– राई, लवण, भूसी, कण्टक (बेल के काँटे) शिव निर्माल्य को मिलाकर सरसों के तेल के साथ दस हजार हवन करें। आहुतियाँ उपरोक्त मन्त्र से देना चाहिए। ऐसा करने वाला साधक सभी स्त्रियों का आदर-पात्र होता है।

अथ सैन्यस्तम्भन मन्त्रप्रयोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ हुं हुं हुं लूं लं हुं लौं हुं लः अमुकं छः छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण सिद्धार्थं भस्मना सह मन्त्रितं कर्तव्यं यस्य गृहे प्रक्षिप्य मन्त्रवलिपार्श्वैराक्षिपेत् तस्य बाहुस्तम्भो भवति। रिपुसैन्याग्रे क्षिपेत् शत्रुसैन्यस्तम्भो भवति, अश्वगजनरा निश्चेष्टा भवंति, विकला भवन्ति, समन्तादेवाकुला भवन्ति।

अथ सैन्यस्तम्भन प्रयोग– चिताभस्म और सफेद सरसों मिलाकर उपरोक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिसके घर में डाल दिया जाय और मन्त्र से युक्त बलि घर के पार्श्व भाग में प्रदान की जाय, तो उस घर में रहने वालों की बाहे स्तम्भित हो जाती हैं। शत्रु की सेना के आगे अभिमन्त्रित द्रव्य फेका

जाय तो सेना स्तम्भित होती है। हाथी, घोड़े तथा मनुष्य सभी निश्चेष्टक हो जाते हैं। व्याकुल हो जाते हैं और व्याकुल होकर भाग जाते हैं।

अथ वातादिविकारनाशक प्रयोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ रुं रुं मुखे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन् मन्त्रेण जप्ततैलेन मुखं प्रक्षाल्य तिल तैलेन गात्राभ्यङ्गं वा विधाय वातादिकं दिनसप्तकेन नश्यति।

अथ वातादिविकार नाशक प्रयोग– इस मन्त्र से अभिमन्त्रित तिल के तेल को मुख पर या शरीर पर सात दिनों तक सेवन (लेपन) करने से वातादि विकार नष्ट हो जाते हैं।।

अथेप्सितफलप्राप्तिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ऐं मातङ्गि विमलावति विकराले ह्रीं छः छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण जपापुष्पं परिजप्य वारिणि नद्यादौ होमयेत् सप्ताहेनेप्सितं फलं लभेत्।

इच्छित फल प्राप्ति प्रयोग– उपरोक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित गुड़हल के पुष्पों को नदी आदि के जल में डालने से एक सप्ताह के अन्दर इच्छित फल की प्राप्ति होती है।

अथ नष्टवित्तलाभमन्त्रः–

कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रभृत्।
तन्नामकीर्त्तनादेव हृतं नष्टं च लभ्यते।।३८।। इति मन्त्रः।
नित्यं नित्यं जपेत्किञ्चिद्विद्यावित्तस्य प्राप्तये।

नष्ट धन लाभ प्रयोग– उपरोक्त मन्त्र का जप विद्या और धन की प्राप्ति के लिए नित्य करना चाहिए।

अथ वृश्चिकमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ मं किणि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

वृश्चिक प्रयोग– इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करने (झाड़ने) पर बिच्छू का विष दूर हो जाता है।।

अथ सर्वविषापहरणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हुं हुं हं सः हं सं सोहं सोहं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इति सर्वविषापहरणमन्त्रेण मयूरपिच्छेन कुशेन शरेण शरदण्डेन वा तद्देहे सम्मार्जनं कुर्यात्।

सर्वविषहरण प्रयोग– ये सर्वविष हरण मन्त्र है। मोर पंख, कुश अथवा सरकण्डों से उपरोक्त मन्त्र के द्वारा शरीर पर सम्मार्जन करना चाहिए।

अथ विषहरण मन्त्रः–

अथ मन्त्रः– हं हां हिं हीं हुं हूं हें हैं हों हौं हं हः छः छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं गोक्षीरसदृशं वारं वारं विचिन्तयेद्वा वराननमुखे शिरसि शरीरे ततः कण्ठे ततो हृदि नाभिमण्डले गुप्ते तथा सर्वाङ्गे चिन्तयेत्तथा पूरकेण वरारोहे कण्ठदंष्टोऽपि जीवति।

विषहरण प्रयोग– उपरोक्त मन्त्र का बार-बार जप करते हुए गो दुग्ध के समान श्रेष्ठ मुख, सिर तथा शरीर पर ध्यान करें। फिर कण्ठ पर तत्पश्चात् हृदय, नाभिमण्डल गुह्य प्रदेश तथा सर्वांग का चिन्तन करे इसके पश्चात् प्राणायाम की पूरक क्रिया करते हुए जंघा प्रदेश का चिन्तन करें तो इस प्रकार से कण्ठ और दन्तबद्ध (विष के कारण) व्यक्ति भी जीवित हो जाता है।

अथ विघ्नहरणज्वरविलोपनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ गं गणपतये महागणपतये विघ्नहराय मतङ्गसम्भवाय लम्बोदराय गौरीप्रिये पुत्राय ह्रीं गां नमः रं हं क्षः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

गोरोचनाविषराजिकापिप्पलीनीचयवैर्महातैलेन सह देवदत्तैश्च लक्षितानालिखेत, निम्बकाष्ठेन प्रतिकृतिं हुत्वा पृष्ठतो लिखेत्सद्यो ज्वरविलोपो भवति शान्तिर्भवति।

इति श्रीशिव-पार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वरमहातन्त्रे द्वादशः पटलः।।

विघ्नहरण तथा ज्वर विलोपन प्रयोग– गोरोचन, विष, राई, पिप्पली,

इन्द्र जौ को सरसों के तेल में मिलाकर देवदत्त नाम से लक्षित एक मूर्ति बनायें। तत्पश्चात् जप पूजन आदि के उपरान्त नीम की लकड़ी से मूर्ति के पृष्ठ भाग में उपरोक्त मंन्त्र लिखे और नीम की समिधाओं से मूर्ति का हवन करें तो शीघ्र ज्वर नष्ट हो जाता है और शान्ति मिलती है।

इति श्री शिव पार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में द्वादश पटल पूर्ण हुआ।।

त्रयोदशः पटलः

अथ भोजनप्राप्तिमन्त्रः–

इमं मन्त्रं प्रथममयुतमेकं जपेत् पश्चान्मनसा संस्मरेत्। वनमध्येऽपि भोजनं प्राप्नोति।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं विद्यास्तम्भिनि स्तम्भिनि छः छः स्वाहा। इति मन्त्रः।।

अथ भोजन प्राप्ति प्रयोग– इस मन्त्र का दस हजार जप करें। इसके बाद वन के मध्य में भी इस मन्त्र का स्मरण करने से भोजन की प्राप्ति होती है।

अथ स्त्रीपुरुषयोरिभिषेकविधानम्–

अनेन मन्त्रेणाभिषेकार्थं सहस्रवारजप्तं कलशं कारयेत्। तन्मध्ये पञ्चरत्नं निधाय श्वेतवस्त्रेण वेष्टयेत्, नाना फलसुसंपूर्णं नानारत्नोपशोभितं तद्द्वारकगृहवासं कलशं धृत्वा रात्रौ स्त्रिया सह श्मशाने वनस्पतौ वा एकवृक्षे वा सरस्तटे समुद्रगामिन्यां नद्यां वा चतुष्पथे वा गच्छेत्। ततश्च कलशं नीत्वा स्त्री वन्ध्या वा मृतवत्सा वा दुर्भगा वा काकवन्ध्या वा भङ्गा सर्वजनप्रिया भवति, पीडिताम् उद्वर्तयेत्। प्रियङ्गुः कुङ्कुमं गोरोचना नागकेसरो दूर्वा हरिद्रे द्वे सिद्धार्थकद्वयं वचा पुनर्नवाऽपामार्गोऽर्कश्चित्रकं शाल्मली लक्षमणा तालमूली शतावरी वन्ध्याकर्टकी वलाक्षी मृगपिप्पली तथा चिराणि सुपत्राण्युशीरं घृतं मधु तथा पलाशपुष्पपत्राणि अम्बरविल्वपत्राण्यश्वगन्धादीनि सुगन्धद्रव्याणि सर्वाणि सर्वे साध्यविशेषतः, अन्यदुद्वर्तयेद् गात्रं शिरोलेपनो यः पुनःकलशं प्रक्षिप्य स्नापयेत् लभस्त्रियम्, सदोद्वर्तनवस्त्रं

त्यक्त्वाऽपरवस्त्रपरिधानं कुर्यात् भद्रासने व्यवस्थित.....कुर्याद् द्वारि निःक्षिप्य कुम्भस्थितं, या स्त्रीणां मध्ये समाकर्षति यन्त्रम् ततस्तां सम्मुखस्त्रियमर्चयेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रौं नमो भगवते महारुद्राय उड्डामरेश्वराय हुं हुं छं छं द्रीं द्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

स्त्री-पुरुषों के अभिषेक का विधान– इस मन्त्र से अभिषेकार्थ एक हजार मन्त्र का जप करें फिर कलश का निर्माण करें। उस कलश के मध्य पञ्च रत्नों को डालकर सफेद वस्त्र से कलश को बाध दें। अनेक फलों से पूर्ण अनेक रत्नों से सुशोभित घर के द्वार पर कलश को रखकर रात्रि में स्त्री के साथ श्मशान में पेड़ पर या सरोवर के तट पर अकेले स्थित वृक्ष पर या समुद्रगामी नदी पर या चौराहे पर जाना चाहिए। इस कलश को लेकर वन्ध्या स्त्री या मृतवत्सा (जिसका पुत्र मर गया हो) यादुर्भगा अथवा काक बन्ध्या अथवा अंगविहीन स्त्री भी सर्वजनप्रिया हो जाती है। पीड़िता को अधोलिखित वस्तुओं का उबटन लगाना चाहिए। प्रियंगु, केशर, गोरोचन, नागकेशर, दुर्वा, हल्दी, दारुहल्दी, पीली सरसों, सफेद सरसों, वच, पुनर्नवा, लटजीरा, मदार, चित्रक, सेमल, श्वेत कटेरी, ताल मूली, शतावरी, वाँक्ष ककोड़ी, बला, थूहर, गजपीपल, पुराना खस, पुराना घृत, शहद, पलाश के पत्र और फूल, कपास के बीज, बेलपत्र, असगन्ध तथा सभी सुगन्धित द्रव्य आदि लेकर 'साध्य' इनका उबटन लगायें। शरीर तथा सिर पर लेपन करके पुनः कलश का जल डालकर स्नान करें। इससे स्त्री के बन्ध्यादि दोष दूर होते हैं और शुभ स्त्रीत्व की प्राप्ति होती है। सदा उबटन लगे वस्त्रों को त्याग करके दूसरे वस्त्र धारण करना चाहिए। भद्रासन पर बैठकर..... करना चाहिए। (यह अंश पाण्डुलिपि में स्पष्ट न होने के कारण अर्थ स्पष्ट नहीं है) घड़े में स्थित जलादि को द्वार पर छिड़क करके, स्त्रियों के मध्य में यन्त्र जिस स्त्री को आकर्षित करे उस स्त्री को सामने बैठाकर उसका पूजन करना चाहिए।

वस्त्रालङ्कारसिन्दूरसुगन्धिकुसुमादिभिः।
गृहेऽर्चां कारयेद् देवं शिवं देव्या सहार्चयेत्।।१।।

वस्त्र, आभूषण, सिन्दूर, सुगन्ध, पुष्प आदि से घर में पूजन कराना चाहिए। देवी-पार्वती तथा महादेव शिव की पूजा करनी चाहिए।।१।।

दक्षिणां स पुमान् दद्यात् श्वेतां गां वत्ससंयुताम्।
अथ स्नानफलं वक्ष्ये यथोक्तं त्रिपुरारिणा।।२।।

पुरुष को चाहिए कि वह श्वेत गाय के साथ उसके पुत्र (बछड़े) का दान करे। शिव के कथनानुसार स्नान का फल कह रहा हूँ।।२।।

पुत्रार्थी लभते पुत्रं धनार्थी लभते धनम्।
शान्त्यर्थी शान्तिमाप्नोति दुर्भगा सुभगा भवेत्।।३।।

इस स्नान से पुत्रार्थी पुत्र की प्राप्ति करता है, धनार्थी धन की प्राप्ति करता है। शान्ति की चाह रखने वाला शान्ति प्राप्त करता है और दुर्भगा स्त्री सुभगा हो जाती है।।३।।

भ्रष्टराज्यस्तथा राजा राज्यं प्राप्नोति निश्चितम्।
अभार्यो लभते भार्यां सुखर्थी सुखमाप्नुयात्।।४।।

भ्रष्ट राज्य वाला राजा राज्य को निश्चित रूप से प्राप्त कर लेता है। पत्नी रति पुरुष पत्नी प्राप्त कर लेता है और सुख की इच्छा रखने वाला सुख को प्राप्त होता है।।४।।

अथ निपातीकरणमन्त्रः–

श्मशाने गत्वा उलूककपोतकाञ्जीराणामतिसत्वरं स्तन्यं गृहीत्वा जपेत्सप्ताहेन।

अथ मन्त्रः– हुं अमुकं हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

निपातीकरण मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र को श्मशान में जाकर उल्लू कबूतर और कांजीर पक्षियों का ताजा दूध लेकर एक सप्ताह तक मन्त्र जप करें तो निपातीकरण होता है। मन्त्र में अमुक के स्थान पर साध्य का नाम लेना चाहिए।।

अनेन मन्त्रेण भानुवृक्षसमीपे स्थित्वाऽयुतैकं जपेत् ततः कटुतैलेन दशांशेन हवनं कुर्यात् निपातीकरणं भवति।

अथ मन्त्रः– हुं अमुकं फट् फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इस मन्त्र को मदार वृक्ष के समीप बैठकर दस हजार जप करें फिर इसके बाद सरसों के तेल से दशांश हवन करना चाहिए। ऐसा करने से निपातीकरण होता है। मन्त्र में अमुक के स्थान पर साध्य का नाम लें।

अथ वृष्टिकारकमन्त्रः–

इति मन्त्रः पूर्वमयुतं जप्त्वाऽनावृष्टिकाले जपेन्महावृष्टिर्भवति।

अथ मन्त्रः– ॐ ॐ ॐ।। इति मन्त्रः।।

वृष्टिकारक मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र को पहले दस हजार जप करें। फिर अनावृष्टि के समय जप करने से महावृष्टि होती है।

अथ सर्वकालिकफलप्राप्तिमन्त्रः–

इमं मन्त्रं पूर्वमयुतं जप्त्वा तद्दशांशं पलाशसमिद्भिर्हवनं कुर्यात् घृतं हुनेत् ततः सर्वकालिकं फलं लभेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ ह्री वरदे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

सर्वकालिक फल प्राप्ति प्रयोग– इस मन्त्र को प्रथम दस हजार जप करें फिर पलाश की समिधाओं से घृत सहित एक हजार हवन करें तो सर्वकालिक फल प्राप्ति होती है।

अथ महेन्द्रज्वरावेशमन्त्रः–

इमं मन्त्रं पूर्वमयुतं जप्त्वा खादिरसमिधो रुधिरेण लिप्त्वा तद्दशांश हुनेत् यस्य नाम्ना स सहस्रैकेन महेन्द्रज्वरेण गृह्यते अयुतहवनेन निपातनम्, तथानेनैव मन्त्रेणाऽपामार्गसमिधो हुनेत् अयुतसङ्ख्यकाः त्रिमधुयुताः ततो विभीषणादयो राक्षसा वरदा भवन्ति।

अथ मन्त्रः– हुं हुं हुं नं नं नं अमुकं हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

महेन्द्र ज्वरावेश प्रयोग– इस मन्त्र का पहले दस हजार जप करें। तत्पश्चात् कत्थे की समिधाओं को रक्त में लिप्त करके दशांश हवन करें। जिस किसी के नाम से हवन किया जाय वह महेन्द्र ज्वर से पीड़ित हो जाता है और दस हजार हवन करने से निपातीकरण हो जाता है। यदि इसी मन्त्र से अपामार्ग की समिधायें हवन में प्रयुक्त किया जाय तो विभीषण आदि राक्षस वरदान देते हैं।

अथ ज्वरग्रहणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हूं वां वीं वूं वैं वौं वं वः ॐ हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अथ ज्वर ग्रहण मन्त्र– इस मन्त्र का जप और हवन जिसके नाम से किया जाता है। वह ज्वर से ग्रस्त हो जाता है।

अथ वृष्टिकारकमन्त्रः–

अनेन मन्त्रेण त्रिमधुयुक्तमुदुम्बरं पूर्वमयुतं जप्त्वा सहस्रैकं होमयेदनावृष्टिकाले महावृष्टिं करोति।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं क्षिलि किलि फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं पूर्वमयुतं जप्त्वा त्रिमधुयुता विल्वसमिधो हुनेत् ततः समस्तजनपदाः किङ्करा भवन्ति।

अथ जनपदवशीकरण मन्त्रः– ॐ द्रां द्रीं द्रूं द्रैं द्रौं हः ॐ स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

जनपद वशीकरण मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र का पहले दस हजार जप करें तत्पश्चात् त्रिमधु से युक्त वेल की समिधाओं का एक हजार हवन करें तो समस्त जनपद दासवत् हो जाता है।।

अथ रोगशान्तिमन्त्रः–

इमं मन्त्रं पूर्वमयुतं जप्त्वा तद्दशांशं दर्भसमिधो घृतक्षीरयुक्ता हुनेदयुतहोमतः सर्वरोगप्रशान्तिर्भवति।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं ॐ द्रीं हुं ॐ स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

रोगशान्ति मन्त्र प्रयोग– इस मन्त्र से पहले दस हजार जप करना चाहिए फिर जप का दशांश कुश की समिधाओं को घी और दूध से युक्त करके हवन करना चाहिए। ऐसा करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। पुनः दस हजार मन्त्र से हवन करने पर सर्वरोग शान्त हो जाते हैं।

अथ राज्ञीवशीकरणमन्त्रः–

इमं मन्त्रं पूर्वमयुतं जुहुयात् तद्दशांशं न्यग्रोधसमिधो मधुयुक्ता हुनेत्, सहस्रमात्रहोमेन महाराजपत्नी वशगा भवति, अन्यलोकस्त्रीणां तु का कथा।

अथ मन्त्रः– ॐ क्लीं अमुकीं खे खे स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

राज्ञी वशीकरण प्रयोग– इस मन्त्र से पहले दस हजार हवन करें, फिर उसका दशांश बरगद की समिधाओं को शहद से युक्त करके हवन करें। मात्र एक हजार होम करने से महाराजा की पत्नी भी वश में हो जाती है तो अन्य स्त्रियों का कहना ही क्या?

विविधकर्मसिद्धिमन्त्रः–

अनेन मन्त्रेण रक्त करवीरं क्षौद्रेण संयुक्तं हुनेत् वशकामो, लवणं हुनेत् स्त्रियमाकर्षयति। पूर्वसंयुक्तं प्रेमकामः सिन्दूरं हुनेत् पुरक्षोभो भवति, तुषकरटं हुनेदभिचारकर्म भवति, महामांसं घृतसंयुक्तं हुनेन्महा-धनपतिर्भवेत्।

अथ मन्त्रः– ॐ द्रीं गोमुखि गोमुखि सहस्रसुताला भीमभोगपिशितभूमौ आगच्छतु स्वाहा। इति मन्त्रः।।

विविध कर्मसिद्धि प्रयोग– इस मन्त्र से लाल कनेर के पुष्पों को शहद में संयुक्त करके हवन करें तो वशीकरण होता है। नमक (लवण) से हवन करें तो स्त्री आकर्षित होती है। प्रेम की कामना करने वाला शहद और सिन्दूर से हवन करे तो ग्रामक्षुब्ध होता है। भूसी और कौवे के पंख से हवन करे तो अभिचार कार्म सिद्ध होते हैं और जो कोई साधक इस मन्त्र से महिष का मांस घृत के साथ हवन करे तो महा धनपति होता है।।

अथ विविधलाभमन्त्रः–

अनेन मन्त्रेण श्री फलसयुक्तं घृतं हुनेत्, शतहोमेन प्रज्ञा भवति, सहस्रेण गोलाभो भवति लक्षेण ग्राम सहस्रलाभो भवति, सपादलक्षेण भ्रष्टराज्यं राजा प्राप्नोति।

अथ मन्त्रः– ॐ नमो भगवते रुद्राय उड्डामरेश्वराय हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

विविध लाभ प्रयोग– इस मन्त्र से वेल से युक्त घृत का एक सौ हवन करें तो बुद्धि प्राप्त होती है। सहस्र हवन करने से गायों का लाभ होता है। एक लाख हवन करने पर एक हजार ग्रामों की प्राप्ति होती है और भ्रष्ट राज्य वाला राजा सवा लाख हवन करे तो पुनः राज्य की प्राप्ति कर लेता है।

अथोन्मत्तीकरणमन्त्रः–

अनेन मन्त्रेण काकमांसं कुक्कुट बीजं कटुतैलेन हुनेत् सहस्रैकेन द्रीं कारान्तं नाम सञ्जप्य यस्य नाम्ना जपेत् स चोन्मत्तो भवति, सहस्रैकेन तण्डुलहोमेन स्वस्थो भवति।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं द्रीं हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

उन्मत्तीकरण प्रयोग– इस मन्त्र से कौवे का मांस और मुर्गी के

अण्डों को सम्मिलित करके सरसों के तेल में मिलाकर एक हजार हवन करें और मन्त्र में "द्रीं" कार के अन्त में जिसका नाम ग्रहण करें तो वह उन्मत्त हो जाता है और इसी मन्त्र से चावलों के द्वारा एक हजार बार हवन करें तो वह व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है।

अथ विविधकार्यसिद्धिमन्त्रः–

अनेन मन्त्रेण जपः कार्यः सप्तवारजप्तेन देहशुद्धिर्भवति, शतजप्तेन सर्वतीर्थस्नानफलं भवति, सहस्रेण धीवृद्धिः, अयुतेन सहस्रग्रन्थकर्ता महान कविर्भवति, एकलक्षेण श्रुतिधरो भवति, द्विलक्षेण समस्तशास्त्रज्ञो भवति, त्रिलक्षेणातीतानागतवर्तमानज्ञो भवति, चतुर्लक्षेण ग्रहपतिर्भवति, प्रंचलक्षेण वेदवेदान्तपुराणस्मृतिविशेषज्ञो भवति, षट्लक्षैवज्रतन्तुर्भवति, सप्तलक्षैर्नदी शोषयति, हरिहरब्रह्मादिषु सख्यं भवति।

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं श्रीं क्षं क्लीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

विविध कार्य सिद्धि प्रयोग– इस मन्त्र से सात बार जप करने से देह शुद्धि होती है, सौ बार जप करने से सभी तीर्थों के स्नान का फल होता है। एक हजार बार जप करने से बुद्धि की वृद्धि होती है। दस हजार जप से हजारों ग्रन्थों का रचयिता और महान कवि होता है। एक लाख जप से वेदों को कंठस्थ करने वाला श्रुति धर होता है और दो लाख जप करने वाला सभी शास्त्रों का ज्ञाता बन जाता है, तीन लाख जप से भूत, भविष्य, वर्तमान का ज्ञाता हो जाता है। चार लाख जप से ग्रहपति बन जाता है। पाँच लाख जप से वेद, वेदान्त, पुराण और स्मृतियों आदि विशेषज्ञ हो जाता है। छः लाख जप करने से शरीर के तन्तु वज्र के समान हो जाते हैं और सात लाख जप करने से पुरुष में नदी को शोख लेने की शक्ति आ जाती है तथा ब्रह्मा, विष्णु महेश आदि देवता उसके सखा हो जाते हैं।

नो चेत्, वज्रोक्तेन विधिना जपेत् तदा संस्कृतोऽयं दर्शकेन वा महर्षिणा शतेन समो भवति, सहस्रेण सन्तापरहितो भवति, पुनरप्ययुतेन पुरक्षोभको भवति, तृतीयेन सप्तपातालं क्षोभयति, चतुर्थेन स्वर्गं क्षोभयति, पञ्चमेनोर्ध्वगान्, सप्तलोकान् क्षोभयति, षड्गुणेन त्रैलोक्यं क्षोभयति, सप्तमेन द्विपदचतुष्पदादिप्राणिमात्रं क्षोभयति, अष्टमेन स्थावरजङ्गममाकर्षयति, नवमेन स्वयमेव सर्वलोकेषु नारदवदनावृतगतिर्भवति, दशलक्षेण कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुं क्षमो भवति।

इसके अतिरिक्त बज्रोक्त विधि (मद्य मांस मैथुनादि-वाम मार्गी) से सौ बार जप करने से साधक, सुसंस्कृत होता हुआ महर्षियों के समान त्रिकालदर्शी हो जाता है। सहस्र जप से साधक संताप रहित हो जाता है। पुनः दस हजार जप से पुर को क्षुभित करने वाला होता है। तीन लाख जप से साधक सप्त पातालों को क्षुब्ध कर देता है। चार लाख जप से स्वर्ग को क्षुब्ध कर देता है। पाँच लाख जप से ऊपर के सात लोकों को क्षुभित कर देता है। छः लाख जप करने पर त्रैलोकय को मोहित कर लेता है। सात लाख जप करने पर दो पैरो वाले मनुष्यादि और चार पैरों वाले प्राणी क्षुब्ध हो जाते हैं। आठ लाख जप से साधक स्थावर और जंगम संसार को आकर्षित करने की सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है। नौ लाख जप कर लेने पर साधक नारद के समान सभी लाकों में विचरण कर सकता है तथा दस लाख जप पूर्ण होने पर साधक असाध्य कार्यो को करने और न करने तथा विपरीत करने पर समर्थ हो जाता है।

पुनरप्यमृतक्षेपणविधिना जपेत्, सकृदपि नरः श्वेतकरवीरकुसुम-त्रिमधुयुक्तामाहुतिं दद्यात् सर्वजनप्रियो भवति, अशोकपुष्पाणि सघृतं हुनेत्, शोकरहितो भवति, भ्रष्टराज्यप्राप्तिकामः श्रीफलहोमं कुर्याद्, भ्रष्टराज्यं प्राप्नोति, आज्ययुक्तपद्मपुष्पाणि अथवा कुमुदनीपुष्पाणि होमयेत्। निपातकामः कटुतैलयुक्तं मयूरमांसं हुनेत् कूटेन मरणं भवति। पूगीफलं कटुतैलं लौहचूर्णं च हुनेत् समस्तदेहे विस्फोटका भवन्ति। क्षीरिपत्रविल्वपत्रहोमेन शान्तिर्भवति। तिलसमिधः सकटुतैला हुनेत् तेन विद्वेषणं भवति। धत्तूरचूर्णे सास्थिचूर्णे सकटुतैललौहचूर्णे च हुते शीघ्रं शत्रुनाशो भवति। महिषमांसं सघृतं हुनेत् मनोऽभीष्टं सर्व भवति।

इति श्रीशिवपार्वतीसंवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर महातन्त्रे त्रयोदशः पटलः।।

पुनः उपरोक्त मन्त्र को अमृतक्षेपण विधि से जप करे अर्थात् जप करने के उपरान्त आवश्यक विशिष्ट द्रव्यों से हवन करे तो अमृतक्षेपण विधि होती है। यदि मनुष्य श्वेत कनेर के फलों को त्रिमधु (शहद, गुड़, मदिरा) से युक्त करके एक बार भी हवन करे तो सर्वजन प्रिय होता है। अशोक के पुष्पों को घृत से युक्त करके हवन करे तो व्यक्ति शोक रहित हो जाता है। भ्रष्ट राज्य की प्राप्ति की इच्छा वाला साधक वेल के फलों से हवन करे तो भ्रष्ट राज्य को प्राप्त कर लेता है। भ्रष्ट राज्य की प्राप्ति के लिए घृतयुक्त कमल अथवा कुमुदिनी के पुष्पों से भी हवन करना चाहिए। शत्रु का निपातीकरण करने की इच्छा वाले व्यक्ति को सरसों के तेल और मयूर मांस का हवन करना चाहिए। कूठ और

सरसों के तेल के हवन से शत्रु का मरण होता है। सुपारी लौहचूर्ण को कड़ुवे तेल में मिलाकर हवन करने से शत्रु के शरीर में विस्फोट होता है। खिरनी अथवा गुलर के पत्र और बेल पत्र के साथ हवन करने से शान्ति होती है। तिल की समिधाओं को कड़ुवे तेल से युक्त करके हवन करने से विद्वेषण होता है। कड़ुवे तेल के साथ धत्तूर चूर्ण और लौह चूर्ण को साथ मिलाकर हवन करने से शत्रु का नाश होता है। घृत के साथ महिष का मांस का हवन करें तो सभी मनोकामनायें पूर्ण होती हैं।

इति श्रीशिवपार्वती संवाद रूप में वीर भद्रेश्वर तन्त्र से उद्धृत उड्डामरेश्वर महातन्त्र में त्रयोदश पटल पूर्ण।।

चतुर्दशः पटलः

अथ योषिद्वशीकारमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– क्लीं कामातुरे काममेखले विषयिणि वररति भगवति अमुकं मे वशं कुरु वशं कुरु क्लीं नमः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण भोजनकाले सप्तग्रासान् सप्तवाराभिमन्त्रितान् भुञ्जीत। सप्तमे दिवसे स्त्री वा पुरुषो वा वशीभवति स्वं च ददाति।

स्त्रीवशीकरण विधान– भोजन करते समय पहले सात ग्रासो को एक-एक करके प्रत्येक ग्रास को मन्त्र से अभिमन्त्रित करके खाये, ऐसा सात दिनों तक करें। सातवें दिन स्त्री हो या पुरुष अवश्य वशीभूत हो जायगा और स्वयं का समर्पण कर देगा।

अथ शत्रुनाशमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हुं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं त्रिसन्ध्यं जपेत्, शत्रुनाशो भवति।

शत्रुनाश विधान– इस मन्त्र को तीनो सन्ध्याओं में जपने से शत्रु का नाश होता है।

अथ कङ्कालीवरदानमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– क्लीं कालि कालि महाकालि कोले किन्या स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इमं मन्त्रं पूर्वमयुतं जप्त्वा सन्ध्याकाले सहस्रैकं होमयेत्। ततः कङ्काली वरदा भवति सुवर्णचतुष्टयं प्रत्यहं ददाति।

विधान– इस मन्त्र का पहले दस हजार जप करें फिर सन्ध्या के समय एक हजार हवन करें तो काली वरदा होती है और चार स्वर्णमुद्रायें प्रतिदिन प्रदान करती है।

अथाकर्षणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ द्रां द्रीं द्रूं द्रैं द्रौं द्रः हुं नमः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण पूर्वमयुतं जप्त्वा केवलमाज्यं हुनेत् अस्मादाकर्षणं भवति।

विधान– इस मन्त्र का पहले दस हजार जप करें फिर केवल घृत का हवन करें तो इससे आकर्षण होता है। मन्त्र में हुं के स्थान के प्रथम अमुक व्यक्ति का नाम लेना चाहिए।

अथापराकर्षणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ द्रौं द्रौं द्रीं द्रीं हुं नमः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण पूर्वविधिना जप्त्वार्द्धमासादाकर्षणं भवति।

विधान– इस मन्त्र को पूर्वलिखित विधान से जप करें तो पन्द्रह दिनों में आकर्षण होता है।

अथ खड्गभेदमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हूं ॐ हूं हूं हीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इति पूर्वखड्गभेदः।

विधान– इस मन्त्र का सवा लाख जप करने पर और दशांश हवन करने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है। फिर युद्ध में मन्त्र का जप करने पर शत्रु की तलवार टूट जाती है।

अथ सर्वसञ्जीविनीमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हुं द्रीं द्रं द्रौं द्रः हुं हुं।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण सर्वज्वरनाशनं भवति।

विधान– इस मन्त्र से दस हज़ार जप करना चाहिए और इसका दशांश हवन करने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है। तत्पश्चात् जिसके नाम से इस मन्त्र का जप किया जाय इसका ज्वर और अन्य रोग शान्त हो जाते हैं।

अथ सर्वजनवशीकरणमन्त्रः–

अथ मंन्त्रः– द्रीं हंसिनि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण सर्वजनवशीकरणम्।

विधान– इस मन्त्र का दस हजार जप और इसका दशांश हवन

करना चाहिए। तत्पश्चात् इस मन्त्र से अभिमन्त्रित पान आदि जिसे खिलाये वही वशीभूत होता है।

अथ विद्याधरत्वप्राप्तिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं नमः ह्रीं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इमं मन्त्रं साध्यनाम्नाऽयुतं जपेत् शवाशनस्थितो हृदयं न प्रकाशयेत्.....अमुकीं तां संङ्गृह्य गुटिकां कृत्वा मुखे प्रक्षिप्य विद्यारत्वं भवति।

विधान– इस मन्त्र को साध्य के नाम से युक्त करके दस हजार मन्त्र जप करें। शवासन (मृत मनुष्य की तरह लेट कर) पर स्थित होकर साधक हृदय को प्रकाशित न करे (अमुकी...) नाम..... उसको संग्रहण करके गुटिका करके मुख में डालकर मनुष्य विद्याधरत्व की प्राप्ति करता है (यह मन्त्र पाण्डुलिपि में कटी होने के कारण पूर्ण नहीं है)।

अथ पादुकासिद्धिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं हुं नमः।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इमं मन्त्रं पूर्वविधिना जपेत् पादुकासिद्धिर्भवति।

विधान– इस मन्त्र का दस हजार जप शवासन पर स्थित होकर करें तो पादुका सिद्धि होती है।

अथ वेतालसिद्धिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ क्षं क्षं ह्रीं हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं पूर्वक्रमेण जपेद् वेतालसिद्धिर्भवति।

विधान– इस मन्त्र को पूर्व विधान अनुसार करना चाहिए। ऐसा करने पर वेताल सिद्धि प्राप्त होती है।

अथ अदृश्यकरणाञ्जनसिद्धिमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण नरकपालं गृहीत्वा तस्मिन्नरतैलं दत्वा तस्मिन् वायसचक्षुः संवर्द्धिनीं वृत्तिकां प्रज्वालयेत्, कृष्णपक्षामावास्यायां शनिवारेऽन्धकूपे श्मशाने वा शून्यायतने वा कज्जलं पातयितव्यम्, तावत्कालं

पूर्वोक्तं मन्त्रं जपेत् यावता कालेन वर्तिशेषं प्रज्वलति, अवसाने प्रभूतवलिदानं कर्त्तव्यं तत्र वलिस्तम्भमादाय तेन सिद्धाञ्जनेनाञ्जितनयनः सुरासुरैरपि न दृश्यतेऽन्यलोकस्य का कथा।

विधान– इस मन्त्र से मनुष्य की खोपड़ी ग्रहण करके उसमें मनुष्य की चर्बी डालकर कौवे की आँख को रुई में लिप्त करके बत्ती बनाकर उसे जलावे। यह प्रयोग कृष्ण पक्ष अमावस्या में जब शनिवार हो तब किसी अन्धे कुअें, श्मशान या शून्य भवन में करें। वहाँ इस दीपक को जलाकर कज्जल बनाना चाहिए। जब तक सम्पूर्ण बत्ती न जल जाय तब तक मन्त्र जप करते रहना चाहिए। समाप्ति में अत्यधिक बलिदान करना चाहिए। बलि के स्तम्भ के काष्ठ से सलाका बनाकर इससे इस अंजन को नेत्रों में आँजने से वह साधक देवता और राक्षसों के द्वारा भी देखा नहीं जा सकता तो अन्य लोगों की बात ही क्या?

अथ शङ्खिनीविद्यामन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः ह्रीं ह्रीं।। इति मन्त्रः।।

विधान– इस मन्त्र से दस हजार जप करें तथा जप का दशांश हवन करें। यह शंखिनी विद्या मन्त्र है। इस मन्त्र से वाच्छित कार्यों की सिद्धि होती है।

अथ पुष्पाञ्जलिवेधमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं हुं।। इति मन्त्रः।।

यह पुष्पांजलि वेध मन्त्र है।

अथ हुङ्कारवेधमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– हुं हुं।। इति मन्त्रः।।

यह हुंकार वेध मन्त्र है।

अथालयवेधमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं हुं।। इति मन्त्रः।।

यह गृह वेध मन्त्र है।

अथ शिवावेध मन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ह्रां।। इति मन्त्रः।।

यह शिवा वेध मन्त्र है।

अथ भ्रामरावर्त्तासङ्घट्टवेधमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ह्रीं। इति मन्त्रः।।

यह भ्रामरावर्त्ता सङ्घट्ट वेध मन्त्र है।

अथ मारणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं हुं छः छः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– लौहत्रिशूलं कृत्वा रुधिरेण विषं पिष्ट्वा तेन त्रिशूलं लिप्त्वाऽयुतेनाभिमंत्रितं कृत्वा यस्य नाम्ना भूमौ निखनेत् तस्य शीघ्रं मृत्युर्भवति।

विधान– लौह का त्रिशूल बनाकर, मनुष्य का रक्त और विष मिलाकर उससे त्रिशूल को लिप्त करके दस हजार मन्त्र से त्रिशूल को अभिमन्त्रित करके जिसके नाम से भूमि पर गाड़ दिया जाय तो शीघ्र ही उसकी मृत्यु हो जाती है।

अथ शत्रुवशङ्करीमहाविद्या–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रींकारि हूंकारि कपालिसमावेधं बन्धुं नपुसकं महाशयेऽभयङ्करि अमराख्यं कुरु कुरु ज्वरं हन हन आक्रोशात्कोलाहलं परां शक्त्याकर्षिणी सर्वशक्तिप्रसङ्गिनीं शान्तिके हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इमां महाविद्यां शत्रुवशङ्करीं मनसा स्मरेत् स सर्वत्र निर्भयो भवति।

विधान– इस शत्रु को वश करने वाली महाविद्या का मन में स्मरण मात्र से मनुष्य सर्वत्र निर्भय हो जाता है।

अथ विषनाशनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ॐ ॐ हं हं हं हं सां सां सां सां।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं जपित्वा स्थावरजङ्गमविषनाशनं भवति।

विधान– इस मन्त्र का जप करने से स्थावर जंगम विष का नाश होता है।

अथोच्चाटनप्रयोगः–

अथ मन्त्रः– ॐ अस्थि यस्थिं विद्रा निद्रा सन्नि विद्या रा टं टीं द्रीं समासं महं टीं छं छं। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मंत्रेण काकपक्षं सहस्रैकं हुनेद् यस्य नाम्ना तमुच्चाटयति।

विधान– इस मन्त्र के द्वारा काक (कौआ) के पंखों से जिसके नाम से हवन किया जायेगा उसी व्यक्ति का उच्चाटन हो जायेगा।

अथ कवित्वप्राप्तिप्रयोगः–

अथ मन्त्रः– स्त्रीं हं।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेणायुते जप्ते सति कवित्वविद्या भवति, स्त्रीमणिशकुनविद्यां हि सञ्जपेत् झटिति कवित्वं करोति।

विधान– इस मन्त्र का सात बार जप करने पर कवित्व-विद्या की प्राप्ति होती है। यह स्त्रीमणिशकुन विद्या है। इसका निरन्तर जप करने से शीघ्र कविता करने की शक्ति आती है।

अथ कवित्वमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– हं ऐं हं हं ऐं वद वद वाग्वादिनि स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इमं मन्त्रं सप्तवारं जप्त्वाधिकाधिकं कवित्वं च करोति।

विधान– इस मन्त्र का दस हजार जप करें तो यह मन्त्र अधिक से अधिक कवित्व शक्ति देता है।

अथ कवित्वप्रदो मन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ हं छं छं छं ऐं नमः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

सहस्रजपादधिकाधिकं कवित्वदोऽयं मन्त्रः।

विधान– इस मन्त्र का हजार जप करेन से अधिकाधिक कवित्व शक्ति प्राप्त होती है।

अथ वाणीस्तम्भनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ कं खं गं घं चं छं छं। इति मन्त्रः।।

अविलम्बं वक्तुः स्तम्भयति वाचम् आलोकनात्।

विधान– इस मन्त्र का सवा लाख जप करें इससे यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक यदि वक्ता के सामने जप करे तो वक्ता की वाणी का स्तम्भन हो जाता है। ऐसा साधक के देखने मात्र से हो जाता है।

अथ वाक्स्तम्भिनी विद्या–

अथ मन्त्रः– हुं हुं हुं हुं खं खं खं खं छः छः।। इति मन्त्रः।।

वाचां स्तम्भिनी वायुसञ्जीवनी विद्या।

विधान– यह वायु संजीवनी तथा वाणी स्तम्भिनी विद्या है। इसमें मन्त्र का सवा लाख जप करने से यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर प्रयोगों को करना चाहिए।

अथालोकवेध मन्त्रः–

अथ मन्त्रः– द्रीं।। इति मन्त्रः।।

इत्यालोकवेधः परोक्षवेधः।

यह आलोकवेध परोक्षवेध मन्त्र है।

अथ सर्ववेधमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ह्रीं।। इति मन्त्रः।।

यह सर्ववेधनमन्त्र है।

अथ विस्फोटकसञ्जीवनी विद्या–

अथ मन्त्रः– द्रं द्रौं द्रौं द्रौं द्रं अमुकं भेजि भेजि ह्रीं छं छं छं।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इति विस्फोटकसञ्जीवनी अवलोकनात् कार्यसिद्धिकरी।

विधान– यह विस्फोटक संजीवनी विद्या है। इस मन्त्र का दस हजार जप करने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र सिद्ध होने पर देखने मात्र से

कार्यसिद्ध कर देने वाली विद्या है।

अथ सर्वभूतमारणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ द्रां द्रीं पूर्वराक्षसान्नाशय सर्वाणि भञ्जय सन्तुष्टा मोहय महास्वने हुं हुं फट् स्वाहा।

विधान– इस मन्त्र का पाँच हजार जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन्त्र सिद्ध होने पर भूत आदि से पीड़ित व्यक्ति को अभिमन्त्रित करने से भूतादि का मारण होता है।

अथ सर्वशान्तिकरी विद्या–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं सः द्रां छः छः छः।। इति मन्त्रः।।

दूर्वाक्षीरहोमेन सर्वशान्तिकरी विद्या।

विधान– इस मन्त्र के द्वारा दूब और खीर का एक हजार हवन करने से सर्व दोषादि की शान्ति होती है।

अथ कूटोत्सादमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– हुं पञ्चाण्डं चाण्डं द्रीं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण मनुष्यास्थिकीलकं सप्ताङ्गुलं सहस्रधाभिमंन्त्रितं यस्य गेहे निखनेत् तस्य कूलमुत्सादितं भवति, उद्धृते सति पुनः स्वास्थ्यं भवति।

विधान– मनुष्य की हड्डी की सात अंगुल कील को इस मन्त्र से हजार बार अभिमन्त्रित करके जिसके घर में गाड़ दिया जाय तो उसका परिवार उद्विग्न हो जाता है। कील को उखाड़ लेने पर पुनः स्वस्थ हो जाता है।

अथ शत्रुनिपातीकरणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– हुं क्षं अमुकं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अनेन मन्त्रेण पेचकपक्षिमांसं कटुतैलेन संयुतं होमयेत्, सहस्रहोमेन शत्रुं निपातयति।

विधान– इस मन्त्र से उल्लू पक्षी के मांस को कड़ुवे तेल के साथ

सहस्र बार होम करने से शत्रु का निपातीकरण होता है। मन्त्र में अमुक के स्थान पर शत्रु का नाम लें।

अथ त्रैलोक्यविजया विद्या–

अथ मन्त्रः– ॐ श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं धुं धुं हं हः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

इयं हि त्रैलोक्यविजया नाम्नी विद्या। मनसा स्मरेत्सर्वकामप्रदोऽयं मन्त्रः।

यह त्रैलोक्य विजया विद्या है। इस मन्त्र का मन में स्मरण मात्र से सर्व कार्य सिद्ध हो जाते हैं।

अथ कर्णपिशाचिनीविधानम्–

अथ मन्त्रः– ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं विश्वरूपिणि पिशाचिनि भूतभविष्यादिकं वद वद मे कर्णे कथय कथय हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इमं मन्त्रं शुक्लप्रतिपदमारभ्य पूर्णिमापर्यन्तं संस्त्रैकं त्रिसन्ध्यं जपेत्, प्रत्यहं पूतं जलं सघृतं भक्तपिण्डं हर्म्योपरि रात्रौ दद्यात्, त्रैलोक्ये यादृशी तादृशी वार्ता साधकस्य कर्णे भूतभविष्यादिकं च कथयति।

विधान– इस अनुष्ठान को शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ करके पूर्णिमा तक तीनों सन्ध्याओं में एक-एक हजार मन्त्र का जप करें। प्रतिदिन रात्रि में गृह के ऊपर पवित्र जल, घृत युक्त भात के पिण्डों की बलि देना चाहिए। ऐसा करने पर कर्णपिशाचिनी त्रैलोक्य में होने वाली वार्ता को साधक के कान में कहती है। भूत भविष्य आदि की वार्ता सभी कुछ देवी साधक के कान में कहती है।

अथ समस्तविषनाशनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ रं रां सं सां लं लां हं हः सं सः खं खः तं तः धं सं स्फुं स्फः ह्रीं हुं हुं हुं क्षीं क्षीं क्षौं सौं सःछं छः धं सः स्फुं स्फः ह्रीं हुं हुं हुं क्षीं क्षीं क्षौ सं फं फः हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अयं समस्तविषनाशनमन्त्रः।

यह समस्त विषनाश करने वाला मन्त्र है। इस मन्त्र को हजार बार जप करें तथा जप का दशांश हवन करें तो मन्त्र सिद्ध हो जाता है। विष से ग्रषित व्यक्ति को मन्त्र से अभिमन्त्रित जल पिलाने से वह विष से मुक्त हो जाता है।

अथाकर्षणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– सचराचरे ॐ सचराचरे ॐ हुं हुं हं हं हं हं हं हं हं हं हं हं हं क्ष क्ष क्षः हं सः ॐ सं हुं ह्रीं सर्वेश विष्णुबलेन शङ्करदर्पेण वायुवेगेन रवितेजसा चन्द्रकान्त्या वैरं बाणशूर्पणं सर्वं विषहरं वद सर्वरक्षांसि हि नाशय नाशय भञ्जय भञ्जय सर्वदुष्टान् मोहय मोहय देव हुं फट् स्वाहा हुं फट् स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– इमं मन्त्रमष्टोत्तरसहस्रं शतं वा जप्त्वा सप्तमे दिवसे सिद्धिसमाकर्षणं भवति।

विधान– इस मन्त्र को एक सौ आठ बार अथवा एक हजार आठ बार जपे तो सात दिनों में ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है।

अथ कूटोत्सादनमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं अमुकं छः छः।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण मानुष्यास्थिमयं कीलकमेकादशांगुलं सहस्रेणाभिमन्त्रितं यस्य गृहे निखनेत् तस्य कूटं चोत्सादितं भवति, उद्धृते पुनः स्वास्थं भवति।

विधान– मनुष्य की हड्डी की ग्यारह अंगुल की कील लेकर उसे सहस्र मन्त्र से अभिमन्त्रित करें। तत्पश्चात् उस कील को जिसके घर में गाड़ दें उसका परिवार उदिग्न हो जाता है। निकाल देन पर पुनः स्वस्थ्य हो जाता है।

अथ देहनिपातनमन्त्रः

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं काल कङ्काल महाकाल करालवदन अमुकं गृह्य त्रिशूलेन भिन्द्धि भिन्द्धि खड्गेन छिन्द्धि छिन्द्धि हुं फट् छःछः स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण विभीतककाष्ठकीलकमेक-

विशंत्यङ्गुलं सहस्रेणाभिमन्त्रितं यस्य गृहद्वारे निखन्यते तस्य सद्यो देहनिपातनं भवति।

विधान– बहेड़े की इक्कीस अंगुल माप की कील लेकर इस मन्त्र से हजार बार अभिमन्त्रित करके जिसके घर अथवा द्वार पर गाड़ दे तो शीघ्र ही उसकी देह का निपातन हो जाता है।

अथ वशीकरणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं हुं अमुकं छः छः।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण सिद्धिकाष्ठमयं कीलकं नवाङ्गुल-सहस्रेणाभिमन्त्रितं यस्य गृहे निखन्यते स वश्यो भवति।

विधान– इस मन्त्र से हजार बार अभिमन्त्रित सिद्धि की लकड़ी की नौ अंगुल की कील जिसके घर में गाड़े तो वह वशीभूत होता है।

अथ वशीकाराकर्षणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं मातङ्गिनि ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण राजिकां लवणधृतमिश्रितां यस्य नाम्ना सहस्रैकं होमयेत् तां स्त्रियं पुरुषं वा वशयत्याकर्षणं च करोति।

विधान– राई, नमक तथा घृत मिश्रित करके इस मन्त्र के द्वारा जिसके नाम से हवन करे, वह स्त्री अथवा पुरुष वश्य हो जाता है और उसका आकर्षण अवश्य होता है।

अथ अन्धीकरणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं हूं छः छः।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण वाडवकाष्ठमयं कीलकं त्रयोदशाङ्गुलं सहस्रेणाभिमन्त्रितं यस्य गृहे निखनेत् स चक्षुर्भ्यामन्धो भवति।

विधान– वाडव काष्ठ की तेरह अंगुल की कील लेकर इस मन्त्र से सहस्र बार अभिमन्त्रित करके जिस किसी के घर में गाड़ दिया जाय तो वह नेत्रों से अन्धा हो जाता है।

अथ प्रेतकरणमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ छः छः छः।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण विल्वकाष्ठस्य कीलकं दशाङ्गुलं सहस्रेणाभिमन्त्रितं यस्य गृहे निखनेत् सपरिवारस्य तस्य प्रेतत्वं भवति।

विधान– बेल की लकड़ी की दश अंगुल की कील लेकर इस मन्त्र से सहस्र बार अभिमन्त्रित करके जिस किसी के घर में गाड़ दिया जाय तो वह व्यक्ति सपरिवार प्रेत ग्रस्त हो जाता है।

अथ कन्यालाभमन्त्रः–

अथ मन्त्रः– ॐ ह्रीं अमुकीं मे प्रयच्छ स्वाहा।। इति मन्त्रः।।

अस्य विधानम्– अनेन मन्त्रेण पाटलाकाष्ठामयं पञ्चागुलं कीलकं सहस्रेणाभिमन्त्रितं यस्य नाम्ना देवतायतने निखनेत् स शीघ्रं कन्यां लभते।

इति श्रीशिवपार्वती संवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वरमहातन्त्रे चतुर्दशः पटलः।।

विधान– पाढर की लकड़ी की पाँच अंगुल की कील लेकर इस मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित करके जिसके नाम से देवी मन्दिर में गाड़ दे वह शीघ्र अपनी कन्या का विवाह साधक से कर देता है। मन्त्र में अमुकीं के स्थान पर मनचाही कन्या का नाम लेना चाहिए।

इति श्रीशिव-पार्वती संवाद रूप में वीरभद्रेश्वर तन्त्रोद्धृत
उड्डामरेश्वर महातन्त्र में चतुर्दश पटल पूर्ण।।

पञ्चदशः पटलः

अथ सर्पोच्चाटनमन्त्रम्–

षट्कोणं यन्त्रं लिखित्वा तत्र षट्कोणे "कुरुकुल्ले स्वाहा"। इति मन्त्रं पूर्वकोणे लिखेत्। 'कुरु' इत्यक्षरद्वयमपरकोणे लिखेत्। अक्षरैकं पूर्वावर्तक्रमेण लेखितव्यम्। ततो भूर्जपत्रे इमं मन्त्रं लिखित्वा गृहद्वारे देहल्या एकदेशे धृते सति गृहसर्पमुच्चाटयति, विवरद्वारि धृतं विवरस्थो नश्यत्येव।

सर्पोच्चाटन यन्त्र– षट्कोण यन्त्र लिखकर उस षट्कोण में "ॐ कुरु कुल्ले स्वाहा।"

इस मन्त्र को पूर्व कोण में लिखे। "कुरु" इन दो अक्षरों को दूसरे कोण में लिखे। फिर मन्त्र के एक-एक अक्षर पूर्वावर्त क्रम से प्रत्येक कोण में लिखना चाहिए। तत्पश्चात् भोजपत्र पर इस मन्त्र को लिखकर घर के द्वार की देहली में एक स्थान पर बाँध दें तो घर के सर्प उच्चाटित हो जाते हैं। सर्प के विवर द्वार (बिल जहाँ सर्प रहते हैं) पर रखने पर सर्प विवर में ही नष्ट हो जाते हैं।

अथसर्पोच्चाटनयन्त्र



अथ शुभ्रीकरणयोगः–

रक्तकरवीरपुष्पमाम्रपत्रभस्मना लिप्तं तत्क्षणादेव शुभ्रं भवति तथा गन्धकधूपेनापि भावितेन शुक्तिर्भवति। लोके हयमार इत्याख्यस्य रक्तकरवीरस्य पुष्पं तूलवर्तिकागन्धकेन सह संयोज्य तत्क्षणादेव ज्वलति तथा टङ्कणहरिद्राभ्यां कृते लेपे कुङ्कुमकान्तिर्भवति।

शुभ्रीकरण योग– लाल कनेर के फूल और आम के पत्तों की भस्म

(राख) को मिलाकर देह में लगाने से शरीर तत्क्षण शुभ्र वर्ण का हो जाता है और यदि इस लेपन के साथ गन्धक की धूप से शरीर को धूपित किया जाय तो शरीर सीप जैसी कान्ति वाला हो जाता है। संसार में 'हयमार' के नाम से विख्यात लाल कनेर के पुष्प को गन्धक के साथ मिलाकर रुई की बत्ती में डालकर जलाने से तत्क्षण जलने लगता है तथा लाल कनेर के पुष्पों को टङ्कण और हल्दी के साथ लेप करने से शरीर केशर जैसी कान्ति वाला होता है।

अथ करवीरोत्पत्तियोगः–

पुराणशुष्कगोमयं यदा जले पातयेत्तदा भीमोष्मणा बुदबुदमुत्पद्यते एवं गौरं तु भूम्युपरि भूतलं स्पृष्ट्वा रक्तकरवीरवृक्षो जायते इति। रुपके ताम्रे भ्रमर इव कुम्भे समर्पयेत् किञ्चिदनुयोगित्वेन मनोऽनुरागो भवति ताम्बूलरागतः, नश्यति हरिद्रारागो रविकिरणात्।

करवीर उत्पत्ति योग– पुराना सूखा गोबर जब जल में गिराया जाता है तो भीषण उष्मा के कारण उसमें बुलबुले निकलते हैं, इसी प्रकार विशुद्ध भूमि का स्पर्श करके भूमि पर लाल कनेर का वृक्ष उत्पन्न होता है। लाल कनेर के पुष्पों को भ्रमर की आकृति में बने हुए चांदी या ताँबे के पात्र में रखें तत्पश्चात् पान के रस के साथ प्रयोग करने से मन को प्रसन्नता होती है मन में अनुराग होता है। सूर्य की किरणों से हल्दी का रंग नष्ट हो जाता है।

अथ क्षीरसम्पादनयोगः–

ॐ हुं सति कुरुरुपक्षिशब्दतः (कुरलकुङ्कुमेन इति प्रसिद्धः) क्रोंच इत्यपि तस्य नाम जिह्व क्रीं कृतं, वामकरतलमध्यलग्नपरिलेपं दर्शयित्वा उदितविश्वधाराभस्मना पुनरपि करतललग्नात् प्रदर्श्य गत्याश्चर्यमते शिशुदुग्धभावितात् शोधयित्वा गवादिदुग्धं चोष्णं कांस्यपात्रे कृत्वा तीक्ष्णतरं धृत्वा तण्डुलनिक्षेपणेन क्षीरं भवति।

क्षीरसम्पादन योग– "ॐ हुं" को कुरर पक्षी के समान स्वर को निकालते हुए मन्त्र को पढ़े (कुरर का नाम कुरल कुंकुम भी है) क्रौञ्च के बीज पीसकर बायीं हथेली पर लेप करें। उस लेपित करतल को दिखाते हुए "क्रीं" का उच्चारण जिह्व से करते रहें। फिर उगी हुई विधारा की भस्म का उसी करतल पर लेप करे। आश्चर्य उत्पन्न करने वाले शिंशुमार के दूध से करतल के लेप को भावित करें। फिर उसी हाथ से गाय आदि के गर्म दूध को शोधित करें। फिर कांसे के पात्र में दूध रखकर चलाते हुए चावलों के निक्षेपण से खीर

बन जाती है।

अथ वार्ताकपाकयोगः–

भूर्जपत्रपुटकं तिलतैलेन दीपयित्वा विविधभक्ष्यान्नं साधयेत् यथा लौहभाजने साध्यते। वार्ताकरञ्जिकापलमिति तत् सूत्रेण वेष्टयित्वा दीपयित्वा च ज्वालयेत् तेनाविसूत्रेण वेष्टिते च सूत्रं सन्दह्यते वार्ताकश्च पच्यते।

बैंगन पाक योग– भोजपत्र के पुटक को तिल के तेल में भावित करें फिर उसी तेल की ज्वाला में पुटक को सेक दें। जिस प्रकार लौह के पात्र में भोजन आदि बनाये जाते हैं, उसी प्रकार भोज पत्र के पुटक में भोजन आदि पकाये जा सकते हैं। बैंगन को भोज पत्र के पुटक में लपेट दें तथा चारों ओर से धागे से बाँध दें फिर अग्नि की लौ से जला दें धागे से बधा हुआ बैंगन पक जाता है और धागा आदि जल जाता है।

अथ चौरज्ञानयोगः–

आदिपंक्तौ सप्तस्वरान् संलिख्य तदधः पंक्तौ कादिसप्तवर्गान् संलिख्य, तदधः पंक्तौ हरिद्रादिक्रमेणालेखनीया तत्र स्वरवर्णयोजनेन सङ्कोचनादक्षरकोष्ठादिसंस्पर्शनात् सञ्जायते। वहुषु मध्येषु दत्तसञ्ज्ञा-कृतसङ्केतश्चौरः स्वदृष्टिमपि सप्तसप्तस्वरादौ जानाति। व्यापारमध्ये क्षणरसिकश्चौरो ज्ञायते कुतो भद्रद्रव्ये।

कुत्रापि धत्तूरकबीजं क्षिप्त्वा तद्वा भक्षति तद्गुणादिफलं लभ्यते "असौ चौरः" इति। स्वल्पचरचौरास्तु वस्तुलाभे प्रदातारः। क्षीर्यकादिवृक्षदुग्धेन संलिखितं चौरनामक्षरं करतलेऽपि लिखितमनन्तरं भूर्जपत्रेकृतिमपि चारिगृहगर्भमृत्तिका काण्डकं भवति। जले साधुनाम, पत्रयुक्तमृत्तिका च जले मज्जति ततः स्पृष्ट्वा क्रियते "असौ चौरः" इति। क्षीरतरुदुग्धलिखित-क्षुद्रलेखेऽगारचूर्णेन मर्दिताः स्पष्टा भवन्ति।

अथ मसीकरणयोगः–

कूटोऽपि विपरीतलिखितवर्ण आदर्शादौ प्रतिकृतिभावापन्नो वर्णवैपरीत्यात् प्रति विर्वाद्वतन्यासोऽतिदृढा मसी भवति। निम्बतालके समताम्रभाजने याममात्रमर्दितेन विधिरस्तु समभागता यथा आमलकीहरीतकीविभीतकनिम्बखादिराणां नीराख्याराज-करवीररसैः समस्त-

रसकज्जलमुक्तमर्दनप्रकारेण याममात्रेण प्रत्येकं येन प्रकारेण मसिद्रव्यं जायते।

अथ विविधकौतुकयोगाः–

शिरीषवृक्षत्वक्चूर्णं खदिरं विना ताम्बूलरां जनयति। तिर्यग्भूमौ नारिकेलिफलमस्थिसहितं मुखेन कर्णिकायामेकेन प्रहारेण द्विधा भवति। लघुकाष्ठसूक्ष्मरचितपादुकां विना पादैकं वा भ्रमति। गुञ्जाफलास्थिलिप्तं स्तम्भितं तदुत्तरपादं प्रयोज्य प्रपदात्यन्तं भ्रमति, तदा पादतले तालकारलग्नोत्तिष्ठति। एवं लघुकाष्ठनिर्मितासमकः पापपुरहासार्थं दत्तमुखवेष्टं किञ्चित् यस्तेन सितवस्त्रादौ कट्यां लग्नमुपतिष्ठमानस्तिष्ठति।

एवं निविडाम्बरपिहितजम्ब्वादौ अधोमुख कांस्यभाजननिहितमङ्गारं न दहति वस्त्रं, दहति चापि। शिशिरजलमिश्रितमपि आनतफलचूर्ण-भावितकलशस्तीक्ष्णञ्च कास्यभाजननिहितगुरु (ड्डना) प्यशक्तं न भवति। तदानीं तिक्तं याति यच्छुक्तं मिष्टमेति, कज्जलचविकाचूर्णाभ्यां क्रमसंलिखितपुस्तकमध्यकारणेऽपि यथेष्टया पच्यते-यथा कटाहे रम्यतरे मधुनाग्निप्रज्वलिते सकुण्डादौ जलपूर्णेऽधोमुखे उज्ज्वलं स्वयमेति, धूमाभ्यां स्वयमुद्गिरति वर्त्तिद्वये शशविष्ठापूर्णगर्भे कमठैरधोवर्तिविष्ठायितापि उपरि ज्वलज्ज्वालाज्वलितवर्त्तिज्वालामपि ज्वलितधूममङ्गारतीक्ष्णशिख्या नाडिकादो। वालिवातेऽयं प्रयोगः कार्यः।

वामकरांगुलिपर्यन्तं गोपितं सूत्रचिह्नमप्यचिह्नं च दृश्यते जनस्य विषमसमाक्षरेण वीक्षिते कालः असममपि पुरुषं जानीयात्। पञ्चदाडिमे शिखरे मसिगुणिते यद्धि भवति तावद् गुटिके विजानीयात्। अकालवक्रे सति कालमथ फलचूर्णेन मिलित्वा भस्मना सह धृतेन काञ्चिका सहसा भवति।

अगाध-स्थिर-जले धूमचूर्णेन लिखितचित्रादि भीतवद् भाषते न निमज्जतीति। समदसधृतजधृतसमावेशार्ध-घृतमूसलं तिष्ठति।

अथ लक्ष्यबेधयोगः–

पुष्पनक्षत्रे कुङ्कुमावर्तितेन वाणेन दूरस्थमपि लक्ष्यं बालोऽपि विध्यते षण्डं गोभयानां वर्त्तिदीपकान्त्या दग्धं मध्ये हतशशरुधिरं दृश्यते तत्रापि तैलं यत्किञ्चिदिति।

अथ सर्पदर्शनयोगः–

श्वेतार्कफले तूलकं सर्षपसमं तैलेनैकीकृतवर्त्तिकादीपज्वालायां गृहोपरि वंशादिदारु सर्वं सर्प इव दृश्यते।

अथ जलज्वलनयोगः–

भुजगतैले सच्छिद्रभाण्डे भुजङ्गं क्षिप्त्वाऽच्छिद्रभाण्डान्तरे व्यवस्थितमग्निपातेन जलं ज्वलति। तदैव तैलं पूर्वप्रकारेण कृष्णाष्टम्या मण्डूकतैलाङ्कितेन सर्ववशादिसर्पं भवति।

अथ कलशरिक्तीकरणयोगः–

दीपकान्त्या दीपयित्वा यत्किञ्चिच्च कुक्कुटपक्षिचञ्च्वादि-विदग्धनाललक्षिता सती हृता लेखा पदायाति हरकिपालं धृत्वा भवति तदा तज्जलपूर्णं च कलशं रिक्तकं भवति।

अथ मनेरुफलोत्पत्तियोगः–

गर्दभाचाररजस्तथा मरिचशुण्ठीपिप्पलीचूर्णेनोभाभ्यां वामचरणतलं लिप्त्वा तेनाहतो वृक्षः कल्पवृक्षश्च नमेरुफलं प्रसूयते।

अथादृष्टिकरणयोगः–

कृष्णा गौः प्रसवकाले वद्धत्समानवर्णं जरायुरागतत्वेन प्रजारेण्डका फले दृष्ट्वा मुष्टिगृहीते उच्चैस्तमसि फलं प्रायेण कृत्वा प्रदास्यति तथा कालायितमुद्रिका वरगोस्तनी स्यादापतिता गृहीता निक्षिप्ता तु अष्टौ पूर्वफलानि जनयति। समुस्ताहरितालगनः शिलाभ्यां नवनीतादियोगेन कारिताञ्जने मयूरस्य विष्ठया कृत्वा हस्ते लिम्पयेत्, तत्र स्थितं द्रव्यं ब्रह्मापि न पश्यति।

अथ कीटोत्पत्तियोगः–

समुखं फलचूर्णं मिश्रोद्वर्तनकाजले क्षिप्त्वाक्रिमिसहस्रतुल्यं दृश्यते।

अथ कृषिनाशनयोगः–

हयकालीयकस्य शोषितस्य चूर्णं यवशीर्षकेण समद्वर्त्तनेन तात्कालिकं सूक्ष्मजले निःक्षिप्य सबीजं कृषिरुच्चलति।

अथ विविधकुतूहलयोगाः–

अधःपटेनाशस्यावश्यादि दृष्ट्वा पादाग्रस्थितं द्रव्यं दृश्यते। जपाकुसुमोद्वर्तिताङ्गं छुरिकादौ कणाचितैककीटकाफलाख्यायन्त्रिते रुधिरवज्जडितं क्षीरिवृक्षत्वगवभाविता तैलाक्ता वस्त्रवर्तिजलैर्ज्वलति। एवं समुद्रतैलयुक्तापि वर्त्तिका ज्वलति।

द्रोणकपुष्पादीनि क्षुद्रपुष्पाणि चूर्णांगे विनिःक्षिप्य धत्तूरबीजानि जलसिक्तानि सजीवतत् फलन्ति। इक्षुः कुक्कुटीबीजचूर्णे सुदर्शनपत्रमिव तत्क्षणात् ज्ञायते। मसृणकर्पटं निर्मलकांस्यभाजनेऽर्कसम्मुखं स्थापनेन वतुलकयोगादग्निरुत्तरति।

इति श्रीशिवपार्वती संवादे वीरभद्रेश्वरतन्त्रोद्धृते उड्डामरेश्वर-महातन्त्रे पञ्चदशः पटलः।

विशेष– प्रस्तुत ग्रन्थ का पंद्रहवा पटल पूर्णतया अस्पष्ट और भ्रामक है। इसमें भाषा की अस्त-व्यस्तता के कारण कोई भी प्रयोग पूर्ण रुपेण स्पष्ट नहीं है। इसीलिए इसें अनुवादित नहीं किया गया है। कुछ प्रयोगों को अनुवादक ने अनुवादित किया है परन्तु स्वयं सन्तुष्ट न होने के कारण अनुवाद करना स्थगित कर दिया है। अनुवादक का विचार है कि ये सभी साधन, विधान, प्रयोग आदि जनहितार्थ होते है परन्तु इनसे हित तभी हो सकता है जब कि वे पूर्ण और स्पष्ट हों। अपूर्ण और अस्पष्ट प्रयोगों के द्वारा हित की अपेक्षा अहित होने की सम्भावना अधिक रहती है। इसलिए सुधी पाठकगणों से निवेदन है कि वे मेरी सभी त्रुटियों को क्षमा करेंगे।।

श्लोकानुक्रमणिका

अ

अगदोऽयं महामन्त्रो १/६७
अंगदाहेन तीव्रेण २/४५
अजाक्षीरेण दातव्यं ५/७
अथ विद्वेषणं वक्ष्ये १/४४
अथातः संप्रवक्ष्यामि ४/१
अथातः संप्रवक्ष्यामि ६/२
अथान्यत्संप्रवक्ष्यामि १/३१
अथान्यत्संप्रवक्ष्यामि १/३९
अथान्यत्संप्रवक्ष्यामि २/१
अथान्यत्संप्रवक्ष्यामि ९/१
अथालिम्पेत्तु गात्राणि १/६६
अधुना संप्रवक्ष्यामि ८/११
अनुपत्या च या नारी ८/१
अनिवृत्ते निवर्तन्ते १/२४
अनेन क्रियमाणेन २/४७
अन्त्रादिसर्वं निष्कास्य ९/१८
अन्धीकरणं मूकीकरणं १/१४
अन्धी च बन्धीकरणं १२/८
अन्यच्च विविधं कार्यं १/६
अन्यानपि प्रयोगांश्च १२/७
अन्यानपि प्रयोगांश्च १/१३
अन्यानपि महारौद्रान १२/१२
अन्यान् बहुप्रयोगंश्च १/१८
अपुत्रो लभते पुत्रान् ८/७
अभेदेन समुत्सार्यं २/२५
अयुतं जप्तमात्रेण १२/३६
अर्धरात्रे गते देवी ९/४७
अर्धरात्रे गते देवी ९/५४
अर्धरात्रे समुत्थाय ९/५१
अश्वमूत्रेण संयोज्य ५/६
अष्टधिदक सहस्रं तु २/७
अष्टोत्तरशतेनैव २/२१
असन्तुष्टो ह्ययुक्तश्च १२/१९
अस्त्रशस्त्रस्य त्रुटितं १२/९
अस्थिमुद्राधरो लक्षं ९/२२
अस्मिन् शापे पुरुषास्ते १२/१५
अस्या विधानं वक्ष्यामि ९/२

आ

आकर्षणं भुजङ्गानां १/१६
आकर्षति स्त्रियं शंस्तां १२/१९
आकाशगमनं दूरात् ९/४०
आत्मानं धूपयित्वा २/६५
आराधनं महत्तासां ९/६

इ

इमं योगं प्रयुञ्जतो २/२१
ईश्वर श्रोतुमिक्षामि १/२

उ

उलूकस्य जम्बुकस्य २/६०
उड्डीशं च नमकृत्य १/९
उड्डीशं च नमकृत्य १२/४
उड्डीशेन समाकीर्णा १/१
उड्डीशेन चन्दनं चैव २/१२

ए

एकपत्री द्विपत्री च ७/३
एकरात्रोषितो भूत्वा १/५३
एकविंशति घस्रान्तं ९/४९
एकवृक्षतटे नारी ८/२
एकासने शुचौ देशे ९/४५
एतदुन्मत्तकरं चूर्णं २/३३
एतद्रूपं भवेत्तस्य २/११
एतस्य शमनं कुर्यात् २/४१
एतानि शोषयित्वा तु १/५९
एतानि समभागानि १/५६

एतानि समभागानि १/६४
एतेषां दुष्टयोगानां १/५२
एतेषां योगमन्त्रोऽयं २/६२
एलां कुष्ठं च लोध्रं च ५/२
एष योगो मया प्रोक्तो ६/१

औ

औषधी परमाश्रेष्ठा ७/१
औषधी सा वुधैः ७/२
औषधैर्मन्त्रजापैश्च १/८

क

कच्छपस्य मयूराणां १/६२
कथितं चैव रुद्रेण १/६२
कदम्बाधो जपेन्मन्त्रं ९/४१
कनकस्य तु बीजानि २/६६
कन्यया पेषयेच्चैव १/६९
कपिकच्छपरोमाणि २/९
कपिकच्छपरोमाणि २/१५
कपिला गोमयेनाथ ८/४
कपोतविष्ठा सिन्धूत्थ ५/१७
करवीरकाष्ठाग्नौ २/३६
कर्षयेत्प्रमदां नृणां ११/११

काकजङ्घा शिलापक्षौ ९/१६
काकस्य पक्षौ संङ्गृह्य ३/१
कामातुरेण चित्तेन १०/१
कार्त्तवीर्याजुनो नाम १२/३८
कार्यस्तम्भं सुरेशान १/५
कुङ्कुमेन समालिख्य ९/५२
कुमारीत्वचाङ्गलेपेन २/५६
कुमुदं हरितालं च ११/१
कुर्याद् दशांशतोमन्त्री ९/८
कुलत्थं विल्वपत्रं च ५/३
कृष्ठामृता चातिविषा २/५९
कृत्वा देवीं सहस्रं च ९/५३
कृत्वा मधुघृताक्तं च २/३१
कृष्णधत्तूरपञ्चाङ्गं २/५१
कृष्णाष्टम्यां चतुर्दश्यां १/२८

ख

क्षारञ्चापि समादाय १/३७
खरवाहनसिंहस्य ९/२६

ग

गजहस्तप्रयोगोऽयं ५/११
गजानां वाजिनां चैव १२/१०
गर्दभस्यात्मकरणं १/१७
गुग्गुलं प्रददेद् धूपं १/३०
गुप्ता गुप्ततराः कार्याः १/१९
गुप्ता गुप्ततराः कार्याः १२/१३
गुहान्तः स्थाऽधरे मास ९/३२
गृहगोधासमायुक्ता २/४०
गोरोचनं च सम्भाव्य ९/१०
गृध्रास्थि शत्रुविष्ठां १/४९
ग्रामे चतुर्णां च पथा २/३३
ग्रामे वा नगरे वापि २/२६
ग्रामोच्चाटनं पञ्चमं १/१२-१२/६

घ

घनसारं सततज्वं ५/१८
घृताक्तैर्होमयेन्मन्त्री ९/२६
घृतेनसह वा पीत्वा २/३५

च

चक्षुर्हानिं महेशान १/४
चतुरस्रं चतुष्कोणं ८/५
चतुर्मासोषितो भूत्वा २/६
चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रं १०/३
चतुर्लक्षमिमं मन्त्रं ९/२७
चतुष्पथस्थितो लक्षं ९/३४
चिञ्चावृक्षतले मन्त्रं ९/१५
चिताकाष्ठानलं कृत्वा २/२४
चिताङ्गारेण तन्नाम्ना १/२७
चूर्णीकृतैस्तच्चूर्णं ३/११

छ

छेदयेत्तीव्रशस्त्रेण २/३०

ज

जपेन्मासत्रयं मन्त्रं १०/२
जलजीवं तु सङ्गृह्य २/४४
जलदोषप्रशमनं १/१५
जीवितं मरणं चैव ६/३
ज्वराभिभूता जायन्ते १२/३७

ड

डिम्बस्यानीयपञ्चाङ्गं ११/४
डुण्डुभस्य शिरोग्राह्यं २/४

त

तगरं पिप्पलामूलं ९/८
ततो मार्जारमूत्रेण १/४६
ततः स प्रहरार्धेन १/३४
ततः सिद्धा भवेद्देवि ९/१६
ततः सिध्यन्ति मन्त्राणि २/६४
ततः संस्नापयेदेनं १/३८
तत्क्षणा देव नयति ९/५
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन १/७१
तस्य भक्षणमात्रेण ३/६
तस्य रूपं प्रवक्ष्यामि २/१०
तालीसकुष्ठनागरैः ९/१३
तेन पश्येन्नरोऽदृश्यो ९/२८
तेन भक्षितमात्रेण ९/२३
तेन सिद्धो भवेन्मन्त्रः १२/३५
तेनाञ्जितो नरोऽदृश्यं ९/५९
तेनैव लिप्तमात्रेण ५/१४
तैलयोजित मात्रेण ५/९
त्रिपथस्थो जपेन्मन्त्रं ९/१३
त्रिपथस्थो वटाधःस्थः ९/२९
त्रिभिर्मासैस्तु देवेशि ९/२५
त्रिसन्ध्यं वलिदानं च १०/५

द

दक्षिणां स पुमम् दधात् १३/२
दत्तमात्रेण तेनैव ३/४
ददाति पादुकां तस्मै ९/३७
ददाति प्रत्यहं तस्मै ९/५०
दधिमधुनवनीतं २/५८
दशाहं स्थापयेद्र १/६५
दाडिमं पञ्चकोलं च ११/१२
दातव्यं भक्तियुक्ताय १/७२
दिने दिने सहस्रैकं ९/६१
दिनैकविंशतिर्यावत् ९/५६
दुग्धस्नातनामाक्षराणि १/३५
दूरीकृतं पुनर्भस्म २/२७
देवकन्यां त्रिभिर् ९/२३
देवि यो द्विजो मन्त्रै १२/३
देवः शिवभवेद्यत्र ८/३
द्रीं वन्धूकपुष्पसङ्काशं ९/२१
द्वादशारं लिखेच्चक्रं ९/४४
ध्यात्वा तु मासमेकं तु ९/३६

न

नटी देवी समागत्य ९/४८
नदीतीर स्थितो लक्ष ५/१३
नदीतीरे शुभे रम्ये १/३३
नरस्य लेपयेद् गात्रं ५/१२
नाम संलिख्य प्रकृतौ १/३२
निजवज्जायते साङ्गं १/२६
निम्बकाष्ठाकृतिंकृत्वा ३/५
निम्बकाष्ठं समादाय ९/५७
निर्यासैः शाल सम्भूतैः १/५७
निशार्द्धेवाच्छितं कार्यं २/३
नृकपालं समूत्रं च २/५६
न्यासकर्म ततः कृत्वा २/३
न्यासकर्म प्रकुर्वीत २/५

प

पञ्चविंशतिदीनारान् ९/६५
पत्रे पत्रे लिखेद्बीजं ११/९

पद्ममूलस्य चूर्णं तु २/४६
पातयेदञ्जनं तस्य ९/१४
पाययित्वाविष्कृतं तु ३/१०
पारावतं तथा गुञ्जा ११/७
पिष्ट्वा तेन लिप्त २/६७
पीड्यमानं तपेन्मन्त्रं १/६८
पुण्याशोकतलं गत्वा ९/४२
पुत्रार्थी लभते पुत्रं १३/३
पुनरुच्चटनं वक्ष्ये २/२२
पुरुषं चाथवा नारी २/२५
पुष्पैर्जापैर्दक्षिणादि १२/२५
पुष्पैर्धूपैश्चनैवेद्यैः ९/४६
पूर्वोक्तेन विधानेन २/१८
प्रत्यानयं यदीच्छेत १/२९
प्रथमं भूतकरणम् १/११
प्रथमं भूतकरणम् १२/५
प्रदेशे नगरस्याथ ९/११
प्रयच्छत्यञ्जनं हंसी ९/१२
प्रयोगास्तु प्रयोक्तव्याः १२/१८
प्रातः सहस्रवारं तु १२/२४
प्रातरष्टोत्तरं जप्त्वा १२/२२

ब

बलमायुश्च मे देहि ७/६
ब्रह्मदण्डी चिताभस्म १/५०
ब्रह्मदण्डी समूला च १/४०
ब्रह्मदण्डी समूला च १/४५
ब्रह्मदण्डी सुरामांसी १/४२

भ

भक्षणाच्च भवेदन्धो २/३८
भक्षे पाने प्रदातव्यम् २/३७
भल्लातकेन संयुक्त २/१४
भवेत्सद्यः प्रवक्ता च १२/२६
भावयेत्सप्तरात्रं तु ३/९
भूतवादं प्रवक्ष्यामि ३/२
भोजे पाने प्रदातव्य २/३४
भ्रष्टराज्यस्तथा राजा १३/४

म

मदना यक्षिणी तुष्टा ९/१८
मधुना तिलकं कुर्यात् ९/९
मधूकवृक्षतलेमन्त्रं ९/३१
मध्ये तु पूजयेद् देवं ८/६
मनोहरा प्रमोदा ९/४
मनः शिला प्रिय ११/१३
मन्त्रमाराधयेन्मासं ९/४३
मन्त्रमेतत्प्रयोक्तव्यं १/५४
मन्त्राभिमन्त्रितं कृत्वा ९/१३
मन्त्रायुतं जपेन्मन्त्री ९/२५
मन्त्रेण मृत्तिकां जप्त्वा १२/३६
मन्त्रेणानेन देवेशि १२/२६
मन्त्रेणानेन पूर्वाह्णे १२/३२
मन्त्रेणानेन मन्त्रज्ञः १२/२०
मन्त्रौषधी प्रयोगाश्च ८/८
मम कार्ये कृते सिद्धे ७/६
महाव्रतधरो मन्त्री ९/३९
महाष्टमीदिने यस्तु ९/११
मातुलुङ्गस्य बीजानि ५/८
मानुषाणां विशेषेण ७/४
मालती कुसुमैस्तैलैः ११/३
माहेन्द्री शंखिनी ९/२
माहेन्द्रेण क्षिपेत् तत्र २२०
मांसी चन्दनमुस्ता च ११/२
मुद्रां कृत्वा तदेकान्ते ९/१९
मूलं कनकबीजस्य २/३२
मूलं तु वानरीशृङ्गं ११/५
मूषकस्य तु नेत्रं च २/६९
मोहाय च प्रयोक्तव्यः १/५१
म्रियते सप्तरात्रेण १/६९

य

य उड्डीशक्रियाशक्ति १२/१६
यक्षिणीं पूजयित्वा ९/६०
यत्प्रभावान्तरे सर्वं ९/६२
यथा गन्धं समाघ्राति १/४७
यथैवेन्द्रस्य वज्रं च १/२१
यदीच्छा सिद्धिमात्मानं १४/१७
यद्यत्प्रार्थयते वस्तु १२/३१
याज्यस्य रुद्रसङ्काशं ९/२४
या भोगशेषे कान्तस्य ५/१६
ये चान्ये विघ्न कर्त्तरि ८/९
येन योगित मात्रेण २/२८
येन विज्ञान मात्रेण ५/१०
येन विज्ञान मात्रेण १/३६
येन विज्ञान मात्रेण २/४८
येन संपीत मात्रेण २/३९
येनैव कृत मात्रेण २/१९
यः स्वरेतः समादाय ५/१५

र

रक्ताम्बरधरो मन्त्री ९/३८
रतानां करणं वक्ष्ये १/२५
रत्नत्रयं तदा मौन्यं १०/७
रविवारे श्लोकमिमं ९/२७
रात्रौ रात्रौ जपेन्मन्त्रं १०/६
रोचनां कनकं शम्भुः ५/१९
रोचनां केशरं कन्यां ९/१२

ल

लक्षद्वयं जपेन्मन्त्रं ९/९
लक्षसङ्ख्यं जपेन्मन्त्रं ९/१७
लक्षसङ्ख्यं मनुं जप्त्वा ९/२०
लज्जां मधूकं कव्यं च ९/४
लाङ्गूलं गृहगोधायाः १/५५
लिङ्गसम्पूजनं कृत्वा २/६३
लूतां च सविषां कुर्यात् २/१७

व

वक्ष्ये तु लूताकरणं २/८
वक्ष्ये रुद्रोद्भवातवज्रं १/१०
वचाऽभया लोध्रं २/५५
वशीकरणमुच्चाटनं १/३
वस्त्रालङ्करणं दिव्यं ९/३०
वस्त्रालङ्कारसिन्दूर १३/१
वह्ने शक्तिर्यथा प्रोक्ता १/२२
वातपैत्तिकदलं पुंसो ९/१८
वानेयस्य विडालस्य ९/२८
वास्तकस्य तु निर्यासं ३/७
विचित्र विभ्रमा हंसी ९/१
विचूर्ण्य मधुसर्पिभ्यां २/४२
विदर्भमन्त्रमुख्येन ११/१०
विभ्रमा तोषमायाति ९/१०
विषसुप्तपतित्वेन २/५७
वृषभस्य पुनः शत्रोः २/२९

श

शक्रचापोदये लक्षं ९/२४
शतपत्रवतं यस्तु ९/२५
शत्रुनिर्यासं सङ्गृह्य ३/३
शत्रोद्वरि निखातेन १/४३
शरद् ग्रीष्मवसन्तेषु २/१६
शर्करादुग्धपानेन ३/८
शिलाकिञ्जल्कफलिनी ९/१५
शिवनिर्माल्यं सञ्चूर्णं २/४९
शिवाग्रे तज्जतैलेन ९/२९
शुभ्रं तिलकमाधत्ते ९/७
शृणु त्वं हि वरारोहे १/७
शृणु त्वं हि वरारोहे १२/२
शृणु देवि प्रवक्ष्यामि ५/१
शङ्खपुष्पी ह्यधः पुष्पी २/५३

श्वेतमण्डूकमासं च १/५८

ष

षट्त्रिंशदेता यक्षिण्यः ९/५
षण्मासेन वरारोहे १२/२३

स

सकृदुच्चरिते मन्त्रे ८/१०
सप्तरात्रे स्थिते पात्रे ५/४
सप्त वारं मन्त्रयित्वा २/५०
सप्ताहं जपमात्रेण १२/२८
सप्ताहं मन्त्रविद् ९/६४
समन्त्रं क्षिप्यति १२/३३
सरित्तीरे जपेन्मन्त्रं ९/४१
सर्पकञ्चुकमादाय २/४१
सर्वपापविनिर्मुक्तो १२/३०
सर्वालङ्कारिणां दिव्यां ९/६३
सस्य विनाशनं चैव १२/११
सहस्राष्टमिमं मन्त्रं १०/४
साप्ताहिकं त्रिसन्ध्यां ११/२१
सा भक्षणविधानेन ९/२०
सारमुद्धृत्य संक्षेपाह ९/३
सिताष्टमूलमंञ्जिष्ठा ९/६
सुघण्टां वादयन्मन्त्री ९/१९
सुमेरुं चालयेत् १/२०
सुलोचना सुशोभाढ्या ९/३
सोष्णं वा मुद्गचूर्णं २/४३
सौख्यं ददाति तुष्टा ९/२१
सौभाग्यपिप्पली ११/६
सङ्ग्राह्यमौषधं सिध्यै ७/५
सम्प्राप्य मैथुनं भर्त्ता ५/५
स्कन्दस्य च यथाशक्ति १/२३
स्पर्शाद्विमुक्तिपर्यन्तं ९/५८
स्पृष्टमात्रेण तेनैव १/६०
स्वगृहावस्थितो रक्तैः ९/३३
स्वयं रुद्रेण संप्रोक्तं १/७०
स्वशुक्रेण समायुक्ता २/५४
स्वस्थीकरणं प्रोक्तं १/४८
हिमालयसुता वै हि ६/३
हिंसकस्य च क्षुद्रस्य १२/१४
हृदयं कच्छपस्यैव, २/२
होमे कृते भवेत् सिद्धा ९/३४

RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN (DEEMED UNIVERSITY) UNDER MINISTRY OF H.R.D. GOVT OF INDIA
ACCESSION NO. 27836
DATE 1.1.10



CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

(Under Ministry at Education, Govt. of India)

GURUVAYOOR CAMPUS LIBRARY

Due Date Slip

Title : UDDAMASWARA TANTRAM

Author : UDHAV PRASAD UTHAM

Acc. No. 27838

This book should be returned to the library on or before the date last stamped. Otherwise over-due charges of ₹1/- per book per day will be collected.

Due date of Return	Due date of Return	Due date of Return

CSUGCKL
Q 1
27838
Acc.No: 27838

Bharatiya Vidya Prakashan

Rs.: 200.00

ISBN 81-217-0213-5

9788121702133

Head Office : 1-U.B., Jawahar Nagar, Bungalow Road, Delhi-110007
Ph.: 011-23851570, 23850944 Mob.: 09810910450, 09968334546
Branch Office : Post Box 1108, Kachauri Gali, Varanasi-221001
Ph.: 0542-2392376 Mob.: 09415202477, 09415202478
email : bvpbooks@gmail.com